राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 192
लखनऊ, सोमवार 16 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लम्बित मांगों व बकाये को लेकर कताई मिल के श्रमिकों का फूटा गुस्सा 10

ऊर्जा मंत्री के निरीक्षण के बाद जेई निलंबित 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,720/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,47,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,19,890/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



# बांटने वाली राजनीति ले जाएगी गुलामी की ओर : योगी



- भारत की नींव को कमजोर कर रही जातिवाद की राजनीति : मुख्यमंत्री
- बटेंगे तो कटेंगे का नारा आज की परिस्थितियों में सांस्कृतिक पुनरुद्धार के लिए सबसे बड़ी सीख

**एजेंसी, चित्तौड़गढ़।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति हम सबको फिर से गुलामी की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ का दुर्ग केवल पत्थरों से निर्मित कोई ऐतिहासिक ढांचा नहीं है, बल्कि यह भारत के स्वाभिमान, मर्यादा और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रहरी है। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे राष्ट्रनायकों ने सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया था।

योगी आदित्यनाथ रविवार को जौहर स्मृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह देश कमजोर क्यों हुआ? क्योंकि जातिवाद ने समाज की नींव को दरका दिया, कमजोर कर दिया। यह जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति हम सबको फिर से गुलामी की ओर धकेल रही है। उससे बचने के लिए आज हम सबको एक उस भाव के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा। मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का? ये महाकवि दिनकर की पंक्तियां हैं। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि चित्तौड़गढ़ का दुर्ग केवल पत्थरों से निर्मित कोई ढांचा नहीं, बल्कि यह भारत के स्वाभिमान, अस्मिता और अदम्य जिजीविषा का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में शेखावत ने समाज को एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि बटेंगे तो कटेंगे का नारा आज की परिस्थितियों में सांस्कृतिक पुनरुद्धार के लिए सबसे बड़ी सीख है। मेवाड़ की बलिदानी धरा को नमन करते हुए शेखावत ने कहा कि यह धरती दुनिया के किसी भी तीर्थ से अधिक पवित्र है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने चित्तौड़गढ़ दुर्ग की सुरक्षा और पर्यटन को लेकर महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्ग की मर्यादा और यूनेस्को की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए यहां एक अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर विकसित किया जाएगा, जहां आने वाला हर पर्यटक भारत की श्रेष्ठ परंपराओं और बलिदान के इतिहास को महसूस कर सकेगा।

भक्ति की शक्ति मां मीराबाई की स्मृति में भी एक भव्य एक्सपीरियंस सेंटर बनाया जाएगा, जिसके लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। दुर्ग पर ट्रैफिक की भारी समस्या और नवरात्रि के दौरान होने वाले जाम को देखते हुए, सूरजपोल की तरफ से एक नया वैकल्पिक रास्ता बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इससे दुर्ग पर वन-वे ट्रैफिक की व्यवस्था सुचारू हो सकेगी।

## आदतन गलती दोहराने वाले पेपर केंद्रो को प्रतिबंधित करने की जरुरत

उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (यूपी एसआई) भर्ती परीक्षा में हिंदी अनुभाग के एक प्रश्न के पूछे जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन्स से कहा है कि सभी पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देश दें कि हैबिचुअल ऑफेंडर्स (बार-बार गलती करने वाले) को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में किसी व्यक्ति, जाति, पंथ या सम्प्रदाय की मर्यादा और आस्था के संबंध में अमर्यादित टिप्पणी या संदर्भ नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में पेपर सेटर्स के साथ किए जाने वाले एमओयू (समझौता ज्ञापन) में भी इस विषय को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## नेताजी बोस होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कौन ऐसा भारतीय होगा, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस का स्मरण न करता हो? उन्होंने भी तो आह्वान किया था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। यह नारा केवल बंगाल के लिए नहीं था, पूरे भारत के लिए था, पूरे भारत की आजादी के लिए था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस होते तो भारत का विभाजन नहीं होता, पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका यह आह्वान भारत की अस्मिता के लिए था, भारत की आजादी के लिए था, भारत के नौजवानों के साथ था। आप जाइए ना भारत से बाहर भी, जापान में, सिंगापुर में। भारत के अंदर पोर्ट ब्लेयर में जाइए, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा भारत की आजादी के लिए...म्यांमार में आप जाइए। भारत की आजादी के लिए उनके द्वारा किए गए योगदान का स्मारक आज भी हम सब भारतीयों का आह्वान करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता में टीएमसी-भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प के मामले में नौ लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से पूर्व टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प के मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार देर रात चार लोगों को जबकि आज सुबह पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, झड़पों के संबंध में अबतक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पाकिस्तान के तस्करों से जुड़े छह व्यक्ति हथियारों सहित गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कथित तौर पर पाकिस्तान के तस्करों से जुड़े और सीमा पार से हथियारों एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर पुलिस ने आरोपियों के पास से छह अत्याधुनिक पिस्तौल, 60 कारतूस और 3.51 किलोग्राम हेरोइन भी बरामद की है। पुलिस महानिदेशक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपियों के पाकिस्तान के तस्करों से संबंध थे और वे भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हथियारों एवं नशीले पदार्थों की आपूर्ति में मदद कर रहे थे।

### एयर इंडिया की अबु धाबी, रस अल खैमा, शारजाह की विशेष उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गयी हैं। अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह को जाने वाली विशेष उड़ानों को रद्द किया गया है।

### आज से इकाना स्टेडियम पर अभ्यास करेंगे एलएसजी के खिलाड़ी

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2026) के लिए लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। टीम के प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों का राजधानी लखनऊ में आगमन शुरू हो गया है। सोमवार से खिलाड़ी भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में अभ्यास आरम्भ करेंगे। एलएसजी के वैश्विक क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी और मुख्य प्रशिक्षक जस्टिन लैंगर के निर्देशन में होने वाले इस अभ्यास सत्र में खिलाड़ी आगामी सत्र के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे।

## ईरान का बड़ा बयान

### बिना गारंटी व हर्जाने के युद्ध का अंत संभव नहीं



**एजेंसी, तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि मौजूदा युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। श्री अराघची ने एक प्रमुख अरबी समाचार पत्र अल-अरबी अल-जदीद से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने संघर्ष के दौरान हुए नुकसान के लिए हर्जाने या मुआवजे के भुगतान की मांग भी उठाई है। श्री अराघची ने क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाने का प्रस्ताव भी दिया है जो क्षेत्र में हुए हमलों की बारीकी से जांच कर सके।

ईरानी विदेश मंत्री ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि तेहरान की सैन्य कार्रवाइयां केवल इस क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और हितों तक ही सीमित रही हैं। उन्होंने इस बात का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पड़ोसी देशों के किसी भी नागरिक या आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया है।

श्री अराघची ने आशंका जताई कि अरब देशों के नागरिक ठिकानों पर हुए हमलों के पीछे इजरायल का हाथ हो सकता है, जिसका उद्देश्य ईरान और उसके पड़ोसी अरब देशों के मधुर संबंधों में दरार पैदा करना है।

श्री अराघची ने यह भी सनसनीखेज दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के शाहिद की तरह ही लुकास नामक एक नया ड्रोन बनाया है, जिसका उपयोग अरब देशों में ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के ऊर्जा केंद्रों या तेल सुविधाओं को निशाना बनाया गया, तो तेहरान इसका कड़ा जवाब देगा। ऐसी स्थिति में ईरान इस क्षेत्र में सक्रिय अमेरिकी कंपनियों की ठिकानों पर सीधा हमला करेगा।

## राम मंदिर परिसर के नए नियम जारी

- हथियार और मोबाइल एलाऊ नहीं, सिखों को कृपाण की छूट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में प्रवेश को लेकर नए नियम लागू किए गए हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय के मुताबिक मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते कुछ चीजों पर सख्त पाबंदी रहेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि आने वाले भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो।

श्री राम जन्मभूमि परिसर में मोबाइल फोन लेकर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। अगर कोई व्यक्ति सुरक्षा कर्मियों के साथ आता है तो उन सुरक्षा कर्मियों को भी परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

लाइसेंसी रिवॉल्वर, तलवार या बंदूक जैसे किसी भी प्रकार के हथियार परिसर के भीतर प्रतिबंधित रहेंगे। सिख भाइयों के अधिकारों के अनुसार केवल छोटी कृपाण जिसे कानूनी रूप से धारण किया जाता है, गले में पहनकर लाने की अनुमति होगी। यह छूट केवल सिख समुदाय के लोगों के लिए होगी। 19 मार्च को चौत्र नवरात्रि का पहला दिन है। इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखते हैं और दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचते है। ऐसे श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में व्रत से जुड़ी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। 19 मार्च को चौत्र नवरात्रि का पहला दिन है, जिस दिन कई श्रद्धालु व्रत रख सकते हैं। ऐसे श्रद्धालुओं के लिए परिसर में व्रत से संबंधित खाद्य सामग्री जैसे फल, मखाना, मूंगफली और आलू चिप्स उपलब्ध कराए जाएंगे, जो व्रत के नियमों के अनुसार होंगे। पेयजल की व्यवस्था की जाएगी और शौचालय की सुविधा सभा स्थल के पास उपलब्ध होगी।

# पांच राज्यों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

## छह राज्यों में आठ सीटों पर उपचुनाव भी, नतीजे चार मई को



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

चुनाव आयोग ने रविवार को पांच राज्यों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है। पुडुचेरी, केरल और असम में 09 अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा। वहीं तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल और पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। सभी के नतीजे 0 4 मई को आयेंगे।

असम, पुडुचेरी और केरल की सभी 126, 30 और 140 सीटों पर 16 मार्च को अधिसूचना जारी होगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 24 मार्च को की जाएगी। उम्मीदवार 26 मार्च तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण की 152 सीटो पर 30 मार्च को अधिसूचना जारी होगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 06 अप्रैल है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 07 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 09 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटो पर 02 अप्रैल अधिसूचना जारी होगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 09 अप्रैल है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 10 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 13 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

इसके अलावा आयोग ने आज गोवा की पोंडा, गुजरात की उमरेठ, कर्नाटक की बागलकोट और दावणगेरे साउथ, महाराष्ट्र की राहुरी और बारामती, नगालैंड की कोरिडांग (एसटी) तथा त्रिपुरा की धर्मनगर पर उपचुनाव की घोषणा की है। इन सभी सीटों पर संबंधित विधायकों के निधन के कारण रिक्ति उत्पन्न हुई है, जिसके चलते निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव कराया जाएगा। इनमें से गुजरात और महाराष्ट्र की सीटों पर 23 अप्रैल और बाकी सभी सीटों पर 09 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव आयोग के अनुसार असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में लगभग 17.4 करोड़ मतदाता हैं। कुल 824 विधानसभा क्षेत्र में करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं और लगभग 25 लाख चुनाव कर्मी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 07 मई तमिलनाडु का 10 मई, असम 20 मई और केरल 23 मई को समाप्त होगा। वहीं केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा का कार्यकाल 15 जून तक है।

### बयानों व प्रशासनिक निर्णय पर चुनाव आयोग रखेगा कड़ी नजर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ दिल्ली में आज चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से जुड़ी पत्रकार वार्ता की। इसमें कुमार ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इन सभी जगह पर आदर्श आचार संहिता लग गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग नियम और व्यवस्था के तहत काम करता है और आचार संहिता लगने से पूर्व लिए गए सरकारी फैसलों और राजनीतिक बयानों से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद दिए गए बयानों और प्रशासनिक निर्णय पर चुनाव आयोग कड़ी नजर रखेगा।

## भाजपा की सरकार में एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाएगा : शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री ने विकास, नौकरी व शांति की प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने के लिए भाजपा को वोट देने का किया आह्वान



**एजेंसी, गुवाहाटी।**

भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो), असम प्रदेश के सौजन्य से गुवाहाटी के खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित युवा शक्ति समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए राज्य में घुसपैठियों का संरक्षण करने का आरोप लगाया, साथ ही राज्य के सामूहिक विकास के लिए भाजपा को वोट देने का आह्वान किया। रविवार को राज्य के 1.5 लाख से अधिक युवाओं को गृह मंत्री ने संबोधित करते हुए उपरोक्त आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि असम की युवा शक्ति के इस महासमागम ने राज्य में भाजपा के जनसमर्थन की मजबूत तस्वीर पेश की है। उन्होंने उल्लेख किया कि कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने उन्हें फोन करके युवाओं के सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत की कोई भी राजनीतिक पार्टी इस तरह का विशाल युवा सम्मेलन आयोजित नहीं कर सकी है। उन्होंने असम के युवाओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार के समय लगभग 10,800 हथियारबंद लोगों ने आत्मसमर्पण किया है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में शांति और अनुशासन मजबूत हुआ है। उन्होंने दावा किया कि घुसपैठियों के कब्जे वाली बड़ी मात्रा में भूमि को मुक्त कराया गया है और आने वाले समय में यह अभियान जारी रहेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य में अवैध घुसपैठ को लेकर कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि भाजपा की अगली सरकार में एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। साथ ही उन्होंने कांग्रेस को घुसपैठियों की सरंक्षक करार दिया।

उन्होंने कहा कि संसद में राहुल गांधी कुछ नहीं कह सकते, भागते फिरते हैं और जहां भारत की ताकत देखने के लिए दुनिया से लोग आते हैं, वहां राहुल गांधी विरोध करते हैं।

### पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शुमार पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन और सिफारिशों का सिलसिला रविवार से शुरू हो गया। केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित होने वाले इन पुरस्कारों के लिए नागरिकों से अपनी प्रविष्टियां भेजने का आह्वान किया है। गृह मंत्रालय के अनुसार पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। सन् 1954 में स्थापित ये पुरस्कार प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं।

## एनएचएआई ने वार्षिक फास्टैग के दाम 3000 से बढ़ाकर किये 3075, एक अप्रैल से लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




एनएचएआई ने आगामी वित्त वर्ष के लिए फास्टैग वार्षिक पास के शुल्क को 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दिया है। नए रेट 1 अप्रैल से लागू होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। देश में निजी वाहन मालिकों के बीच फास्टैग वार्षिक पास को तेजी से अपनाया जा रहा है और वर्तमान में इसके 56 लाख से अधिक उपयोगकर्ता हैं। वार्षिक पास को 15 अगस्त 2025 को शुरू किया गया था। प्राधिकरण के अनुसार इसे देशभर के राजमार्ग उपयोगकर्ताओं से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। संशोधित शुल्क राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय द्रुतमार्गों के लगभग 1150 टोल प्लाजा पर लागू होगा। यह सुविधा केवल वैध फास्टैग वाले गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए उपलब्ध है। फास्टैग वार्षिक पास एक बार शुल्क भुगतान करने पर एक वर्ष या 200 टोल प्लाजा पार करने तक मान्य रहता है। इससे बार-बार फास्टैग रिचार्ज कराने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

## तेलंगाना में हाई-प्रोफाइल ड्रग्स पार्टी का खुलासा टीडीपी सांसद सहित 10 लोगों को पुलिस ने पकड़ा



- सांसद समेत 6 लोग पॉजिटिव, फायरिंग से बढ़ा विवाद

**एजेंसी, हैदराबाद।**

तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के मोइनाबाद क्षेत्र में स्थित एक फार्महाउस में कथित तौर पर आयोजित ड्रग्स पार्टी का मामला अब राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में बड़ा विवाद बन गया है। इस पार्टी में उद्योगपतियों, रियल एस्टेट कारोबारियों और राजनीतिक नेताओं की मौजूदगी सामने आने के बाद मामला और भी सनसनीखेज हो गया है। पुलिस जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं, जबकि विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि कुछ प्रभावशाली लोगों को बचाने के लिए राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि मोइनाबाद के अजीजनगर स्थित एक फार्महाउस में ड्रग्स के साथ पार्टी चल रही है। सूचना मिलते ही 'ड्रग लॉ एनफोर्समेंट के लिए एलीट एक्शन ग्रुप' (ईगल) की पांच सदस्यीय टीम ने शनिवार रात करीब 9:30 बजे फार्महाउस पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने फार्महाउस से करीब दो ग्राम कोकीन बरामद की। जांच में यह भी सामने आया कि पार्टी में कुल 11 लोग मौजूद थे, जिनमें से छह लोगों का ड्रग्स टेस्ट पॉजिटिव पाया गया। ईगल टीम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गिरिधर ने रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिन छह लोगों का ड्रग्स टेस्ट पॉजिटिव आया है, उनमें पूर्व विधायक पायलट रोहित रेड्डी, एलुरु के टीडीपी सांसद पुट्टा महेश कुमार यादव, रितेश रेड्डी, नमित, कौशिक रवि और अर्जुन रेड्डी शामिल हैं। जांच के दौरान एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, पार्टी के दौरान राजस्थान के एक पूर्व विधायक ने कथित तौर पर रोहित रेड्डी के भाई की बंदूक से हवा में दो राउंड फायरिंग की। इसी दौरान पुलिस को गोलियों की आवाज सुनाई दी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि बरामद कोकीन कथित तौर पर शिमला से लाई गई थी। जांच एजेंसियां अब ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हैं।

### कश्मीर के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने कल रात घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया और इस ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। कश्मीर क्षेत्र में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की यह पहली कोशिश थी, जिसे शनिवार की रात उरी सेक्टर के बुछार इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली एक विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर नाकाम कर दिया गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि 'डिग्गी 2 उरी' नाम का यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। घात लगाकर आतंकवादी को ललकारा गया, जिसके जवाब में उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने बताया कि मौके से एक राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद सहित युद्ध में इस्तेमाल होने वाला सामान बरामद किया गया है।

**आयोजन** — अयोध्या में एक और ऐतिहासिक उत्सव की तैयारी

## 19 मार्च को राम मंदिर में राष्ट्रपति करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** रामनगरी अयोध्या में एक बार फिर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 19 मार्च को श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना होगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम चैत्र नवरात्र के पहले दिन यानी वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर आयोजित हो रहा है, जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस आयोजन को अत्यंत भव्य बनाने की रूपरेखा तैयार की है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। वर्तमान में इस यंत्र की राजा राम के समक्ष नियमित पूजा-अर्चना चल रही है। दो दिन बाद अर्थात 19 मार्च तक यह यंत्र राम मंदिर के दूसरे तल पर पहुंच जाएगा। इसकी स्थापना के नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुके हैं, जिनमें दक्षिण भारत, काशी और अयोध्या के विद्वान आचार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग सात हजार लोग इस ऐतिहासिक समारोह में मौजूद रहेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मंदिर निर्माण कार्यों में महती भूमिका निभाने वाले भी शामिल होंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सुबह करीब 11 बजे अयोध्या पहुंचेंगी। वे राम मंदिर परिसर में प्रवेश कर श्रीराम यंत्र की पूजन-अर्चना करेंगी। अभिजीत मुहूर्त में ठीक 11:55 बजे यंत्र की स्थापना का मुख्य अनुष्ठान संपन्न होगा। पूजन के बाद वे प्रसाद ग्रहण करेंगी और भोजन के पश्चात वापस रवाना होंगी। यहां पहुंचने पर राष्ट्रपति मुर्मु के पहुंचने पर राज्य की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका स्वागत करेंगे। राष्ट्रपति मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इस पवित्र कार्य में भाग लेंगी। आयोजन को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# लाखों से बना सामुदायिक शौचालय बंद, ग्रामीणों में नाराजगी

**पुरैना बाजार में सुविधा न मिलने से महिलाओं को हो रही परेशानी, मंदिर में आयोजनों के दौरान बढ़ती है दिक्कत**

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड विशेश्वरगंज के पुरैना बाजार में लाखों रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय लंबे समय से बंद पड़ा है। शौचालय बंद होने से स्थानीय लोगों, खासकर महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने इसे जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही बताते हुए जल्द चालू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सामुदायिक शौचालय के ठीक बगल में राम जानकी मंदिर स्थित है, जहां समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम व बड़े आयोजन होते रहते हैं। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन शौचालय बंद होने के कारण लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।ग्रामीण रक्षा राम वर्मा, भूरे मिश्रा, ननके वर्मा, अमन पांडेय सहित समेत अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शौचालय को जल्द से जल्द चालू कराया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल सके।




# तेज रफ्तार बस ने बाइक को मारी टक्कर, आरपीएफ जवान की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बस ने बाइक से जा रहे आरपीएफ जवान को टक्कर मार दी। जवान की मौके पर ही मौत हो गई। आरपीएफ जवान अपनी बाइक से ड्यूटी पर जिला मुख्यालय जा रहे था। सूचना पर रामगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला रमागांव थाना क्षेत्र का है। रविवार सुबह रानीपुर थाना क्षेत्र के आचौलिया गांव के वीरेंद्र कुमार (55) अपनी बाइक से ड्यूटी पर जिला मुख्यालय जा रहे थे। वह रामगांव थाना क्षेत्र में झींगहा घाट बाईपास के पास पहुंचे थे। तभी बेकाबू बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वीरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर रामगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।वीरेंद्र कुमार बहराइच में ही रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स में एसआई के पद पर तैनात थे। मृतक वीरेंद्र कुमार सिंह रानीपुर थाना क्षेत्र में स्थित आचौलिया ग्राम के रहने वाले थे। मौजूदा समय में वो देहात कोतवाली इलाके में स्थित सरस्वती नगर में अपने परिवार के साथ रहते थे। मृतक का एक बेटा और दो बेटियां है। एक बेटी स्नेहल की 7 मई को शादी होनी थी। रामगांव थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।






**लगातार प्राइवेट डग्गामार बसों से हो रहा दुर्घटना**

बहराइच-नानपारा मार्ग पर प्राइवेट डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है।और लगातार प्राइवेट बसें दुर्घटना का शिकार कर रही है। लेकिन जिम्मेदार लोगों की नजर उस ओर नही जा रही है और न ही कोई कार्रवाई हो रहा है। जिसके चलते रफ्तार तो रफ्तार और जहा मन करता है वहा बस खड़ी कर देते हैं। जिसके चलते और हादसे हो रहे हैं।और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।न तो यातायात नियमों का पालन हो रहा है और न यातायात के जिम्मेदार चेक कर रहे हैं।

# एसडीएम के निर्देश पर अवैध खनन के विरूद्ध हुई कार्रवाई

## अवैध खनन में संलिप्त जेसीबी व डंपर पहुंचा थाने

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को देर रात्रि लगभग 10:00 बजे उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी को मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि बंजारन टांडा स्थित दूध फैक्ट्री के निकट अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। अवैध खनन की सूचना को गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम ने तहसीलदार नानपारा शैलेष अवस्थी को तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। एसडीएम के निर्देश पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने छापेमारी के दौरान अवैध खनन संलिप्त 01 अदद जेसीबी मशीन व 01 अदद डंपर को पकड़ लिया गया। तहसीलदार के माध्यम से जेसीबी व डंपर को पकड़े जाने की सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम श्रीमती जौहरी ने तत्काल ने थानाध्यक्ष नानपारा राजनाथ सिंह को पुलिस की सुपुर्दगी में अवैध खनन में संलिप्त जेसीबी और डंपर को थाने लाये जाने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने बताया कि देर रात्रि को अवैध खान के विरूद्ध की गई कार्रवाई जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को दी गई। डीएम ने तहसील प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना करते हुए निर्देशित किया गया कि तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के विरूद्ध भविष्य में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही की जाय।



## घर के सामने बैठे ग्रामीण पर तेंदुए का हमला

**संघर्ष के बाद व्यक्ति की बची जान**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत गुलरा गांव में शनिवार रात एक तेंदुए ने घर के सामने बैठे 40 वर्षीय ग्रामीण आशीष कुमार पर हमला कर दिया। आशीष ने संघर्ष कर अपनी जान बचाई। यह घटना रात करीब 8 बजे हुई, जब आशीष कुमार (पुत्र बदाली) अपने घर के सामने बैठे थे। तेंदुए के हमले के बाद आशीष ने बहादुरी से उसका सामना किया। तेंदुआ आशीष को घायल कर सरयू नहर की ओर भाग गया। हमले में आशीष के हाथ और सिर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत पीएचसी सुजौली में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सीएचसी मिहीपुरवा रेफर कर दिया गया।

# चित्रगुप्त समाज के होली मिलन में जुटे कायस्थ जन

**समाज के लोगों को एकसूत्र में बंधकर रहना चाहिए : कुलदीप सिन्हा**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** चित्रगुप्त समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन शहर के दयाल उत्सव पैलेस में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार निगम ने की, जबकि सफल संचालन समिति के महामंत्री सुशील श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नानपारा से आए राजीव श्रीवास्तव ने समाज को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, स्वामी विवेकानंद, लाल बहादुर शास्त्री, जयप्रकाश नारायण, मुंशी प्रेमचंद और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जैसे महान व्यक्तित्वों के कृत्यों को याद कर हमें गर्व महसूस करना चाहिए।समाज के संरक्षक कुलदीप सिन्हा ने कहा कि समाज के लोगों को एकसूत्र में बंधकर रहना चाहिए और एक-दूसरे के सुख-दुख में भागीदारी निभानी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए श्रवण निगम ने कहा कि कायस्थ समाज का स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर सामाजिक क्षेत्र में गौरवशाली इतिहास रहा है और हमें अपने समाज के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।एबीकेएम के जिलाध्यक्ष शशांक सिन्हा ने युवाओं से राजनीति में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। वहीं मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेश निगम ने बताया कि बशीरगंज में चित्रगुप्त मंदिर का भव्य निर्माण कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही मंदिर दिव्य एवं भव्य रूप में तैयार होगा।उन्होंने बताया कि बशीरगंज में मंदिर के नव निर्माण के चलते इस वर्ष होली मिलन समारोह दयाल उत्सव पैलेस में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में इंजी. राधेश्याम श्रीवास्तव, डॉ. राहुल मोहन, अमित श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अकलू श्रीवास्तव, शिवम राज श्रीवास्तव, संध्या श्रीवास्तव, मधु श्रीवास्तव सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## खबरें एक नजर में

### जानलेवा हमला करने के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विगत दिनांक 13.03.2026 को समय करीब 18:00 बजे थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा क्षेत्र में मकान के विवाद को लेकर राम सिंह पुत्र स्व0 अमर सिंह अपने दो अज्ञात साथियों के साथ लक्ष्मन सिंह के मकान पर पहुँचकर गाली-गलौज करते हुए फायर कर दिया था। फायरिंग में सुजीत सिंह के सीने के नीचे गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार हेतु पहले डा0 ओ0एन0 पाण्डेय अस्पताल गोण्डा तथा बाद में पीजीआई लखनऊ रेफर किया गया। वादी अजीत सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह नि0 धोबहाराय थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमें आज दिनांक 15.03.2026 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा आरोपी अभियुक्त राम सिंह पुत्र स्व0 अमर सिंह को मनकापुर बस अड्डे के पास स्थित एक खंडहर मकान से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद डीबीबीएल बंदूक मय 02 अदद खोखा व 04 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### मारपीट मामले में भेजा जेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** संदीप पुत्र कन्हैया निवासी ग्राम महराजगंज ग्राण्ट थाना खोड़ारे द्वारा थाना में लिखित तहरीर दी गयी कि पुरानी रंजिश के कारण रामतीरथ वर्मा पुत्र रामलौट निवासी ग्राम महराजगंज ग्राण्ट थाना खोड़ारे द्वारा रास्ते में धमकी दिलायी जा रही थी। बीते 11. मार्च को समय करीब शाम 05:00 बजे भाई प्रदीप घर से बभनान बाजार जा रहा था कि मकोड्या मोड़ के पास विनोद वर्मा पुत्र तीरथराम निवासी महराजगंज ग्राण्ट, अभिषेक राणा पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात, अक्षय पुत्र अज्ञात निवासी सकदरपुर थाना छपिया तथा 2-3 अज्ञात व्यक्तियों ने एकराय होकर उसे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डण्डा व रॉड से मारपीट की मारपीट में प्रदीप के दाहिने पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आयीं है। लिखित तहरीर के आधार पर थाना खोड़ारे में मुकदमा दर्ज किया गया । पुलिस द्वारा ल रामतीरथ वर्मा पुत्र रामलौट निवासी ग्राम महराजगंज ग्रन्ट को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। जेल भेज दिया गया।

### बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया गया जागरूक दहेज व बाल विवाह के प्रति दी जानकारी

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम थाना प्रभारी सत्येन्द्र वर्मा के नेतृत्व में ग्राम विशुनपुर खरहना में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान उप निरीक्षक शैलेन्द्र यादव, महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल और आरक्षी सीता गुप्ता ने उपस्थित महिलाओं को दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कानून बनाए गए हैं। साथ ही दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस टीम ने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में भी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र और परिवार परामर्श केंद्र के बारे में बताते हुए महिलाओं को सुगम कानूनी सहायता और शिक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही बहू, बेटी और सास को परिवार में आपसी सामंजस्य बनाए रखते हुए घरेलू मुद्दों को आपस में बातचीत से सुलझाने की सलाह दी गई। सम्मेलन के दौरान उपस्थित महिलाओं ने भी अपनी-अपनी राय रखी। पुलिस टीम द्वारा महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया, जिस पर महिलाओं ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की कोई विशेष समस्या नहीं है।

### ईद की तैयारियों ने बढ़ाई बाजारों की रौनक

**उतरौला (बलरामपुर)।** पवित्र रमजान माह के अंतिम चरण में उतरौला नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। ईद-उल-फितर का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। शाम के समय बाजारों में चहल-पहल और अधिक बढ़ जाती है, जब लोग इफ्तार के बाद परिवार के साथ खरीदारी के लिए निकलते हैं। नगर के मुख्य बाजारों, कपड़ा दुकानों, जूते-चप्पल की दुकानों और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। बच्चे और युवा अपने लिए नए कपड़े और जूते-चप्पल खरीदने में व्यस्त हैं, वहीं महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन, मेकअप का सामान और घर की सजावट से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी कर रही हैं। बाजार में बढ़ती भीड़ से व्यापारियों के चेहरे भी खिले नजर आ रहे हैं। स्थानीय प्रशासन भी सतर्क है और प्रमुख बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान दिया जा रहा है।

# आजमगढ़ पुरवा में तेंदुआ पकड़ने को लगे दो पिंजरे

**लगातार हमलों के बाद वन विभाग ने बढ़ाई प्रक्रिया**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज के आजमगढ़पुरवा गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए दो पिंजरे लगाए गए हैं। यह कदम बीती रात तेंदुए के हमले में लखन्दर के घायल होने के बाद उठाया गया है। निशानगाड़ा वनक्षेत्राधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक और पिंजरा लगवाया। अब गांव में कुल दो पिंजरे स्थापित हो चुके हैं। वनक्षेत्राधिकारी ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है, ताकि उसे जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। गौरतलब है कि छह दिन पहले इसी गांव में तेंदुए के हमले में बालक रघुवीर की मौत हो गई थी। तेंदुए के लगातार बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में चिंता है। रेन्जर के अनुसार, गजमित्र सुरेश मौर्य और गजमित्र जयनारायन अपनी टीम के साथ लगातार गश्त कर रहे हैं। वे ग्रामीणों को तेंदुए से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक कर रहे हैं।



# पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का दूसरे दिन का आयोजन

**51 नवदंपतियों का सम्मेलन, हवन-पूजन संपन्न**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नवाबगंज के मंगली नाथ शिव मंदिर परिसर में चल रहे पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन हवन तथा नवदंपति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही क्षेत्र के श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्र होने लगे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यज्ञ स्थल पर सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लेकर आहुति दी। सभी ने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के दौरान वातावरण 'स्वाहा' और वैदिक मंत्रों से गूंजता रहा, जिससे पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस महायज्ञ में टोली नायक सत्यनारायण सिंह के नेतृत्व में अमरपाल, संतोष कुमार, उत्तम सिंह, रणधीर, राधा पाठक और सुमन सिंह आदि ने विधिवत अनुष्ठान की प्रक्रिया संपन्न कराई। सभी श्रद्धालुओं को वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ की विधि बताई गई और मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दिलाई गईं। कार्यक्रम के दूसरे चरण में 51 जोड़ी नवदंपतियों का सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को वैवाहिक जीवन को आदर्श और संस्कारयुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने दंपतियों को पारिवारिक जीवन में आपसी सम्मान और संयम का महत्व समझाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भी उत्साह के साथ भाग लेकर यज्ञ में आहुति दी। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में बाबूराम, स्वामी दयाल, सत्यनारायण, केसरी प्रसाद श्रीवास्तव, सुरेश कुमार प्रजापति, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, कौशल किशोर श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। सभी ने मिलकर व्यवस्था, प्रसाद वितरण, श्रद्धालुओं के बैठने और यज्ञ कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का उद्देश्य समाज में नैतिकता, संस्कार और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया और सभी ने आगामी कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया।



# छात्र पंचायत ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती आयोग के अध्यक्ष का फूंका पुतला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा एलबीएस चौराहे पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती आयोग के अध्यक्ष का पुतला फूंका इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि कल यूपीएसआई की परीक्षा के गलियारों में जो हुआ वह केवल एक प्रश्न नहीं था वही देश के एक गौरवशाली समाज की जड़ों पर प्रहार था मैं पूछना चाहता हूं उस चयन बोर्ड से उन्नति निर्धारकों से क्या आप की कलम इतनी कुंठित हो गई है कि आपको परीक्षा के सवालों में ब्राह्मणवाद दिखने लगा है जिन ब्राह्मण समाज ने देश को मंगल पांडे और चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारी दिए क्या आज सरकारी तंत्र उन्हें अवसर वादी कहकर प्रमाणित करेगा व छात्र नेता सूरज शुक्ला ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि उस अपमानजनक प्रश्न को तुरंत निरस्त किया जाए तथा पेपर सेट करने वाली एजेंसी को ता उम्र के लिए ब्लैकलिस्टेड किया जाए और भरती बोर्ड सामाजिक रूप से माफी मांगे इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, रंजीत पांडेय, नीरज, शहजाद ,आलोक पांडे, उमंग मिश्रा, हिमांशु तिवारी,सोनू , आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## भोजवाल समाज का होली मिलन समारोह कार्यक्रम आज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माता खैरा भवानी के प्रांगण में भोजवाल समाज का होली मिलन व परिचय सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें सभी भोजवाल समाज के सदस्यों से परिवार आने की बात कही गई है समाज के संरक्षक चंद्र मोहन गुप्ता व डॉक्टर परमानंद गुप्ता के द्वारा बताया गया सुबह 11:00 से हवन में पूजन कार्यक्रम शुरुआत होगी दोपहर 2:00 बजे से होली मिलन व बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ प्रसाद ग्रहण सब परिवार माता खैरा भवानी की इच्छा तक भोजवाल समाज के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने बताया की विगत वर्ष होली मिलन कार्यक्रम को सपरिवार के साथ मनाया गया था।

# गोंडा में भी एलपीजी सिलेंडरों की महामारी

**जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा अभी मैं पुलिस भर्ती परीक्षा में ड्यूटी कर रहा हूं बाद में जानकारी दे पाऊंगा**





**गोंडा।** गैस सिलेंडर के लिए भारी महामारी फैली हुई है वैसे तो जिला प्रशासन इस बात की दावे कर रहा है कि हमारे पास गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है किंतु आज समृद्धि न्यूज़ की पड़ताल में कुछ एजेंसी में पर जाकर देखा गया तो लंबी-लंबी लाइन के सिवा कुछ दिखाई नहीं दे रहा था बात तो चाहे सहकारी गैस एजेंसी हों, शहीद सत्यवान गैस एजेंसी हों या फिर मंगलम गैस एजेंसी की बात करें एजेंसी में उपभोक्ताओं की भीड़ खचाखच भरी हुई थी लोगों को सिलेंडर की आवश्यकता थी और एजेंसी के लोग यह कहते हुए देखे गए हम बगैर बुक किए सिलेंडर नहीं दे पाएंगे आप लोग पहले सिलेंडर बुक करायें फिर आपके यहां सिलेंडर पहुंचेगा लेकिन अब दिक्कत यह आ रही है कि काफी लोगों ने बीच में सिलेंडर अपने किताब से लिया नहीं इस नाते उन्होंने केवाईसी नहीं कराई ऐसे में कुछ लोगों की किताबें या तो रद्द कर दी गई है या फिर बंद है और उन्हें खुलवाने के लिए केवाईसी आवश्यक है अब कुछ तो भीड़ केवाईसी की है और कुछ गैस सिलेंडर पाने की है स्थिति यह है की आज गोंडा में 970 रुपए में बिकने वाला सिलेंडर 2000 तक बिक रहा है जब जिला पूर्ति अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह को फोन मिलाया गया तो उन्होंने कहा अभी मैं पुलिस भर्ती परीक्षा में ड्यूटी कर रहा हूं इसके बाद आपको जानकारी दे पाऊंगा शाम को पुनः जब फोन मिलाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जैसा की उनकी आदत में है फोन जल्दी ना उठाना।

# बलरामपुर में भव्य रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**बलरामपुर।** 6 बार गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ड रिकॉर्ड प्राप्त कर चुकी सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एन्ड एक्टिविस्ट्स (निफा) की जिला इकाई बलरामपुर के तत्वावधान में एक भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय ब्लड बैंक में किया गया। शिविर में रक्तदानियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। सामाजिक संस्था निफा द्वारा रक्तदान - महादान अभियान के अंतर्गत इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिससे जरूरतमंदों और गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को समय पर आसानी से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। शिविर में निफा के प्रदेश कॉर्डिनेटर जनपद के चर्चित ब्लडमैन आलोक अग्रवाल ने अपना 38वॉ रक्तदान किया। अन्य रक्तदानियों में जिलाध्यक्ष वैभव त्रिपाठी ने 44वॉ, हिमांशु मणि दीक्षित ने 57वॉ, रवि गुप्ता ने 16वॉ, डॉ तुलसीश दूबे ने 24वॉ, आशीष अग्रवाल ने 20वॉ, गुरुअंश सिंह ने 44वॉ रक्तदान किया। अन्य रक्तदान करने वालों में नारीशक्ति से सरोज मिश्रा ने दूसरा रक्तदान सहित अक्षय शुक्ला 10वॉ , विवेक श्रीवास्तव 30वॉ, मनीष सिंह 8वॉ आदि ने भी रक्तदान किया। सभी रक्तदानियों को निफा की तरफ से विशेष प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कुल 7 रक्तदाताओं को विभिन्न स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान करने से वंचित रहना पड़ा। 2 रक्तदाता अनुपस्थित रहे। निफा के उत्तर प्रदेश स्टेट कॉर्डिनेटर ब्लडमैन आलोक अग्रवाल ने बताया कि निफा द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहता है। इसी क्रम में इस वर्ष के प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन आज किया गया है। निफा बलरामपुर के जिला कोआर्डिनेटर संदीप उपाध्याय ने कहा कि रक्तदान के संबध में अभी भी बहुत सारी भ्रांतियां व्याप्त हैं, इन्हें दूर करने के लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आने की जरूरत है। निफा के जिला अध्यक्ष वैभव त्रिपाठी ने अपना 44वाँ रक्तदान करने के बाद कहा कि इससे किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है बल्कि हम ज्यादा स्वस्थ रहते हैं। निफा के जिला सचिव अविनाश पांडेय ने बताया कि जरूरत पड़ने पर हम सभी रक्त की उपलब्धता को सुनिश्चित करने और दिलवाने का सम्मिलित प्रयास करते हैं। ब्लड बैंक की टीम से डॉ. आकांक्षा शुक्ला, एल. टी. अशोक पांडेय, अंजली सिंह, अभिषेक सिंह, अजीत श्रीवास्तव, सुन्दर, काउंसलर हिमांशु तिवारी का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।



# कांशीराम जयंती पर योगी, अखिलेश समेत अन्य नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने बहुजन समाज में राजनीतिक चेतना जागृत करने वाले प्रमुख नेताओं में शुमार बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम की जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक संदेश में कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, दलित, शोषित एवं वंचित के उत्थान हेतु अपना संपूर्ण जीवन अर्पित करने वाले सामाजिक न्याय के पुरोधा, बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सामाजिक न्याय के प्रखर पुरोधा, वंचितों एवं शोषितों के अधिकारों की सशक्त आवाज तथा बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन! उन्होंने कहा कि समानता, स्वाभिमान एवं सामाजिक चेतना के लिए उनका संघर्षपूर्ण जीवन आज भी समाज को न्याय और अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा देता है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मायावती ने अपनी पार्टी के संस्थापक कांशीराम को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता एवं संस्थापक मान्यवर कांशीराम को आज उनकी जयंती पर मेरे एवं उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में उनके अनुयायियों की ओर से शत-शत नमन एवं अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की सोच एवं आंदोलन को पूरे देश में जिंदा करके एवं उनके कारवां को आगे बढ़ाकर सत्ता की मंजिल तक पहुंचाने के मिशन हेतु अपना पूरा जीवन समर्पित कर लगातार कड़ा संघर्ष किया। उन्होंने बसपा के सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति आंदोलन को पूरी प्रतिबद्धता के साथ मजबूत करने और अटूट दृढ़ संकल्प के साथ चुनावी सफलता हासिल करने के अपने संकल्प को दोहराया।

कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने भी कांशीराम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। बहुजन नायक, साहेब कांशीराम की जयंती पर शत-शत नमन। आपने दबे-कुचले समाज को शासक बनने का जो सपना दिखाया, उसे पूरा करना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जय भीम! जय भारत!

अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल से की गयी पोस्ट में कांशीराम की एक तस्वीर साझा की और उन्हें सामाजिक परिवर्तन के महानायक बताया। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से लोकसभा सदस्य चंद्रशेखर आजाद ने कांशीराम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने एक सोए हुए समुदाय को जगाया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांशीराम साहब आपकी नेक कमाई, आपने सोती कौम जगाई। बहुजन नायक मान्यवर साहब कांशीराम की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन एवं विनम्र आदरांजलि तथा आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के छठवें स्थापना दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल में कहा था कि अगर जवाहरलाल नेहरू जीवित होते तो कांशीराम को कांग्रेस की तरफ से मुख्यमंत्री बनाया जाता। **मंगलवार** को लखनऊ में संविधान सम्मेलन में गांधी ने कहा था कि महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर और कांशीराम ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।

# ऊर्जा मंत्री के निरीक्षण के बाद जेई निलंबित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

- उपखंड अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी
- आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा के कड़े रुख के बाद जौनपुर जनपद के मडियाहूं विद्युत उपकेंद्र में बड़ी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता (जेई) के अनुपस्थित रहने और कार्यालय में अनियमितताएं पाए जाने पर अधीक्षण अभियंता अनिल पाठक ने अवर अभियंता शहजाद अली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित उपखंड अधिकारी सौरभ तिवारी को भी चार्जशीट जारी की गई है। ऊर्जा मंत्री ने रविवार को स्पष्ट कहा कि विद्युत व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री ने शनिवार को जौनपुर जनपद के मडियाहूं विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाया कि कई अभिलेख और लॉगशीट सही तरीके से भरे नहीं गए थे तथा जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं थे। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत विभाग जनसेवा से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही से जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें।

## खबरें एक नजर में

### बहाल आईएएस अफसर अभिषेक प्रकाश को मिली तैनाती, बने सचिव सामान्य प्रशासन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रिश्वत के आरोप के कारण एक वर्ष तक निलंबित रहे आईएएस अफसर अभिषेक प्रकाश को लगभग एक वर्ष बाद निलंबन से बहाल किया गया। शनिवार को उनके निलंबन से बहाल होने के बाद रविवार को उत्तर प्रदेश शासन ने उनकी तैनाती का आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश सरकार ने आईएएस अफ़सर अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। इन्हें सचिव सामान्य प्रशासन बनाया गया है। शनिवार को बहाली को लेकर नियुक्ति विभाग ने आदेश जारी कर दिया था। 15 मार्च से उनकी बहाली के बाद तैनाती का भी आदेश जारी हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सबसे प्रतिष्ठापरक प्रोजेक्ट इन्वेस्ट यूपी के सीईओ रहे 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में निलंबित किया गया था। उन पर सोलर कंपनी से प्रोजेक्ट मंजूरी के बदले घूस मांगने का आरोप था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने उन्हें 20 मार्च 2025 को निलंबित कर दिया था। फ़रवरी 2026 में साक्ष्य के अभाव में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने मामले में चार्जशीट रद कर दी थी।अभिषेक प्रकाश15 मार्च से दोबारा सेवा में लौटेंगे, लेकिन उन्हें अभी भी विभागीय जांच का सामना करना होगा। आईआईटी रुड़की से बी-टेक आईएएस अफ़सर अभिषेक प्रकाश की बहाली को लेकर उत्तर प्रदेश शासन की ओर से आधिकारिक निर्देश शनिवार को जारी किया गया।राज्यपाल की मंजूरी के बाद जारी हुए इस आदेश में कहा गया है कि 14 मार्च 2026 तक की अवधि को ही निलंबन माना जाएगा। वह दोबारा अपनी ड्यूटी ज्वाइन कर सकेंगे। सरकार ने साफ कर दिया है कि सेवा में वापसी के बावजूद उनके खिलाफचल रही विभागीय जांच जारी रहेगी।

### राजधानी में सुबह हल्की बूंदाबांदी, दोपहर में तेज धूप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सुबह घने बादल छाए थे। तड़के धूलभरी आंधी चली। गरजने के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई जिससे मौसम हल्का ठंडा हो गया। मौसम विभाग ने बादलों की गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। दिन चढ़ने के साथ ही धूप तेज हो गई। दोपहर 1.30 बजे कड़ी धूप रही। बारिश से तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। आज अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और इसकी क्षोभमंडल में पुरवा हवाओं के संभावित प्रतिक्रिया के मद्देनजर प्रदेशभर में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। आगामी 3 दिनों के दौरान 2-4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इन मौसमी परिस्थितियों के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी और मध्यवर्ती जिलों में 15-16 मार्च के दौरान बादल गरजने, बिजली गिरने और 30-50 किमी,घंटा की स्पीड से झोंकेदार हवा चलेगी। इसके साथ तराई और पूर्वांचल के कुछ जिलों में कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। इसका यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### ट्रेन की टक्कर से मजदूर की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गोमतीनगर विस्तार इलाके में रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। गोमतीनगर विस्तार क्रॉसिंग के पास रेलवे पटरी के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। पुलिस के अनुसार, शव देखने में किसी मजदूर का लग रहा है। फ़िलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव की पहचान होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### राजधानी में हाउस टैक्स के लिए निकाली जागरूकता रैली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में हाउस टैक्स जमा करने को लेकर नगर निगम जोन- 3 में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज कुमार यादव ने ई-रिक्शा और स्वच्छता वाहनों के माध्यम से 6 वार्डों में जागरूकता रैली निकाली। मौके पर लाउडस्पीकर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। उनका कहना है कि 31 मार्च 2026 तक गृहकर जमा कर दें। नहीं तो वित्त वर्ष खत्म होने के बाद में बकाएदारों पर 12 फीसदी ब्याज लगाने का निर्देश दिया। नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया कि नवरात्रि और ईद के अवकाश के बावजूद नगर निगम के जोन-3 सहित सभी जोनल कार्यालय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। इससे नागरिक समय पर टैक्स जमा कर सकेंगे। जोनल अधिकारी ने कहा कि 31 मार्च तक हाउस टैक्स जमा न करने वालों के खिलाफनगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। न केवल 12 प्रतिशत ब्याज जोड़ा जाएगा, बल्कि आवश्यक कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे। नगर निगम लखनऊ ने सभी लोगों से अपील कि वे अपने बकाया हाउस टैक्स का समय पर भुगतान करें ताकि किसी भी तरह की आर्थिक दंड या कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। टैक्स भुगतान से शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। यह अनोखी जागरूकता पहल लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। कई नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियानों से लोग समय पर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित होंगे।

# यूपी की जनता के नाम सीएम योगी ने लिखी पाती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



- नवरात्र सभी के जीवन में भक्ति, शक्ति, नवचेतना का करे संचार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र नवरात्र से पहले यूपी के प्रदेशवासियों को पाती लिखी है। यूपी की जनता के नाम लिखी चिट्ठी में चैत्र नवरात्र से पहले योगी ने शुभकामनाएं दीं और बेटियों को अवसर देने की अपील की है।

चैत्र नवरात्र में जहां घर-घर कन्याओं की पूजा होती है वहीं सीएम योगी ने भी प्रदेशवासियों को इस बार बेटियों के लिए अपील की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने चिट्ठी में लिखा कि नवरात्र सभी के जीवन में भक्ति, शक्ति, नवचेतना का संचार करें। उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए लिखा कि सनातन नव संवत्सर वि.सं. 2083 की हृदय से शुभकामनाएं।

सीएम योगी ने अपनी पाती में लिखा 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने संकल्प से सिद्धि की गौरवमयी यात्रा की है। 2017 से पूर्व कालखंड के तम से उबरकर उपद्रव से उत्सव प्रदेश की यात्रा की।

उत्सव प्रदेश केनवनिर्माण में नारी शक्ति का योगदान अतुलनीय रहा। चैत्र नवरात्र उपासना का पर्व मात्र नहीं,अपितु नारी-शक्ति के वंदन का महापर्व है। समाज, प्रदेश सशक्त बनता है, जहां बेटियां समर्थ होंगी। नारी शक्ति का मान रहे, बेटियों को सपनों का आसमान मिले। मातृशक्ति को मिले सम्मान। नारी-शक्ति द्वारा नेतृत्व सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त उदाहरण है। विकसित प्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर क्षेत्र में बेटियों को अवसर मिले। बेटियों को बेटों के समान अवसर प्रदान करने का संकल्प लें।

### योगी ने बारिश से फसलों को हुए नुकसान के आकलन का दिया निर्देश, कहा, अधिकारी करें संवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को रविवार सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई वर्षा से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने वर्षा से प्रभावित जिलों में जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारियों को क्षेत्र में रहकर किसानों से संवाद करने और उनकी फसलों के नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राहत आयुक्त क्षेत्र में मौजूद अधिकारियों से सीधा समन्वय रखें और फसलों को होने वाली क्षति का आकलन प्राप्त कर समय से मुआवजे के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के अनेक पश्चिमी जिलों और कुछ पूर्वी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर जिलों के कुछ हिस्सों और आसपास के इलाकों में बिजली कड़कने के साथ आंधी-तूफान और हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

# राजधानी में सपाई बोले, किसी को भूखा नहीं सोने देंगे, उपले बांटे, पुलिस से झड़प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



राजधानी लखनऊ में सपाइयों ने एलपीजी गैस की किल्लत के बीच उपले बांट कर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। विधान भवन के सामने बापू भवन चौराहे के पास जमीन पर बैठकर ढेर सारे उपले रखकर प्रदर्शनकारी चिल्ला रहे थे, उपले ले लो, उपले ले लो। सपाइयों को उपला बांटता देख मौके पर पुलिस पहुंच गई।

प्रदर्शन कर रहे राम प्रकाश मौर्या ने कहा सिलेंडर की कीमत से आम जनता परेशान है। सरकार को गरीबों की आम जनता की कोई चिंता नहीं है। भाजपा के अच्छे दिनों का सिलेंडर हमारे घरों के किचन से खाली हो गया है। हम लोग वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में विधान सभा पर निशुल्क उपले बांट रहे हैं। भारी मात्रा में हमारे पास उपले का स्टॉक मौजूद है। हमने अपने गांव के लोगों से कहकर उपले तैयार करवाए हैं। गांव से लाकर उपले शहरों में बांट रहे हैं। प्रतिदिन अपने गांव से उपले लाकर शहर में बाटेंगे और किसी को भी भूखा नहीं रहने देंगे।

भाजपा भूख से तड़पा-तड़पा कर आम जनता को मारना चाहती है। ऐसे संकट के समय में हम देश के साथ खड़े हैं। हम नहीं चाहते हैं कि कोई भी भूखा सोए। प्रवेश यादव ने कहा घरों से सिलेंडर गायब हो गए हैं। भाजपा के यही अच्छे दिन हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइन लगी हैं। यह बता रहे हैं कि 20 दिन का स्टॉक बचा है। यही अच्छे दिन भाजपा के हैं। हम लोग छात्र हैं। जानते है कि हॉस्टल में और किराए पर रहने वाले छात्रों की स्थिति बेहद खराब है। उनके लिए चुनौती है। कहां से लकड़ी लाएं। कंडे की व्यवस्था करें। अयोध्या जैसी रसोई बंद हो गई। कोई भी एजेंसी देख लीजिए। लंबी-लंबी लाइन लगी है।

कंडे की व्यवस्था करके भाजपा सरकार की आंख खोलने का काम करेंगे। समाजवादी छात्र सभा के लोगों को पुलिस ने उपले बांटने से रोका। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। मौके पर पाए गए उपले भी जब्त कर लिए। प्रदर्शनकरियों ने पुलिस के ऊपर अभद्रता करने और उपला छीनने का आरोप लगाया है।

# उपमुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया करोड़ों का चेक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



प्रयागराज के पावन सानिध्य में आयोजित सरस महोत्सव के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने न केवल विकास की योजनाओं को गति दी, बल्कि लोक संस्कृति और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जनमानस का उत्साहवर्धन भी किया।

उपमुख्यमंत्री ने महोत्सव में लगाए गए विभिन्न स्वयं सहायता समूहों और अन्य स्टालों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने समूहों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों की सराहना करते हुए महिलाओं से सीधा संवाद किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराते हुए, उपमुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपये के चेक वितरित किए, जो उनके उज्जवल और स्वावलंबी भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान सांसद विनोद कुमार बिंद ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच क्षेत्र के विकास और जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने को लेकर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ। सरस महोत्सव की शाम पूरी तरह से भक्ति और लोक संगीत के रंग में डूबी रही। प्रसिद्ध गायक और सांसद मनोज तिवारी के गीतों पर थिरकने से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य स्वयं को रोक न सके और उन्होंने सुर से सुर मिलाकर मंच की शोभा बढ़ाई। डिप्टी सीएम को इस अंदाज में देख जनता का उत्साह दोगुना हो गया। वहीं, सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर के ओजस्वी और सूफी गीतों ने पूरे पंडाल में ऊर्जा भर दी, जिस पर उपस्थित जनता झूमने और नाचने को मजबूर हो गई। स्वयं सहायता समूहों के स्टालों का अवलोकन और महिलाओं से वार्ता। समूह की महिलाओं को विकास हेतु करोड़ों रुपये के चेक का वितरण। कलाकारों और कर्मयोगियों का उपमुख्यमंत्री द्वारा उत्साहवर्धन। लोकगीतों और संगीत के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

# छह दिन बाद भी चोरों का सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

- सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद भी अलीगंज पुलिस के हाथ खाली, खुलासे की आस लिए बैठे पीड़ित

**शोएब गाजी**




**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** अलीगंज इलाके की सीतापुर रोड स्थित मान लॉन के सामने ड मार्टिन टाउन नाम की मोबाइल शॉप में 9/10 मार्च की रात तीन अज्ञात चोरों ने शटर काटकर 104 मोबाइल फोन और लाखों की नगदी पार कर दी थी, मोबाइल शॉप की ओनर अंशिका गुप्ता के मुताबिक लगभग 40 से 50 लाख के कीमती मोबाइल फोन चोरी हुए हैं।

घटना की सीसीटीवी फुटेज भी उन्होंने पुलिस को उपलब्ध कराई है, पुलिस मुक़दमा दर्ज कर जांच में जुटी तो है मगर छह दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा है जिस से कई सवाल खड़े होते हैं। पीड़िता भी मायूसी का दामन थामे खुलासे के इंतज़ार में बैठी है। वैसे तो पुलिस पाताल से भी अपराधियों को खोज लाती है पर यहां ठीक उसके विपरीत कहानी नज़र आती है पुलिस हाथ पर हाथ धरे नज़र आती है और चोर आए दिन कहीं न कहीं किसी दुकान या मकान को अपना निशाना बना लेते हैं।

खैर अलीगंज पुलिस का कहना है कि वह तेज़ी से जांच में जुटी है जल्द ही उक्त घटना का खुलासा होगा पर देखना दिलचस्प यह है कि आखिर कितने दिनों तक पीड़ित खुलासे की आस में यूंही नज़रे टिकाए रहेंगे।

### दिल्ली से पुलिस गाड़ी में बंदी आया दरोगा भर्ती परीक्षा देने

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी पुलिस की दरोगा भर्ती की परीक्षा देने दिल्ली से एक बंदी भी लखनऊ आया है। पुलिस उसे गाड़ी में लाई। वह साइबर फ्रॉड के आरोप में दिल्ली सेंट्रल जेल में बंद है। इसी सेंटर पर दो महिला सिपाही नवजात बच्चों को गोद में लेकर परीक्षा ड्यूटी कर रही हैं। शहर के कुल 54 स्कूल और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रशासन के अनुसार, प्रत्येक पाली में 22,080 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। पहले दिन 44,160 में से 32,212 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। दूसरे दिन की पहली पाली का पेपर देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया- पेपर बहुत आसान था। जो थोड़ा भी पढ़ा होगा, वह क्वालिफाई कर लेगा।

**सराहनीय** — गांवों तक पहुंच रहीं बैंकिंग सेवाएं

# बीसी सखी योजना में यूपी देश में पहले स्थान पर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और गांवों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्तर प्रदेश बीसी सखी योजना के अंतर्गत देश में नंबर वन बन गया है। वहीं, मध्य प्रदेश दूसरे और राजस्थान तीसरे नंबर पर है। योगी सरकार के लगातार प्रयास से इस योजना के जरिए प्रदेश भर की महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन के रिकॉर्ड बना रहीं हैं।

प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 40 हजार महिलाएं गांवों में काम करते हुए न केवल ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं, बल्कि स्वयं भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। इसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं औसतन 10 से 15 हजार रुपये महीने की कमाई कर रहीं हैं। इनमें से कई बीसी सखियां एक महीने में 40 से 50 हजार रुपये का कमीशन अर्जित कर रहीं हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बीसी सखी (बिजनेस कॉरेस्पांडेंट सखी) पहल ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। इसके तहत प्रशिक्षित महिलाएं गांवों में माइक्रो एटीएम और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से कैश निकासी, जमा, आधार आधारित भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाएं घर के पास ही उपलब्ध करा रही हैं।

इस पहल के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच तेजी से बढ़ी है। बड़ी संख्या में महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने परिवार की तरक्की का



आधार बन रहीं हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जनमेजय शुक्ला के अनुसार बीसी सखी योजना के तहत लखनऊ, प्रयागराज, सुल्तानपुर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन की नई मिसाल बन रहीं हैं। प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं को गांवों में तैनात किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को बैंक की सुविधाएं घर के पास ही मिलने लगी हैं।

यह पहल न केवल ग्रामीण वित्तीय प्रणाली को मजबूत कर रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर महिला सशक्तीकरण को भी नई दिशा दे रही है। गांव-गांव महिलाओं को प्रशिक्षित कर इस मॉडल को तेजी से विस्तार दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

### लखनऊ की अनीता और सुल्तानपुर की प्रियंका ने पेश की बदलते यूपी की तस्वीर

लखनऊ की अनीता पाल ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बीसी सखी योजना के जरिए आत्मनिर्भरता का मजबूत उदहारण प्रस्तुत किया है। इस योजना के तहत हर महीने निश्चित आय के साथ-साथ वे 50 हजार रुपए तक कमीशन भी अर्जित कर रही हैं। वहीं, सुल्तानपुर जिले की प्रियंका मौर्य भी आजीविका मिशन के अंतर्गत योजना का बेहतर संचालन कर रहीं हैं और अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहीं हैं। उन्हें भी महीने में आय के अतिरिक्त करीब 50 हजार का कमीशन भी मिल रहा है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जनमेजय शुक्ला ने बताया कि योजना के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन के रिकॉर्ड बना रहीं हैं। यह मॉडल ग्रामीण भारत में समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# लखनऊ जंक्शन परिसर में अब दृष्टिहीन यात्री भी आसानी से आ-जा सकेंगे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में यात्री सुविधाओं के विकास क्रम में लखनऊ जंक्शन के प्रवेश द्वार पर दृष्टिहीन/दृष्टि बाधित यात्रियों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में बना स्टेशन परिसर का नक्शा लगाया गया है।

ब्रेल एक स्पर्श आधारित प्रणाली है जिसे स्पर्श द्वारा पढ़ा जाता है, इसमें उंगलियों के पोरों का उपयोग करके अक्षरों और प्रतीकों को महसूस किया जाता है। इस नक्शे की सहायता से दृष्टिहीन यात्री बिना किसी सहायता के स्टेशन परिसर में स्थित विभिन्न यात्री सुविधाओं यथा

पार्किंग एरिया, आरपीएफ पोस्ट,



- ब्रेल लिपि में स्टेशन परिसर का लगाया गया नक्शा

जीआरपी पोस्ट, स्टेशन निदेशक कार्यालय, कैबवे रोड, पार्सल कार्यालय, चाइल्ड लाइन, प्रथम तल के लिए सीढ़ियां, यात्री विश्राम स्थल प्रथम तल, आईआरसीटीसी रूम एवं डॉरमेट्री प्रथम तल, प्रवेश द्वार, दिव्यांग रैंप, पैसेंजर हॉल, पूछताछ केंद्र, टिकट वेंडिंग मशीन, निकास द्वार, आधार केंद्र, टिकट काउंटर, पेयजल, प्रसाधन, फूड ट्रैक, यात्री विश्राम स्थल, क्लॉक रूम, एसी यात्री विश्रामालय, बैटरी कार स्टैंड, लिफ्ट, सीढ़ियां, फुट ओवर ब्रिज,एस्केलेटर, दुर्गापुरी व चारबाग मेट्रो स्टेशन का रास्ता, टिकट काउंटर, प्लेटफार्म, शौचालय आदि जगहों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ब्रेल लिपि के नक्शे को छूकर दृष्टिहीन रेल यात्री स्टेशन परिसर में अपनी आवश्यकतानुसार कहीं पर भी जाने का रास्ता पता कर सकते हैं।

लखनऊ मण्डल द्वारा यात्री सुविधाओं में की गयी यह पहल दृष्टिहीन/दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए काफी लाभप्रद होगी

## खबरें एक नजर में

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



शाहजहांपुर। मान्यवर कांशीराम जयंती के अवसर पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा कांशीराम कॉलोनी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसका फीता काटकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने उद्घाटन किया। इस अवसर तमाम कालोनी वासियों ने विभिन्न बीमारियों से जुड़ी दवाई लेकर लाभ उठाया।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर फहाद अली फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, अनिल श्रीवास्तव, रफ़ी उल हसन सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला, गांव में दहशत, वन विभाग ने शुरू की कांबिंग, ग्रामीणों में दहशत



खुटार,शाहजहांपुर। क्षेत्र के गांव मलिका में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने खेत के पास एक बछड़े का अधखाया शव पड़ा देखा। आशंका जताई जा रही है कि बीती रात तेंदुए ने बछड़े को अपना निवाला बना लिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया। मलिका गांव निवासी जगदेव मिश्रा के खेत के पास, जहां ब्रह्मदेव स्थान स्थित है, वहीं पर बछड़े का अधखाया शव मिला। जगदेव मिश्रा ने बताया कि सुबह जब वह अपने खेत की ओर पहुंचे तो ब्रह्मदेव स्थान के पास बछड़े का शव पड़ा मिला। इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर वन दरोगा रोहित पांडे, अशोक बाजपेई व अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे और आसपास जांच की। टीम ने मौके पर मिले पगचिन्हों के आधार पर तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की। इसके बाद बछड़े के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया और उसे गड्ढे में दफना दिया गया। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में कांबिंग अभियान शुरू कर दिया है। साथ ही ग्रामीणों और किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि सुबह-शाम खेतों की ओर अकेले न जाएं, बल्कि समूह में जाएं और आवाज करते रहें।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता परीक्षा आयोजित



शाहजहांपुर। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बनाए गए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के परीक्षा केंद्रों पर 15 वर्ष से अधिक आयु के नवसाक्षर पुरुषों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक साक्षरता परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में असाक्षर वयस्कों को साक्षर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों के लिए जनपद के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाकर साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में नवसाक्षर पुरुषों और महिलाओं ने भाग लेकर पढ़ने-लिखने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विद्यालयों के शिक्षक कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात रहे। परीक्षा की पारदर्शिता एवं व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने स्वयं विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीईओ मुख्यालय सुरेन्द्र मौर्या सहित जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं एआरपी ने भी केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा साक्षरता अभियान को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसे सफल बनाने में सभी के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

### बुजुर्ग को मुर्गा बनाने की घटना से वैश्य समाज में आक्रोश, नारेबाजी कर सीओ कार्यालय पहुंचे लोग, सौंपा ज्ञापन



पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां क्षेत्र के ग्राम नाहिल में उमाशंकर गुप्ता उर्फ लल्लू को गांव कुछ दंबग लोगों ने विपक्षी की मदद करने का आरोप लगाते हुए मारपीट करते हुए मुर्गा बनाने एंव पैरो में नाक रगडने का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद हो गया पुलिस ने उर्फ लालू की तहरीर के आधार पर अपमानजनक घटना को अंजाम देने वाले तीन लोगों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में वैधानिक कार्रवाई करते हुए शांति भंग में चालान किया था। पुलिस की कार्यवाही से नाराज अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के कार्यकर्ता एकत्रित हुए और क्षेत्राधिकार को ज्ञापन सौंप कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि उमाशंकर गुप्ता के साथ हुए दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो चुका है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने कड़ी निंदा की है। संगठन का आरोप है कि पुवायां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज नहीं किया और केवल औपचारिक कार्रवाई की है, जिससे पीड़ित परिवार और वैश्य समाज में नाराजगी व्याप्त है। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में दोषियों के खिलाफ सुसंगत एवं कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं हुई तो अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# शुभ मुहूर्त: कटरा के जैतीपुर में 150 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

- कटरा विधायक, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद
- समाज कल्याण विभाग की ओर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित



जैतीपुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कटरा विधानसभा के जैतीपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक वीर विक्रम सिंह, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। समारोह में 150 जोड़ों में 136 हिंदू और 14 मुस्लिम जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। मंच संचालन इंदु अजनबी ने किया। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी खुदागंज, जैतीपुर, नगर पंचायत खुदागंज, कटरा के ईओ,कार्यालय स्टाफ एवं समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, नरेन्द्र देव, श्रवण सिंह राना, रणवीर सिंह, तुषार, सुधीर पाल, प्रशांत आदि उपस्थित रहे। अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दें आज सोमवार को सदर विधानसभा के अंतर्गत ओसीएफ रामलीला मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 270 जोड़ों का विवाह कराएं जाने की तैयारियां जिला प्रशासन करा रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी।

## पुवायां इंस्पेक्टर के मनाने पर माने हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ता, पुतला दहन कार्यक्रम स्थगित

- खुटार के नरौठा देवीदास मामले में खुटार पुलिस और सीओ के रवैया से नाराज है हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश(अ) के कार्यकर्ता

पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

खुटार के गांव नरौठा देवीदास में देवस्थलों के बीच में खाली पड़ी जगह पर अवैध निर्माण कराए जाने को लेकर चल रहे विवाद में खुटार पुलिस और पुलिस क्षेत्राधिकारी के रवैया से नाराज हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के तमाम कार्यकर्ता रविवार को पुवाया पहुंचे और बैठक कर पुलिस क्षेत्राधिकारी पुवायां का राजीव चौक पर पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया। इसी बीच पुवायां इंस्पेक्टर रवि करन सिंह मौके पर पहुंच गए और उन्होंने संगठन के अध्यक्ष अवनीश मिश्र से बात की और आश्वासन दिया कि जब तक किसी भी सक्षम न्यायालय या राजस्व विभाग के किसी अधिकारी की ओर से कोई ठोस आदेश नहीं किया जाता है, तब तक उक्त विवादित स्थल पर किसी भी तरह का कोई निर्माण नहीं कराया जाएगा और ना ही पुलिस किसी भी तरह का हस्तक्षेप करेगी। जिस पर सभी कार्यकर्ता शांत हो गए और उन्होंने पुतला दहन कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। इस मौके पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ब्लॉक संरक्षक आनंद पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष राघव श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष भारत राठौर, नगर उपाध्यक्ष अवनीश कश्यप, नगर प्रभारी रंजीत कुमार, महामंत्री मोहित राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतराम राठौर, उपाध्यक्ष करण कश्यप, कोषाध्यक्ष दीपू कश्यप, मंत्री राहुल सिंह, विधि सलाहकार अमर शुक्ला, ब्लॉक सह संरक्षक रामचंद्र, उपाध्यक्ष जितेंद्र पांडे, ऋतिक श्रीवास्तव, संगठन मंत्री सौरभ वर्मा, सह मंत्री नितिन पांडे, अमित पांडे, संतराम तिवारी, प्रियांशु यादव, हर्षित पांडे आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# चंडी बन रण में संहार करती हूं मैं...

- प्रवाह साहित्यिक संस्थान की काव्य निशा में गूंजे कवि स्वर



शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

प्रवाह साहित्यिक संस्थान के तत्वावधान में संस्थान अध्यक्ष उमेश सिंह चौहान के निवास पर काव्य निशा का आयोजन चंद्र शेखर दीक्षित की अध्यक्षता में किया गया, जिसका शुभारंभ ज्ञान की देवी मां शारदा की वंदना से कवि अरुण दीक्षित अनभिज्ञ ने किया। इसके बाद उन्होंने सुनाया कि, उतर गया झीलों का पानी, रुष्ट हुए संवाद। सूखी मिट्टी पर चस्पी है, इतिहासों की याद।। डा. राजीव सिंह भारत ने प्रकृति का गुणगान कर सुनाया, वृक्षों पर हैं श्री कोंपलें, मधुवन में कलियां। महक रही गुलमोहर जैसी, फाल्गुन की गलियां।। कवि कुलदीप दीपक ने नारी शक्ति पर कुछ यूं स्वर दिया, शक्ति की हूं अवतार, बात जग जाहिर है, चंडी बन रण में संहार करती हूं मैं , भारती के आंचल में आंच घर आयी कभी, शत्रु के विरुद्ध हुंकार भर्ती हूं मैं।। व्यंग्यकार उमेश सिंह ने अपनी बात कुछ इस तरह कही, कुत्ते घूंमते बैखोफ होकर शहर में अपने। भैंसे दौड़ती हैं मस्त होकर शहर में अपने।। चंद्र मोहन पाठक ने मां और पिता पर भाव प्रधान रचना सुनाई, यदि पालती है पोसती है जन्म है देती मां। जीवन रण की रणनीति पिता होता है। मंदिर जैसी शांति यदि देती है गोद मां की। मंदिर की मूर्ति सा भगवान पिता होता है। वरिष्ठ लोक गीतकार विजय ठाकुर ने अपनी बात यूं कही, जिस तरफ मैं देखता हूं गिद्ध सी चोंचें खड़ी हैं। हथकड़ी तो कट गई पर बेड़ियां अब भी पड़ी हैं। आक्रोश के कवि सुशील दीक्षित विचित्र ने अपने चिर-परिचित अंदाज में सुनाया, जगती कभी न सोती दुनियां। नकली सपने होती दुनियां। अपनी समझ नहीं लेना जी, नहीं किसी की होती दुनियां। कवि चंद्र शेखर दीक्षित चंद्र ने सुनाया कि, सब अंतर कर दो दूर दुखी सब धन जन प्राणी के। कोई न भूखा मरे नहीं भटके भरी जवानी में। डा. प्रशांत अग्निहोत्री ने प्रतीकों के माध्यम से कुछ यूं गीत गुनगुनाया, नव पल्लव खुआये, जागी है प्यास, धरती का हाथ थाम बैठा आकाश। बैठे हो प्रेम सिक्त ज्यों प्रेमी सॉंचे, कलियों ने रचे गीत भंवरों ने बॉंचे। अंत में आभार संयोजक उमेश चंद्र सिंह ने व्यक्त किया।

### लाभ पाने को आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक फोटोकॉपी लाएं: पाठक

शाहजहांपुर। जिले के कृषकों में नि:शुल्क वितरण के लिए मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत 10 एचडीपीई वर्मी बेड प्राप्त हो चुके है। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने कहा कि कृषकों से अनुरोध है कि वह योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी व पासपोर्ट साईज फोटो साथ अवश्य लाए, जिससे कृषकों का तत्काल पंजीकरण करते हुए एचडीपीई वर्मी बेड उपलब्ध कराया जा सके।

### श्रद्धालुओं से भरी बस डिवाइडर से टकराई, 9 श्रद्धालु घायल

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग एक श्रद्धालुओं से भरी बस डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। हादसे में 9 श्रद्धालु घायल हो गए। बस आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रद्धालुओं से भरी बस हरिद्वार से दर्शन करके गोरखपुर वापस जा रही थी। रविवार सुबह लगभग 4 बजे कटरा चौधरी ढाबा के पास ट्रक को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगी रेलिंग से टकरा गई। हादसे में 9 श्रद्धालु घायल हो गए और बस क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद बस में सवार श्रद्धालुओं में अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे में घायल श्रद्धालु कौशल्या पत्नी छद्धू, सुमित्रा पत्नी अनिल जायसवाल, शीतल पुत्र विनोद निवासी ग्राम सिकरीगंज, सरस्वती पत्नी महावीर यादव, महावीर यादव पुत्र राम वली यादव, कौशल्या पत्नी रामकेश निवासी ग्राम बनकटी, मंजू पत्नी दयाराम निवासी ग्राम बेलघाट, भानमति पत्नी लक्ष्मण निवासी ग्राम चांवरिया, रमाशंकर पुत्र मदन निवासी ग्राम वीकू भैंसा जनपद गोरखपुर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को बस से सुरक्षित बाहर निकलवाया और उपचार के लिए सीएससी भेज दिया। सीएससी पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपनिरीक्षक मानव सागर ने बताया कि बस चालक के अनुसार वह बस को ट्रक से ओवरटेक कर रहा था तभी बस डिवाइडर से टकरा गई। सभी घायलों को सीएचसी इलाज के लिए भेज दिया गया।

## शाहजीपुर में बजरंग दल महानगर द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का समापन



शाहजहांपुर। बजरंग दल महानगर, शाहजीपुर द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखण्डों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरानखिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में विवेकानन्द नगर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का पुरस्कार अपने नाम किया। कार्यक्रम के समापन के बाद विजेता टीम को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में रमेश, राहुल कनौजिया, हर्षित गुप्ता, सोनू सिंह, कुनाल राठौर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नदी में डूबे युवक का 5वें दिन मिला शव

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा



सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

नदी में डूबे युवक का शव पांचवें दिन बरामद होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने शव की पहचान रामसेवक उर्फ सुखदेव के रूप में की है। सिधौली क्षेत्र गांव महाऊदुर्ग निवासी रामसेवक उर्फ सुखदेव बीते बुधवार तड़के करीब 3 बजे नदी के किनारे गए थे। बताया जा रहा है कि पानी पीने के दौरान उनका पैर फिसल गया, जिससे वह नदी में गिरकर डूब गए और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही परिजन और ग्रामीण लगातार उनकी तलाश में जुटे हुए थे। रविवार सुबह करीब 9 बजे खन्नौत नदी में थाना सदर व रौजा क्षेत्र के बिलरिया गांव के पुल के पास झाड़ियों में एक शव फंसा हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और कपड़ों के आधार पर शव की पहचान रामसेवक उर्फ सुखदेव के रूप में की। इसके बाद 112 डायल पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। परिजन घटना के बाद से लगातार अलग-अलग दिशाओं में युवक की तलाश कर रहे थे। कुछ लोग हरदोई जनपद के शाहाबाद क्षेत्र की ओर खोजबीन कर रहे थे, जबकि कुछ लोग नदी किनारे शाहजहांपुर की दिशा में तलाश में लगे थे। इसी दौरान बिलरिया गांव के पास झाड़ियों में शव दिखाई दिया। शव बुरी तरह से फूल चुका था। मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता और तीन बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सिधौली निवासी रामवीर ने बताया कि बिलरिया गांव के पास नदी में हमारे बहनोई रामसेवक उर्फ सुखदेव का शव बरामद हुआ है। एसडीआरएफ भी दो दिन तक तलाश करती रही लेकिन शव नहीं मिला था शव न मिलने पर वह बरेली रवाना हो गई थी। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि बिलरिया गांव के समीप नदी में डूबे व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## राजकीय महाविद्यालय कांट में रोवर्स-रेंजर्स शिविर का दूसरा दिन, छात्रों को गांठ, सीटी और टेंट लगाने का दिया प्रशिक्षण

कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



राजकीय महाविद्यालय कांट में रविवार को रोवर्स-रेंजर्स प्रवेश एवं निपुण शिविर के दूसरे दिन विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट-गाइड ध्वज फहराने, प्रार्थना और झंडा गीत के साथ किया गया।शिविर का संचालन डॉ. जितेन्द्र कुमार के निर्देशन में किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य प्रशिक्षक करुण कुमार पांडेय और सुश्री खुशी श्रीवास्तव ने स्काउट-गाइड झंडा फहराकर की। इसके बाद प्रशिक्षकों ने रोवर्स-रेंजर्स को व्यायाम कराया और अनुशासन व शारीरिक दक्षता के महत्व के बारे में जानकारी दी।प्रशिक्षकों ने छात्रों को रस्सियों में विभिन्न प्रकार की गांठें लगाने और अलग-अलग प्रकार की सीटियां बजाने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही संकट के समय इन गांठों और सीटियों के उपयोग तथा उनकी उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इसके अलावा शिविर में छात्रों को टेंट लगाने की विधि भी सिखाई गई। कार्यक्रम का समापन प्रार्थना और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनन्द कुमार, प्राध्यापक मुकेश कुमार, योगेंद्र प्रताप सिंह सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम: अधीक्षक

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज। जिला कारागार में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त परीक्षा बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित कराई गई, जिसका उद्देश्य निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाना तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व कारागार अधीक्षक जेपी तिवारी ने बंदियों को शुभकामनायें दी और सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बंदियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को नई दिशा दे सकता है तथा समाज में सम्मानपूर्वक पुन: स्थापित हो सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मन लगाकर परीक्षा देने और शिक्षा के प्रति निरंतर रुचि बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कारागार में निरुद्ध बंदियों में से 55 बंदियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। बंदियों में इस परीक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने पूरी लगन के साथ परीक्षा दी। उत्तीर्ण बंदियों को मंत्रालय द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। कारागार प्रशासन द्वारा बंदियों के शैक्षिक एवं बौद्धिक विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न शिक्षात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उल्लास परीक्षा का आयोजन भी इसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका उद्देश्य बंदियों को साक्षर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में पुन: स्थापित करने में सहायक बनाना है।

# बाबा साहब और कांशीराम के सपनों को साकार करने का कार्य कर रही सपा: तनवीर

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

- कांशीराम के 92वीं जयंती पर बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में मनाई




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी के 92 वीं जयंती के अवसर पर बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में विशाल जनसमूह के साथ महानगर शाहजहांपुर के ईदगाह रोड कोहिनूर मैरिज लांन में मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और कांशीराम जी के व्यक्तित्व पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी अमित यादव ने सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का चित्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हर समाज को जोड़कर व अपने साथ लेकर पीडीए और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी व बहुजन नायक मान्यवर काशीराम जी के सपनों को साकार करने का कार्य समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बहुजन नायक मान्यवर काशीराम जी ने दबे कुचले व सोते हुए समाज को जगाने का काम किया था जिन जातियों को तोड़ा गया था और बांटा गया था उन सभी को जोड़ने का काम किया था। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अमित यादव ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पूरे उत्तर प्रदेश के विकास कर ठप हो चुके हैं और महानगर शाहजहांपुर में कोई भी विकास कार्य नहीं हुए हैं नगर विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह से विकास कार्य से अछूत है। इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार बदले के भावना से कार्य कर रही है भाजपा सिर्फ देश और प्रदेश में नफरत का जहर घोलकर और जनता को धर्म के नाम पर बाटकर देश और प्रदेश का भाईचारे वाला माहौल खराब कर रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नेता कमल किशोर कठेरिया, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद गौतम, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप,सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल,132 जलालाबाद विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल सिंह यादव,133 तिलहर विधानसभा अध्यक्ष संदीप कुमार यादव,134 पुवायां विधानसभा अध्यक्ष विपिन कुमार दीक्षित उर्फ नीतू,135 नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,136 ददरौल विधानसभा अध्यक्ष मुनेंद्र पाल सिंह यादव, सपा नेता राजवीर सिंह वाठ,सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार,सपा नेता अरविंद पाल, सपा नेता दोद राम वर्मा, सपा नेता गोपाल अग्निहोत्री, सपा नेत्री डॉक्टर सूची कश्यप, सपा नेत्री शारदा राज पासी,युवज़न सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव, महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया सपा लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव,युवज़नसभा के जिला अध्यक्ष आकाश यादव, छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष सुबहान खान, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, आनंद शुक्ला,विपिन यादव,महावीर यादव, बबल किशोर वाल्मीकि, विष्णु कनौजिया आदि ने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर सपा जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह यादव, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारुकी,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह यादव, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जिला अध्यक्ष सचिन कुमार कनौजिया, मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष मनोज़ वर्मा, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, लल्ला सिंह यादव, नसीम खान, पार्वती सैनी, नीलम, सर्वेश राठौर, जाफरीन, सरताज अली इदरीसी, कौशल यादव, मोहम्मद ज़की, अमन गुर्जर, बृजपाल सिंह यादव, राम रतन लाल सोनी, जितेंद्र सिंह, मोहम्मद फैसल, शब्बन अंसारी,अरशद खान, पवन वर्मा, शफीकुर रहमान, उमेंद्र यादव नौशाद खान डॉक्टर आदेश मनोज शंखवार पी. एल गौतम, सचिन गौतम, जितेंद्र सिंह वर्मा आनंद कुमार गौतम, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव ने किया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न

- 13 केंद्रों पर दूसरे दिन 6945 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 2175 गैरहाजिर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा दूसरे दिन रविवार को दो पाली में जिला प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 10 से 12 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न तीन से पांच बजे तक परीक्षा हुई। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर विशेष प्रबंध किए गए और हेल्प डेस्क पर अधिकारियों ने बैठकर अभ्यर्थियों व अभिभावकों की मदद की। परीक्षा को सकुशल और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों द्वारा बराबर निगरानी रखी गई। डीआईओएस हरिवंश कुमार द्वारा परीक्षा की उपस्थिति व अनुपस्थिति आंकडे उपलब्ध कराएं गये। जिसके अनुसार पहली पाली में 1107 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कुल पंजीकृत 4560 के सापेक्ष 3453 ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी पाली में 3492 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 1068 गैरहाजिर रहे। कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों की संख्या 4560 थी। बता दें कि दोनों पाली में कुल 9120 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 6945 ने परीक्षा दी और 2175 ने परीक्षा छोड़ दी।




> जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करा ली गई है। किसी भी सेंटर पर कोई दिक्कत की शिकायत नहीं आई। ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ रखने के लिए पुलिस प्रशासन को लगाया गया था। परीक्षार्थियों को मेरी अग्रिम शुभकामनाएं।
>
> **-धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएम**

> जनपद में दो दिन आयोजित पुलिस परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा ली गई है। परीक्षा में सम्मिलित हुए, सभी परीक्षार्थियों को मेरी ओर से अग्रिम शुभकामनाएं। साथ ही परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी कार्मिकों को भी धन्यवाद, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए परीक्षा को सकुशल संपंन कराया।
>
> **-रजनीश कुमार मिश्रा, एडीएम प्रशासन।**

# रात भर मिट्टी के अवैध खनन को गरजती रही जेसीबी

- आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्रालियां मिट्टी भरकर भरती रहीं फर्राटे
- तहसीलदार दीपेंद्र कुमार ने राजस्व टीम से कराई पड़ताल, भेजी उच्चाधिकारयों जांच रिपोर्ट

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र में खनन माफिया इस कदर हावी हैं कि मिट्टी खनन का हाल ही में एक डंपर पकड़े जाने के बाबजूद बीती पूरी रात बेखौफ माफिया प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए अवैध ढंग से मिट्टी खनन करते रहे। आधा दर्जन ट्रेक्टर ट्रालियां के साथ जेसीबी मशीन गरजती रही। खनन की वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए राजस्व टीम ने स्थलीय पड़ताल कर रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

शनिवार रात क्षेत्र में राजनपुर से शिवदासपुर क्षेत्र तक पूरी रात मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रालियां फर्राटे भारती रहीं। वहीं जेसीबी मशीन खेत में गरजते हुए धरती का सीना चरती रही। ग्रामीणों के मुताबिक रात भर अवैध खनन चलता रहा। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े स्तर पर हो रहे इस खेल को रोकने के लिए कहीं भी प्रशासन की सख्ती नजर नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में यह कोई पहली घटना नहीं है। काफी समय से रात के अंधेरे में इसी तरह मिट्टी का अवैध खनन किया जाता है। बड़ा सवाल यह है कि क्या खनन माफियाओं को नेता अथवा प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है ?

आखिर इतनी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और जेसीबी मशीन पूरी रात चलती रहें। और प्रशासन को भनक तक न लगे यह बात लोगों के गले नहीं



उतर रही। अवैध खनन से जहां सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं पर्यावरण का प्रभावित होना स्वाभाविक है। गौर तलब है कि तीन दिन पूर्व ही एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार मनु माथुर ने टीम के साथ रात के 12 बजे ब्लॉक रोड पर मिट्टी भरकर ले जाए जा रहे डंपर को पकड़कर सीज कर दिया था। जो पुलिस अभिरक्षा में बाकायदा शोभायमान है। बाबजूद इसके खनन माफिया का मिट्टी खनन का खेल बड़े स्तर पर जारी है। शनिवार की रात से सुबह नौ बजे तक खनन का सिलसिला जारी रहा। यूं तो खनन कभी भी और कहीं भी होता है। लेकिन माह के द्वितीय शनिवार व रविवार की छुट्टी के चलते माफिया इसका भी लाभ लेने से भला कैसे चूक सकते हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या प्रशासन इस पूरे मामले पर कार्रवाई करेगा? या फिर खनन माफियाओं का यह खेल यूं ही चलता रहेगा ? क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध खनन में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले में हल्का दरोगा गौरव शर्मा ने भी मौके पर जाकर खनन क्षेत्र की वीडियो ग्राफी कराकर कोतवाल जुगुल किशोर पाल को अवगत कराया है। उधर तहसीलदार दीपेंद्र कुमार ने बताया कि राजस्व टीम को मौके पर भेजकर स्थलीय पड़ताल कराई गई। जिसमें खनन होने की पुष्टि होने पर जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

# हैवान पति ने ससुराल में पत्नी की गर्दन पर किया चाकू से बार, हालत नाजुक



- पुलिस ने हत्या के प्रयास की दर्ज की नामजद रिपोर्ट
- आरोपी पति को लिया हिरासत में

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

दहेज की मांग को लेकर पति इस कदर हैवान हो गया कि मायके गई पत्नी को मारने उसके घर तक पहुंच गया। और पत्नी को मौत के घाट उतारने को उसके बाल पकड़ गर्दन पर चाकू से प्रहार कर दिया। चीख सुन दौड़े परिजनों ने उसे पकड़ लिया। और किसी तरह उसकी जकड़ से बेटी को छुड़ाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया। जिसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़िता की ओर से उसके पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्त में ले लिया है।

नगर की कांशीराम कॉलोनी में रहने मो रफी ने बेटी सायना का करीब दो साल पहले नगर के ही मोहल्ला पक्का कटरा निवासी अफजाल बैंड वाले के बेटे सोहेल के साथ निकाह हुआ था। आरोप है कि शुरू से ही सोहेल उसके मायके बालों से दहेज की मांग करने लगा। माता पिता द्वारा असमर्थता जताए जाने पर वह उसे आए दिन प्रताड़ित करता था। करीब एक पखवाड़े पूर्व पति सोहेल ने घर में आग लगा दी। उसके बाद वह अपने मायके काशीराम कॉलोनी आ गई। सायना का आरोप है कि शनिवार रात करीब आठ बजे उसका पति सोहेल उसके मायके में आ गया। और उसने हैवानियत की हद पार करते हुए उसके बाल पकड़कर उसकी गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। जिससे उसके गर्दन पर बड़ा जख्म हो गया। उधर सूचना पर कोतवाल जुगुल किशोर पाल पिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ सायना को आनन फानन में सीएचसी भिजवाया।

कोतवाल ने बताया कि सायना की ओर से उसके पति सोहेल के खिलाफ घर में घुसकर हत्या का प्रयास करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूंछताछ की जा रही है।

# उत्तराखंड सीएम पुष्कर धामी ने प्रिया चौहान को किया सम्मानित

- उत्तराखंड टॉपर बनीं 45वीं रैंक हासिल करने वाली प्रिया चौहान

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर निवासी पूर्व बीडीओ स्व कृपाल सिंह की धेवती व प्रमोद सिंह की भांजी ने होम मिनिस्ट्री दिल्ली में एकाउंट ऑफिसर पद पर सेवाएं देते हुए यूपीएससी परीक्षा में 45 वीं रैंक हासिल करने बाली उत्तराखंड टॉपर प्रिया सिंह चौहान को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा स्थित निज निवास पर सम्मानित किया। सीएम श्री धामी द्वारा उत्तराखंड टॉपर प्रिया सिंह चौहान को खटीमा स्थित निज निवास पर आमंत्रित किया गया था। रविवार को प्रिय माता पिता के साथ सुबह करीब दस बजे सीएम आवास पर पहुंचीं। इस मौके पर 46 वीं रैंक हासिल करने बाली उत्तराखंड की शांभवी तिवारी भी वहां पहुंचीं। जिन्हें श्री धामी ने शॉल ओढ़ाकर और भगवद गीता व स्वामी विवेकानंद की जीवन परिचय पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। बता दें कि तिलहर नगर के मौजमपुर निवासी स्व कृपाल सिंह की बेटी कमलेश चौहान व दामाद रविन्द्र सिंह चौहान की बेटी प्रिया सिंह ने 2022 में यूं तो होम मिनिस्ट्री दिल्ली में एकाउंट ऑफिसर पद पर ज्वाइनिंग की। लेकिन आईएएस ऑफिसर बनने का जुनून बरकरार रहा। और प्रिया ने यूपीएससी 2025 मेंस परीक्षा में 45 वीं रैंक हासिल कर माता पिता के साथ ही अपने ननिहाल पक्ष को भी गौरवान्वित किया है। प्रिया सिंह के पिता इलेक्ट्रिकल इंजीनियर पद से रिटायर हैं। जबकि प्रिय के बड़े भाई शांतनु सिंह चौहान स्वयं के हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट की सेवाएं दे रहे हैं। प्रिया की इस उपलब्धि से काशीपुर में माता पिता व भाई के साथ ही तिलहर में पेट्रोलपंप स्वामी मामा प्रमोद कुमार सिंह भी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने से बेहद प्रफुल्लित हैं।



# नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, सदर बाजार पुलिस ने भेजा जेल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार 14 मार्च 2026 को एक महिला ने थाना सदर बाजार में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि आर्य नगर कॉलोनी चिनौर निवासी सत्यवीर सिंह ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मु.अ.सं. 98/2026 के तहत धारा 75, 351(3) बीएनएस तथा 9एम/10 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने रविवार दोपहर करीब तीन बजे चिनौर तिराहे स्थित अवंती बाई पार्क के पास से आरोपी सत्यवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की उम्र 53 वर्ष है और वह आर्य नगर कॉलोनी, चिनौर का रहने वाला है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बसपा जिलाध्यक्ष ने मान्यवर कांशीराम जी को किया याद

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह गौतम के नेतृत्व में आज ग्रेटर नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पहुंचे जहां पर उन्होंने दलितों के मसीहा एवं बहुजनों के प्रेरणा स्रोत मान्यवर कांशीराम साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनका जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी संतान पाल गौतम विधानसभा महासचिव पूर्व विधानसभा प्रभारी पूर्व प्रत्याशी एवं संभावित प्रत्याशी प्रमोद कुमार गौतम सकुलिया डॉक्टर अजय कुमार बड़ागांव जिला पंचायत के संभावित प्रत्याशी एवं पूर्व प्रत्याशी एवं जिला पंचायत के संभावित प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने जोरदार नारे लगाकर मान्यवर कांशीराम साहब अमर रहे बहन कुमारी मायावती जी जिंदाबाद डाक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब अमर रहे जैसे नारे लगाकर जोश खरोश के साथ कांशीराम जी का जन्मदिन मनाया जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह गौतम ने बताया की 15 मार्च को प्रतिवर्ष बहुजनों के महानायक मान्यवर श्री कांशीराम जी का जन्मदिन पूरे देश में मनाया जाता है इसी कड़ी में बरेली एवं मुरादाबाद मंडल के कार्य कर्ताओं को आज महादलित प्रेरणाय स्थल नोएडा पहुंचना था जिसमें भारी संख्या में जिला शाहजहांपुर के कार्यकर्ता पहुंचे वहीं विधानसभा प्रभारी संतन पाल गौतम ने भी अपने संबोधन में कहा की प्रत्येक कार्यकर्ता को मान्यवर कांशीराम साहब के कठिन परिश्रम से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर दलित मुसलमान और पिछड़े मजदूर वर्ग के लोगों को एकत्रित कर उन्हें राजनीति की मुख्य धारा से जोड़ना आज की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। जलालाबाद के वरिष्ठ बसपा कार्यकर्ता एवं संभावित प्रत्याशी आकिल सिद्दीकी नेवी अपने विचार व्यक्त किए इस मौके पर मोहम्मद तारिक खान उमेश सिंह विधानसभा अध्यक्ष तिलहर नीरज भास्कर प्रधान छुटकाई लाल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन सीईओ ने गंगा एक्सप्रेस वे का किया निरीक्षण

- सीईओ बोले एक्सप्रेस वे बनकर तैयार, सीएम की हरी झंडी का इंतजार

**शाहजहांपुर।** मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस वे की सौगात जल्द जनपदवासियों को मिलने जा रही है। रविवार को स्टेट ट्रांसफोर्मेशन कमीशन के सीईओ तथा प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शाहजहांपुर के जलालाबाद तहसील में गंगा एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया। उन्होंने हवाई पट्टी, रेस्ट रुम भवन, शौचालयों की व्यवस्था आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान एक्सप्रेस वे किनारे बने रेस्ट रूम परिसर में पौधारोपण भी किया। साथ ही पार्किंग एरिया,दुकानें आदि देखी। इस अवसर पर सीईओ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार है। हाईवे के किनारे सुरक्षा दीवार बनाने का काम चल रहा है। इसके लोकार्पण के लिए केवल मुख्यमंत्री की हरी झंडी का इंतजार है । एक से दो महीने के भीतर एक्सप्रेस-वे को शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान एडीएम वित्त अरविंद कुमार, तहसील के अधिकारी, यूपीडा के कार्मिक आदि मौजूद रहे।



# फर्जी बैनामे के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**शाहजहांपुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत खुदागंज थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने जमीन के फर्जी बैनामे से जुड़े मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, 23 सितंबर 2025 को वादी की तहरीर पर थाना खुदागंज में मुअसं 223/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 338, 336(3) व 340(2) में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि ग्राम मझिला निवासी संजीव सिंह पुत्र रोहन सिंह ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वादी की जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया था। मामले के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। रविवार को प्रभारी निरीक्षक खुदागंज के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर से आरोपी के संबंध में सटीक सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर सुबह करीब 10:21 बजे देवा नदी से लगभग 100 मीटर पहले रास्ते से आरोपी संजीव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य आरोपितों की भी तलाश कर रही है।

# तेज आंधी और बारिश से फसलें चौपट, किसानों की बढ़ी मुसीबतें

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- मंसूबों पर फिरा पानी, सरकार से मुआवजा दिलाएं जाने की मांग



क्षेत्र में बेमौसम हुई बारिश ने किसानों की मुसीबतें बढ़ा दी है। गेहूं के साथ साथ आलू तथा सरसों की फसलों को भारी नुक़सान होने की किसान आशंका जता रहे हैं। रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया और तेज हवा तथा तेज बिजली की गड़गड़ाहट के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई जिससे किसानों की गेहूं की फसल जमीन पर गिरकर चौपट हो गई। साथ ही क्षेत्र में कुछ किसानों की पकी हुई सरसों की फसल जमीन पर कटी हुई पड़ी थी जोकि तेज बारिश होने के कारण जलमग्न हो गई जिससे फसल खराब होने की कगार पर है। इसके साथ ही कुछ किसानों की आलू की भी फसल अभी तक खेतों में ही पड़ी हुई है। खुटार क्षेत्र के कुछ किसानों का कहना है कि बैंक से कर्ज लेकर फसल बोई थी जोकि कटाई की कगार पर थी लेकिन बेमौसम हुई बारिश से गेहूं की फसल जमीन पर गिरकर चौपट हो गई है। जिससे अनेकों समस्याएं उत्पन्न होने का डर बना हुआ है। किसानों ने सरकार से सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाएं जाने की मांग की है।

# पिपरिया जयभद्र गांव में वरुण गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया जयभद्र निवासी युवा नेता राहुल पांडे के नेतृत्व में वरुण गांधी का 46 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया।

आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सम्मानित ग्राम वासियों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं है।युवा नेता राहुल पांडे ने इस अवसर पर कहा कि वरुण गांधी का संघर्ष,स्पष्ट विचार और जनता के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है। ईश्वर उन्हें सदैव सफलता और दीर्घायु प्रदान करें। ग्राम पंचायत पिपरिया जयभद्र में साथी युवाओं के द्वारा केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया।वरुण गांधी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्य रूप से ठाकुर प्रसाद भारती, शिवम यादव, आशीष पांडे, अरविंद पांडेय, राजेंद्र गिरी, राहुल राठौर, कपिल पांडे,राहुल पांडे,राजू, सानू, बृजेश पांडे,दिनेश गिरी, साहिल पांडे, हरिराम पांडे, राजीव कश्यप, रामकृपाल भारती, दिनेश शर्मा, विनोद शर्मा, सतीश पांडे सहित बड़ी संख्या में गांव के अन्य ग्रामवासी शामिल हुए हैं।



# श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न

- वित्त मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु-संतों का बोला धन्यवाद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर स्थिति चित्रा टाकीज में चल रहे सम्मेलन एवं भंडारा प्रसाद वितरण के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। चित्रा टॉकीज शाहजहाँपुर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा था, जिसका रविवार 15 मार्च को पूर्णाहुति के साथ संत सम्मेलन एवं भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन से पधारे कथाव्यास डा दामोदर दीक्षित जी (साहित्य, व्याकरण एवं संगीताचार्य) कथा श्रवण करा रहे थे, जिसका भक्तों ने खूब लाभ लिया। साथ ही संत सम्मेलन* में अनेक महापुरुष, पटना विहार से पधारे स्वामी सत्यानंद जी, रायबरेली से पधारे स्वामी ज्योतिर्मयानन्द हरिद्वार से पधारे स्वामी अक्षयानंद, उरई से पधारे पंडित अवधेश दीक्षित, बरेली से पधारे पंडित ब्रजेश पाठक, पीलीभीत से पधारे पंडित शिवकुमार सुमन, बरेली से पधारे पंडित रामदुलारे त्रिगुणायत आदि के दर्शन एवं आशीर्वचन सुनने का लाभ मिला। संचालक आचार्य रामानंद दीक्षित रहे, संतों के प्रवचन पश्चात वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का उदबोधन हुआ, उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संतों को धन्यवाद प्रेषित किया, तदोपरांत भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। भंडारा आयोजन में सांसद, विधायकगण, एमएलसी, महापौर, पार्षदगण, ब्लॉक प्रमुख एवं शहर के अनेक गणमान्य मौजूद रहें। आयोजन के मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना ने परिवार सहित सभी संत महापुरुषों का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। चंद्र शेखर खन्ना (धीरू खन्ना), रागिनी खन्ना, जय प्रकाश खन्ना, रोली खन्ना, राज शेखर खन्ना, ओम शेखर खन्ना, कौस्तुभ खन्ना, डा राम मेहरोत्रा, मीरा मेहरोत्रा, सोमनाथ कपूर एवं सरिता कपूर, ध्रुवनारायन मेहरा, सुधा मेहरा, आदि की पावन उपस्थिति एवं सहयोग रहा।



# भारत का वायु रक्षा में क्रांतिकारी कदम

उन्नत माध्यमिक लड़ाकू विमान को 5.5वीं और छठी पीढ़ी में अपग्रेड करना भारत की रक्षा क्षमताओं में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी वायु सेना को मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी तकनीकों पर जोर दिया है। 'एमका' कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 2026 तक, 'एमका' को 5.5वीं पीढ़ी और आगे छठी पीढ़ी के स्तर तक अपग्रेड करने की योजना ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। इस योजना के तहत, नई स्टैल्थ तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के उपयोग पर जोर दिया गया है। सवाल उठता है कि क्या यह भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति को कैसे मजबूत करेगा और क्या यह अमरीका तथा चीन से मुकाबला करने में सक्षम होगा? 'एमका' कार्यक्रम की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) की एयरोनॉटिकल डिवैल्पमैंट एजैंसी (एडीए) ने 5वीं पीढ़ी के स्टैल्थ फाइटर जैट विकसित करने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि 'एमका' एक ट्विन-इंजन, सिंगल-सीट विमान है, जिसका वजन लगभग 27 टन है और यह मैक 2.15 की गति से उड़ान भर सकता है। एम.के.1 संस्करण जी.ई. एफ-414 इंजन का उपयोग करेगा, जबकि एम.के.2 को 110-120 के.एन. थ्रस्ट वाले नए इंजन से लैस किया जाएगा, जो फ्रांस की साफरान या अन्य सांझेदारों के साथ सह-विकसित होगा। 2026 तक, 'एमका' एम.के.2 को 5.5वीं पीढ़ी का दर्जा दिया जा रहा है, जिसमें छठी पीढ़ी की विशेषताएं जैसे ए.आई. संचालित इलैक्ट्रॉनिक पायलट और प्रेडिक्टिव मेंटेनैंस शामिल हैं। इसका प्रोटोटाइप रोलआऊट 2028 के अंत तक और पहली उड़ान 2029 में होने की उम्मीद है, जबकि इंडक्शन 2035 तक हो सकता है। यह अपग्रेड भारत को अमरीका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करेगा, जो 5वीं पीढ़ी के विमान संचालित करते हैं। जानकारों का मानना है कि 'एमका' में अपनाई जा रही नई स्टैल्थ तकनीक भारत की वायु रक्षा को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करेगी। स्टैल्थ का मतलब है राडार से बचाव, जो विमान को दुश्मन की नजरों से छिपा कर रखता है। 'एमका' में डाइवर्टरलैस सुपरसोनिक इनलेट, सर्पेंटाइन एयर इनटेक डक्ट और उन्नत राडार-एब्जॉर्बेंट मैटीरियल्स का उपयोग किया जा रहा है। ये विशेषताएं राडार सिग्नेचर को न्यूनतम करती हैं, जिससे विमान दुश्मन के वायु रक्षा सिस्टम को भेद सकता है। यह तकनीक 'एमका' को चीनी जे-20 या अमरीकी एफ-35 जैसे विमानों से बेहतर छिपाव प्रदान करेगी। गौरतलब है कि 'एमका' में 'इलैक्ट्रॉनिक पायलट' नामक ए.आई.-सिस्टम होगा, जो पायलट के साथ सहयोगी की भूमिका निभाएगा। यह ए.आई. खतरे का पता लगाने, रूट ऑप्टिमाइजेशन, कॉम्बैट स्ट्रैटेजी और मिशन प्लानिंग में मदद करेगा। इसके अलावा, ए.आई.-आधारित प्रेडिक्टिव मेंटेनैंस से विमान की उपलब्धता दर 75 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो वर्तमान विमानों से कहीं अधिक है। सैंसर फ्यूजन और नैटवर्क-सैंट्रिक वारफेयर सिस्टम 'एमका' को ड्रोन स्वार्म्स और अन्य प्लेटफॉर्म्स के साथ एकीकृत करेगा। यह छठी पीढ़ी की दिशा में कदम है, जहां ए.आई. स्वायत्त निर्णय लेने में सक्षम होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह अपग्रेड भारत की वायु सेना को आधुनिक युद्धों में बढ़त देगा, जहां ए.आई. और स्टैल्थ निर्णायक कारक हैं। रक्षा विशेषज्ञ यह सवाल भी उठा रहे हैं कि इस अपग्रेड से भारत की वैश्विक वायु क्षेत्र में स्थिति कैसे सुधरेगी? यह स्वदेशी तकनीक पर निर्भरता बढ़ाएगा, जो आयात पर निर्भरता कम करेगा। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन की कमी है और 'एमका' इस कमी को पूरा करेगा। स्टैल्थ और ए.आई. से लैस 'एमका' भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मजबूत डिटरैंस प्रदान करेगा। चीन के साथ सीमा विवादों में 'एमका' जे-20 का मुकाबला कर सकेगा, जो वर्तमान में भारत के लिए चुनौती है। पाकिस्तान के चीनी जे-10 या जे.एफ.-17 के खिलाफ भी यह श्रेष्ठ होगा। वैश्विक स्तर पर, 'एमका' भारत को क्वाड (भारत, अमरीका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों में मजबूत भागीदार बनाएगा। यह एशिया में पावर बैलेंस को भारत के पक्ष में झुका सकता है, क्योंकि यह चौथा देश होगा, जो स्वदेशी 5वीं पीढ़ी का विमान विकसित करेगा। उल्लेखनीय है कि अमरीका के एफ-22 और एफ-35 परिपक्व तकनीक वाले लड़ाकू विमान हैं, जिनमें दशकों का अनुभव है। 'एमका' की स्टैल्थ और ए.आई. विशेषताएं एफ-35 से तुलनीय हैं लेकिन उत्पादन और संचालन अनुभव की कमी एक कमजोरी है। हालांकि, 'एमका' की लागत कम होगी और यह भारत की विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप होगा। वहीं चीन के जे-20 के खिलाफ 'एमका' की उन्नत स्टैल्थ और ए.आई. बढ़त दे सकती है, खासकर एल.ए.सी. पर, जहां जे-20 की संख्या अधिक है, लेकिन 'एमका' की ए.आई. एकीकरण से भारत गुणवत्ता में आगे निकल सकता है। दावा है कि छठी पीढ़ी की ओर अपग्रेड से 'एमका' अमरीका के 'नैक्स्ट जैनरेशन एयर डोमिनैंस' या चीनी छठी पीढ़ी कार्यक्रमों से मुकाबला अवश्य कर सकेगा। लेकिन वहीं इस परियोजना में चुनौतियां भी हैं। जैसे कि इंजन विकास में देरी, फंड की कमी और समयसीमा का पालन। इसलिए यदि 'एमका' को एक सफल परियोजना बनाना है तो सरकार को समय पर फंडिंग और अंतर्राष्ट्रीय सांझेदारियां सुनिश्चित करनी चाहिए।

# जिसने युद्ध शुरू किया, उसे ही इसे रोकना होगा

पी. चिदम्बरम

ईरान के खिलाफ 28 फरवरी को अमरीका और इसराईल द्वारा शुरू किए गए इस बिना सोचे-समझे युद्ध के नतीजे दुनिया भर में और बहुत दूर तक जाने वाले हैं। 'ऑप्रेशन एपिक फ्यूरी' के दो हफ्तों में, ईरान तबाह तो हो गया है लेकिन हारा नहीं है। युद्ध के पहले ही दिन, अयातुल्ला खामेनेई समेत उसके शीर्ष नेतृत्व की पहली कतार खत्म हो गई थी। ईरान ने जल्दबाजी में एक नया नेता चुना है और एक नया सैन्य नेतृत्व तैयार किया है लेकिन अमरीका-इसराईल गठबंधन ने ऐलान कर दिया है कि उन्हें भी खत्म कर दिया जाएगा। तेहरान, सनंदाज, इस्फ़हान और ईरान के दूसरे बड़े शहरों पर बमबारी की गई है और अब तक लगभग 1300 ईरानी मारे गए हैं और 10,000 से ज्यादा घायल हुए हैं। एक अमरीकी टॉमहॉक मिसाइल एक स्कूल पर गिरी, जिसमें 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए। उन्होंने आखिर क्या गुनाह किया था। ईरान की शासन-प्रणाली के स्वरूप को, जो कि काफी दमनकारी है, एक तरफ रख दें और लोगों पर ध्यान दें। इस तबाही के हकदार बनने के लिए उन्होंने आखिर क्या किया है?

इसराईल के उकसावे पर, अमरीका ने यह आरोप लगाया कि ईरान ने समृद्ध यूरेनियम का जखीरा जमा कर रखा है और परमाणु हथियार बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया है। स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को कतर की मदद से, अमरीका की तरफ से ईरान के साथ बातचीत करने के लिए भेजा गया था। युद्ध शुरू होने की आशंका को देखते हुए, ओमान के विदेश मंत्री तुरंत वाशिंगटन पहुंचे और अमरीका को यह भरोसा दिलाया कि ईरान 'समृद्ध यूरेनियम का जखीरा बिल्कुल न रखने' पर राजी हो गया है और उसने 'कभी भी परमाणु हथियार न रखने' की कसम खाई है। इस भरोसे को नजरअंदाज करते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने अचानक बातचीत खत्म कर दी और ईरान पर हमला करने का आदेश दे दिया। हो सकता है कि ईरान इसराईल के विस्तारवाद के लिए एक खतरा हो लेकिन वह अमरीका के लिए किसी भी तरह का खतरा नहीं है। जून 2025 में ऑप्रेशन मिडनाइट हैमर, जो एक गैर-कानूनी हमला था, के बाद, अमरीका ने दावा किया था कि 'ईरान की यूरेनियम संवर्धन सुविधाएं पूरी तरह से नष्ट कर दी गई हैं'।

मिडनाइट हैमर के बावजूद, अगर ईरान ने लगभग परमाणु हथियार बना ही लिए थे, तो वे कहां हैं? क्या अमरीका ने परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजैंसी से ईरान का निरीक्षण करने और परमाणु हथियारों के विकास पर रिपोर्ट देने के लिए कहा? किस देश के पास परमाणु हथियार होंगे या नहीं, यह तय करने का अमरीका के पास क्या अधिकार है? क्या अमरीका भारत, पाकिस्तान या उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं में दखल देने और उन्हें 'नष्ट करने' का फैसला करेगा?

पश्चिम एशियाई क्षेत्र में इसराईल के दुश्मन हैं। इसकी जड़ें उस समय से जुड़ी हैं, जब इसराईल का गठन उस जमीन पर हुआ था, जो मूल रूप से फिलिस्तीनियों की थी। फिर भी, पिछले कुछ सालों में, इस्लामी देशों सहित पूरी दुनिया ने इसराईल की वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है। हालांकि भारत ने फिलिस्तीन के विभाजन प्रस्ताव (1947) के खिलाफ वोट दिया था, लेकिन बाद में, सितम्बर 1950 में भारत ने इसराईल को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी और 1992 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हो गए। व्यापार, सैन्य सहयोग और खुफिया जानकारी सांझी करने के क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंध काफी फले-फूले हैं।

पश्चिम एशिया के संघर्षों में भारत हमेशा से ही एक संतुलित और संयमित आवाज रहा है, कम से कम अब तक तो यही स्थिति थी। लेकिन हाल के दिनों में, भारत का रुख कुछ हद तक पक्षपातपूर्ण हो गया है। इसका प्रमाण 12 मार्च, 2026 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित उस प्रस्ताव के प्रति भारत का समर्थन है, जिसमें केवल ईरान की ङ्क्षनदा की गई थी। जब इसराईल के प्रधानमंत्री ने भारत, ग्रीस, साइप्रस, अरब देशों, अफ्रीकी देशों और भूमध्यसागरीय देशों को मिलाकर बने एक 'षट्कोणीय गठबंधन' का जिक्र किया, जिसका उद्देश्य 'कट्टरपंथी शिया गठबंधन और उभरते हुए कट्टरपंथी सुन्नी गठबंधन' का मुकाबला करना था, तब भारत ने इस पर विरोध का एक भी शब्द नहीं कहा। ट्रम्प की मनमानी की वजह से, तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर पहुंच गई हैं। अमरीका में महंगाई और ट्रम्प प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है।

होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही, जो ईरान के नियंत्रण में है, लगभग पूरी तरह से रुक गई है। भारत में, एल.पी.जी. सिलैंडर की कमी हो गई है और उनकी कीमतें तेजी से बढ़ाई गई हैं। दुनिया भर के शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए हैं। अनुमान है कि इस युद्ध पर हर दिन 2 अरब डॉलर खर्च हो रहे हैं। इस युद्ध की मानवीय कीमत का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है।

मशहूर सैनिक, जनरल ड्वाइट आइजनहावर ने कहा था कि युद्ध क्रूर, बेकार और बेवकूफी भरा होता है। रूस ने 4 साल पहले यूक्रेन पर हमला किया था, लेकिन वह यह युद्ध जीत नहीं पा रहा। इस बीच, रूस पर कर्ज का बोझ बहुत बढ़ गया है, तेल से होने वाली कमाई घट गई है और रूसी सेना को अब भाड़े के सैनिकों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। ईरान के मामले में, ऐसा कोई संकेत नहीं मिल रहा कि अमरीका इस युद्ध को रोकने वाला है। चूंकि यह युद्ध मशीनों के जरिए लड़ा जा रहा है, इसलिए जब तक मशीनों की सप्लाई जारी रहेगी, अमरीका इस युद्ध को जारी रख सकता है। जब कोई देश युद्ध शुरू करता है, तो उसे यह भी पता होना चाहिए कि उसे कब रोकना है। युद्ध हर देश और हर इंसान का असली चेहरा सामने ला देता है।

जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, तो भारत ने उसकी निंदा नहीं की, बल्कि यह कहा कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है।' जब अमरीका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का अपहरण किया था, तब इस तरह की नसीहतें नदारद थीं। पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा युद्ध में भी ये बातें साफ तौर पर गायब हैं।



*होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही, जो ईरान के नियंत्रण में है, लगभग पूरी तरह से रुक गई है। भारत में, एल.पी.जी. सिलैंडर की कमी हो गई है और उनकी कीमतें तेजी से बढ़ाई गई हैं। दुनिया भर के शेयर बाजार धड़ाम से गिर गए हैं। अनुमान है कि इस युद्ध पर हर दिन 2 अरब डॉलर खर्च हो रहे हैं। इस युद्ध की मानवीय कीमत का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। मशहूर सैनिक, जनरल ड्वाइट आइजनहावर ने कहा था कि युद्ध क्रूर, बेकार और बेवकूफी भरा होता है। रूस ने 4 साल पहले यूक्रेन पर हमला किया था, लेकिन वह यह युद्ध जीत नहीं पा रहा। इस बीच, रूस पर कर्ज का बोझ बहुत बढ़ गया है, तेल से होने वाली कमाई घट गई है और रूसी सेना को अब भाड़े के सैनिकों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। ईरान के मामले में, ऐसा कोई संकेत नहीं मिल रहा कि अमरीका इस युद्ध को रोकने वाला है। चूंकि यह युद्ध मशीनों के जरिए लड़ा जा रहा है, इसलिए जब तक मशीनों की सप्लाई जारी रहेगी, अमरीका इस युद्ध को जारी रख सकता है। जब कोई देश युद्ध शुरू करता है, तो उसे यह भी पता होना चाहिए कि उसे कब रोकना है। युद्ध हर देश और हर इंसान का असली चेहरा सामने ला देता है।*

विचार

# आनंद का आनंद इसी संसार में

*हृदयनारायण दीक्षित*

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिन्दू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु, पक्षी, कीट-पतिंग भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है। लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है।

वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिन्दुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिन्दुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चन्द्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है। परन्तु यह सब बहुत दूर की सम्भावनाएं हैं; जबकि अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सबके आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यन्त्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें तो इसे आनंदमय बनाया जा सकता है। हिन्दुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दुत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, मुलायम (साफ्ट) हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद- सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिन्दू होना हिन्दुता या हिन्दुत्व है।

कुछ विद्वान हिन्दू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं लेकिन यह सही नहीं है। हिन्दू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख अवेस्ता में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ों वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ई0पू0) के शिलालेख में भी हिन्दू शब्द का उल्लेख है। हिन्दू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का घोतक है। डॉ. राधाकृष्णन ने वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में हिन्दू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने धार्मिक आदर्शों की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा कि भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है। जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है। और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है। डॉ. राधाकृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली-भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षो तक मुझे वस्तुओं के सम्बन्ध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है? औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सबकुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केन्द्रीभूत प्रश्नों के सम्बन्ध में बहुत कम जानता है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिन्दू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधीजी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केन्द्र हिन्दुत्व है। संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिन्दू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है। विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिन्दू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिन्दू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिन्दुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिन्दुत्व लोकमंगल का पर्याय है। भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं। किन्तु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है। सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इन्द्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है। उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं। बताते हैं, मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन सम्पदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है। यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

साहित्य



## राज्यसभा का पवित्र स्नान...!

**संजय एम तराणेकर**

*जब जनता का मिज़ाज बदल जाए अचानक,*
*वोटों की नाव डूबने लगे नया बनाओ कथानक।*
*नेताजी के चेहरे पर आए मुस्कान जागे अरमान,*
*अब चलो कर लेते हैं राज्यसभा में पवित्र स्नान!*

*न रैली की धूल न जनता की करना पड़े गुहार,*
*न घर-घर जाकर हाथ जोड़ना पड़ रहें बार-बार।*
*बस पार्टी का हो आशीर्वाद व दिल्ली का विमान,*
*सीधे ही पहुँच जाते हैं राज्यसभा के घाट महान।*

*यहाँ कोई बोले हैं—यह अनुभव का है सम्मान,*
*तो कोई कहता—यह राजनीति का है वरदान।*
*देश की जनता मुस्कुरा के हौले-हौले कह देती है,*
*ये हार का नहीं सियासत का भी नया है प्लान।*






# राशिफल

**मेष:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। परिजनों के सानिध्य व स्नेह से मन प्रसन्न होगा। महत्वकांक्षी मन आय के नये साधनों पर केंद्रित होगा।

**वृषभ:-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय के प्रति मन दुविधाग्रस्त होगा। विभागीय परिवर्तनों से कुच दिक्कतें संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुन:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच का लाभ मिलेगा। प्रणय संबंधों में मन केंद्रित होगा। समय के साथ अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग हों। आलस्य का त्याग करें।

**कर्क:-** आय से ज्यादा व्यय मन को परेशान करेगा। क्षमता से अधिक संसाधनों को जुटाने हेतु मन परेशान होगा। प्रतिकूल स्थिति में घर के वातावरण को खुशहाल बनाने की चेष्ठा करें।

**सिंह:-** परिजनों के किसी बात का बुरा न माने। नैतिक दायित्वों के प्रति लापरवाही न करें। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। संबंधों में अत्याधिक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। आलस्य कतई न करें।

**कन्या:-** बीती बातों का मलाल न करें। भविष्य संबंधी चिंताओं को लेकर मन परेशान होगा। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**तुला:-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। शासन-सत्ता में पकड़ मजबूत होने के साथ आय के नये साधन सुलभ होंगे।

**वृश्चिक:-** मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। परिवार में किसी महत्वपूर्ण कार्य के सार्थक होने के आसार हैं। जीवन साथी के सहयोग से समस्याओं का हल होगा।

**धनु:-** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। दूसरो की निंदा से आपके व्यक्तित्व की गरिमा घट सकती है। महत्वपूर्ण कार्य के हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**मकर:-** मन पारिवारिक समस्याओं को हल करने में केंद्रित होंगे। मिल रहे नये अवसरों का भरपूर लाभ उठाएं। हर मामले में हठ करना ठीक नहीं है। किसी नये संबंध के प्रति निकटता हानिकारक हो सकती है।

**कुंभ:-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक जगत से असंतुष्ट रहेगा। घरेलू समस्याओं को बाहर का तमाशा न बनने दें।

**मीन:-** मन की निराशा किसी कार्य में रुचि लेने में बाधक बनेगी। कुछ संबंधों मन घृणा की अनुभूति करेगा। किसी नये कार्य हेतु यात्रा करनी पड़ सकती है।

# डिजिटल अलगाव नहीं अब परिवेश से जुड़ाव की ओर जूमर्स

*डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा*

जूमर्स का इतनी जल्दी आभासी दुनिया से मोहभंग होगा, यह समझ से परे है पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट से यही सामने आ रहा है। दरअसल, साल 1997 से 2012 तक की अवधि में आई पीढ़ी को जेन जेड या जूमर्स पीढ़ी के रुप में जाना जाता है। यह पीढ़ी इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ पली-बढ़ी पीढ़ी है। डिजिटल सेवी होने से आभासी दुनिया में इस पीढ़ी का अलग ही अनुभव रहा है। पर बहुत कम समय में आभासी दुनिया से इस पीढ़ी का तेजी से मोहभंग हो रहा है। सोशियो-साइको भाषा में कहा जाए तो जूमर्स एनालॉग पुनर्जागरण के दौर में आ गए हैं।

आभासी दुनिया के साथ इस पीढ़ी में जो तेजी से बदलाव देखा जा रहा है वह अब अलगाव की जगह सहभागिता की ओर बढ़ रहा है। एंड्रायड फोन की दुनिया से बाहर निकल कर अब सामाजिक मेल-मिलाप और अकेलेपन के स्थान पर सामाजिकता की ओर रुझान दिखाई देने लगा है। कहीं यह भी संकेत मिलने लगा है कि जूमर्स संस्कृति और आधुनिकता के बीच तारतम्य बिठाने की दिशा में बढ़ने लगे हैं। इस पीढ़ी द्वारा अब आभासी अनुभवों के स्थान पर धरातलीय अनुभवों को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। यही कारण है कि जूमर्स में अब पुरातन को नकार और तथाकथित आधुनिकता को स्वीकार के स्थान पर दोनों में सामंजस्य खोजने की नई सोच विकसित होने लगी है। अब डिजीटल अलगाव के स्थान पर जूमर्स मानवीय संवेदना, जमीनी हालातों के साथ बेबाक होने लगे हैं। यह नई तरह की सामाजिक सामंजस्यता है जिसे सकारात्मक बदलाव के रुप में देखा जाना चाहिए।

जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट प्लेटफार्म पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट में जेन जेड की जीवन शैली और सोच में बदलाव के यह संकेत उभर कर आये हैं। रिपोर्ट के अनुसार जूमर्स की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। अब सप्ताहांत ही नहीं बीच में भी घर से बाहर डिनर लेने, आपसी मेल-मिलाप, दो लोगों के साथ समय बिताने, अपने परिवेश से जुड़ने, डिजिटल दुनिया से बाहर आने की सोच बनती जा रही है। यह डिजिटल दुनिया के दौर में सामाजिकता के लिए सकारात्मक बदलाव माना जा सकता है। यह सब तब है जब सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अधिक समय देने के बावजूद जिस तरह की रील्स देखने को मिल रही है वह बदलाव का स्पष्ट संकेत है। पिछले दिनों बैंक बड़ौदा में खाता खुलवाया लोकप्रिय हुआ या युवाओं द्वारा समूह में सुंदरकांड-हनुमान चालीसा पाठ या भजन गायकी जेन जेड की बदलती मानसिकता की परिचायक है। पिछले दिनों युवाओं में भजन क्लबिंग का दौर देखा जा रहा है। यह बदलाव इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि इंटरनेट-सोशल मीडिया की दुनिया में जूमर्स अब सामाजिकता खोजने लगे हैं। यह सही है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया के स्थान पर अपनी सामाजिक गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पदर्शित करने लगे हैं। यह भले रील्स के माध्यम से ही क्यों ना हो। इसका ताजातरीन उदाहरण सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चंग बजाते, फागुनी गीत गाते युवाओं की टीमों को देखा जा सकता है। इसी तरह सोशल मीडिया पर लोकगीतों और लोक परंपराओं की पालन करती महिलाओं को देखना आम होता जा रहा है। यह सोच के बदलाव का ही परिणाम है। अन्यथा हालात ऐसे होते जा रहे हैं कि एक कमरे में बैठे परिवार के सभी सदस्य चाहे बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चे, सभी स्क्रीन की दुनिया में खोए हुए देखे जाते हैं। बदलाव का यह दौर अब सोशल मीडिया पर तो सक्रिय है पर यह सक्रियता सामाजिकता को दर्शाती मूल्यात्मक सक्रियता है।

टचिंग ग्रास रिपोर्ट में खासतौर से 11 रुझान देखे गए हैं। इनमें कोलोजन इकोनोमी, एल्गोडिट्च, या एल्गोरिदम, साइडक्वेस्टकोर, मिथ मेकिंग आदि है। जेन जेड युवा की समझ में अब प्रतिस्पर्धा का कोई महत्व ना होकर कोलोजन इकोनोमी यानी एक ही काम करने वाले प्रतिस्पर्धा के स्थान पर परस्पर सांठगांठ या समन्वय से कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान देने लगे हैं। सटीक परिणाम पर विश्वास रखने लगे हैं तो स्टेप वाइज आगे बढ़ने की रणनीति अपनाने लगे हैं। पंरपरागत सांस्कृतिक परंपराओं का आधुनिक नाइट लाइफ से सामंजस्य बिठाया जाने लगा है। सोच में बदलाव यहां तक देखा जा सकता है कि अब अकेला होना आत्मविश्वास का परिचायक माना जाने लगा है। जूमर्स आज कलम ढूंढने लगे हैं तो कम्प्यूटर पर अंगुलियां चलाने के साथ लिखने का भी महत्व समझने लगे हैं। आज भले डिजिटल मीडिया कितनी ही तेजी से बढ़ रहा हो पर प्रिन्ट मीडिया की विश्वसनीयता बढ़ी है और टीवी चौनलों की चकाचौंध से आज का युवा दूर हो रहा है। अखबारों की वापसी के संकेत मिल रहे हैं तो जूमर्स की पढ़ने-पढ़ाने की रुचि भी बढ़ने लगी है। पुस्तक मेलों में पाठकों की वापसी होने लगी है। यह कोई कहने की बात नहीं हैं अपितु सामने दिख रही है।

सामाजिक विरुपता को जूमर्स समझने लगे हैं और अब उनका प्रयास सामाजिक परिवेश से जुड़ने का होने लगा है। यह बदलाव का साफ संकेत हैं। टचिंग ग्रास की रिपोर्ट्स से सकारात्मक बदलाव का संकेत सामने आने लगा है और इससे यह लगने लगा है कि तकनीक और व्यावहारिक जगत एक-दूसरे के विरोधी ना होकर एक-दूसरे के पूरक हैं और तकनीक के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव शुभ संकेत माना जाना चाहिए।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार



**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली पुलिस ने महिला से मारपीट और छेड़छाड़ करने वाले आरोपी कों गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। प्राप्त विवरण में 14 मार्च को पीड़िता द्वारा तहरीर दी गयी कि अनुज पुत्र जिद्दी सिंह निवासी ग्राम झऊआ खुर्द थाना रोजा जनपद शाहजहांपुर व 01 अन्य द्वारा उसके साथ छेडछाड़, गाली-गलौज व मारपीट की गयी। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। उप निरीक्षक हरदीप कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### महिला ने लगाया किशोर पुत्री से छेड़छाड़ का आरोप

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर किशोर पुत्री के साथ छेड़छाड़ और धमकाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस कों तहरीर दी है। पीड़िता ने पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसकी 15 वर्षीय पुत्री 13 मार्च की शाम कों 6 बजे शौच के लिए खेत पर जा रही थी। गांव निवासी अवनीश पुत्र खुशीराम ने घात लगाकर उसे पकड़ लिया और बदनियती से उसके साथ जबरदस्ती करने लगा पुत्री के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। आरोपी पीड़िता और उसके परिजनों कों पुलिस से शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस पर भी कोई कार्यवाही न करने का आरोप लगाया है।

### विद्युत कर्मचारी से अभद्रता करने वाले आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद हरदोई।** विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने वाले आरोपी और उसके अन्य साथी के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। अधिशासी अभियंता भजन लाल के अनुसार 12 मार्च कों उपकेंद्र आंझी के ग्राम झोथू पुर में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा सरकारी कार्य किया जा रहा था। झोथपुर निबासी विवेक कुमार ने साथियों के साथ कर्मचारियों कों ब्लपूर्वक सरकारी कार्य करने से रोका और अभद्रता करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। अधिशासी अभियंता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।


### भैंस लेकर आ रही युवती को मारपीट कर किया घायल

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली के अंतर्गत ग्राम तडेर में भैस चराकर वापस आ रही युवती के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आयी है। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़िता प्रिंसी पाल के अनुसार वह रविवार की शाम कों पांच बजे तीन भैंसों कों लेकर खेत से वापस आ रही थी।गांव निवासी रामनरेश पुत्र अज्ञात के खेत के निकट एक भैंस अचानक उनके खाली पड़े खेत में चली गई इसी बात पर विपक्षी ने अपने पुत्र नारेन्द्र और राजेश के साथ मिलकर लात घूसों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। जिससे उसके मुँह में काफ़ी चोट आई है।नारेन्द्र ने हाथ में बांका लेकर उसे जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़िता से लिखित तहरीर लेकर पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है।

### आधार कार्ड केंद्र बंद होने से जनता बेहाल, जन सरोकार मंच ने विधायक से लगाई गुहार

**कछौना, हरदोई।** विकासखंड कछौना में आधार कार्ड सेवाओं की बदहाली स्थानीय निवासियों और मासूम बच्चों के भविष्य के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। क्षेत्र में कहने को तो चार आधार कार्ड केंद्र संचालित हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इनमें से दो महत्वपूर्ण केंद्र महीनों से ताले में बंद हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए जन सरोकार मंच ने क्षेत्रीय विधायक राम पाल वर्मा को ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान की मांग की है। विकासखंड कछौना के अंतर्गत वर्तमान में उप डाकघर, ब्लॉक मुख्यालय, बैंक ऑफ इंडिया और बीआरसी कछौना में आधार केंद्र आवंटित हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, केवल डाकघर और ब्लॉक मुख्यालय के केंद्र ही सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वहीं, बैंक ऑफ इंडिया और बीआरसी कछौना में स्थित आधार केंद्र पिछले कई महीनों से बंद पड़े हैं। आधार कार्ड आज के समय में हर छोटे-बड़े सरकारी और गैर-सरकारी काम के लिए अनिवार्य दस्तावेज बन चुका है। केंद्रों के बंद होने का सबसे बुरा असर छोटे बच्चों (नौनिहालों) पर पड़ रहा है। नए शैक्षिक सत्र के नजदीक आते ही स्कूलों में दाखिले के लिए आधार की अनिवार्यता ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। लोग केंद्रों के चक्कर काटकर थक चुके हैं, जिससे न केवल उनका समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी देरी हो रही है।जनता की इस ज्वलंत समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए जन सरोकार मंच के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक राम पाल वर्मा से मुलाकात की। मंच ने विधायक को बताया कि आधे केंद्र बंद होने से बाकी सक्रिय केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ रही है, जिसका फायदा बिचौलिए भी उठा रहे हैं। विधायक ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आश्वासन दिया है कि वे संबंधित अधिकारियों और बैंक प्रबंधन से बात कर बंद पड़े केंद्रों को जल्द से जल्द शुरू कराएंगे ताकि जनता को राहत मिल सके।अब देखना यह है कि प्रशासन इस ओर कब तक संज्ञान लेता है और कब बंद पड़े केंद्रों पर कब से काम दोबारा शुरू होता है।

### उपभोक्ताओं की गैस एजेंसी पर देखने को मिल रही है भीड़



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** प्रतिदिन आपूर्ति आने के बाद गैस का संकट कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ एजेंसी के बाहर उमड़ पड़ती है। ओटीपी आने के बाद ही उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिया जाता है।कस्बे की एक मात्र गैस एजेंसी पंकज गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रतिदिन हो रही है। इसके बाद संकट कम होने की बजाय बढ़ता जा रहा है। डोर टू डोर आपूर्ति एक सप्ताह से बंद है लोगों को बुकिंग करने के बाद सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। भोर होते ही एजेंसी के बाहर भीड़ जमा हो जाती है। गाड़ी के आने पर भीड़ गाड़ी को घेर कर खड़ी हो जाती है। एजेंसी संचालक अखिलेश पालीवाल ने बताया गैस का कोई संकट नहीं है प्रतिदिन आपूर्ति आ रही है ओटीपी लेकर वितरण किया जा रहा है।


### बाइक दुर्घटना में दो घायल, सदर अस्पताल रेफर

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई बाईक दुर्घटनाओं में दो घायलों को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने एक घायल की हालत नाजुक होने पर उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम सिजवाही निवासी रोहित 40 वर्ष पुत्र सुफला यादव शनिवार की रात मौदहा से बाईक द्वारा अपने गांव जा रहा था तभी कपसा मार्ग पर मौदहा व सिजवाही के बीच सड़क पर जंगली जानवर आने से उसका संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। इधर ग्राम पढ़ोरी निवासी शिवदास 60 वर्ष पुत्र रामदयाल भी एक सड़क दुर्घटना में घायल हो अपना इलाज सरकारी अस्पताल में कर रहा है।

### खेत में काम कर रहे वृद्ध को जंगली सुअरों ने किया घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** ग्राम इंगोहटा में खेत में काम कर रहे एक वृद्ध पर जंगली सूअर ने हमला कर उसे घायल कर दिया जिस पर उसके परिजनों ने उससे लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया है थाना क्षेत्र सुमेरपुर के ग्राम इंगोहटा निवासी टिररू 60 वर्ष पुत्र सुखखू शनिवार की शाम अपने खेत में कृषि कार्य निपटा रहा था तभी वहां मौजूद जंगली सूअर ने उस पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया जिस पर उसके परिजनों ने उसे लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया है जहां ईलाज के बाद उसकी हालत में सुधार है।

### अंतर्राष्ट्रीय कुर्मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष चार दिवसीय यूपी दौरे पर आज



**लखनऊ।** युवाओं को रोजगार एवं स्वजातीय एवं अन्तरजातीय विवाह से लोगों के जीवन में खुशियां लाने वाले अंतर्राष्ट्रीय कुर्मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कालावाडिया अपने चार दिवसीय उत्तर प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय कुर्मी सेना के मीडिया प्रभारी राज कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कुर्मी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कालावाडिया 16 मार्च दोपहर करीब दो बजे लखनऊ पहुंचेंगे। अपने चार दिवसीय दौरे पर यूपी आर रहे जिग्नेश 16 एवं 17 मार्च को लखनऊ के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 18 एवं 19 मार्च को वे प्रयागराज जनपद में सामाजिक कार्यों को लेकर लोगो से संवाद करेंगे। 20 मार्च को वे वापस गुजरात लौटेंगे।

# दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल, एक की हालत नाजुक

**पाली/हरदोई, समृद्धि न्यूज।**





पाली-रूपापुर मार्ग पर शनिवार शाम दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सवायजपुर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया। वहीं दो घायलों को उनके परिजन निजी अस्पताल ले गए। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 7:30 बजे पाली-रूपापुर मार्ग पर खनिकलापुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार युवक उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बाइक पर सवार घायल युवकों की पहचान सवायजपुर क्षेत्र के अमिरता पुरवा गांव निवासी संजय और सर्वेश के रूप में हुई। वहीं दूसरी बाइक का चालक हादसे के बाद बाइक लेकर मौके से फरार हो गया, जबकि उसका साथी घायल अवस्था में घटनास्थल पर ही पड़ा रहा, जिसकी पहचान नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से संजय, सर्वेश तथा अज्ञात घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सवायजपुर पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अज्ञात युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया, जबकि संजय और सर्वेश को उनके परिजन बेहतर इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों के अनुसार एक घायल की हालत नाजुक है।

## बेहटा गोकुल में अवैध कच्ची शराब माफिया सक्रिय, पुलिस बेखबर

▸ कच्ची शराब परोसने का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**टोंडरपुर/हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र में मौत का सामान यानी 'कच्ची शराब' परोसने वाले माफियाओं को पुलिस और आबकारी विभाग ने खुली छूट दे दी है इसीलिए क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के कारोबारी फल-फूल रहे है। जैसे-सिकंदरपुर बाजार, मोहिउद्दीनपुर, अत्तापुरवा उमरौली जैसे कई अन्य गांव में यह गोरख धंधा कई वर्षों से चला आ रहा है। जहां स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग इन कच्ची शराब के व्यापारियों पर मेहरबान है। ज्यादा शिकायतें होने पर आबकारी सहित स्थानीय थाना पुलिस शिकायतकर्ता को गुमराह कर खाना पूर्ति कर अपनी हाजिरी लगाकर कार्यवाही से परहेज करते हुए वापस लौट जाते हैं। जिससे अवैध कारोबारी का हौसला और भी बढ़ता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है, कि ये व्यापारी क्षेत्रीय हल्का दरोगा सहित सिपहियो से शाठ-गांठ कर मोटा कमीशन पहुंचा जा रहा है आखिर इस धंधे पर पुलिस मेहरबान क्यों? जबकि थाना प्रभारी ने माफियाओं को खुली चुनौती देते हुए सख्त लहजे में कहा है कि अब गांवों में कच्ची शराब का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस अब सीधे उन अड्डों पर होगी, जहाँ यह जहर तैयार किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने कड़ा आश्वासन दिया है कि अवैध निर्माण और बिक्री में शामिल हर शख्स को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## पाली से 62 श्रद्धालुओं का जत्था माता ज्वालाजी की दिव्य ज्योति लेने के लिए रवाना

**पाली, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



नगर के माता पथवारी देवी मंदिर से रविवार को 62 श्रद्धालुओं का जत्था माता ज्वाला जी की दिव्य ज्योति लेने के लिए रवाना हुआ। जत्थे में 55 पुरुष और 7 महिलाएं शामिल हैं। श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रवाना किया गया।

मंदिर कमेटी के सदस्य अजय गुप्ता ने बताया कि पाली से सभी श्रद्धालु बस द्वारा शाहाबाद स्थित आंझी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। वहां से ट्रेन द्वारा लुधियाना जाएंगे। लुधियाना से आगे सभी श्रद्धालु बस द्वारा चामुंडा देवी, कांगड़ा देवी, नैना देवी और चिंतपूर्णी देवी के दर्शन करते हुए माता ज्वालाजी मंदिर पहुंचेंगे।

बताया गया कि 18 मार्च को सुबह लगभग 9 बजे श्रद्धालु माता ज्वालाजी की दिव्य ज्योति लेकर वापसी के लिए रवाना होंगे। इसके बाद 19 मार्च रविवार को सुबह करीब 7 बजे जत्था आंझी रेलवे स्टेशन पहुंचेगा। वहां से रथ पर ज्योति को विराजमान कर ढोल-नगाड़ों, डीजे, गाड़ियों और मोटरसाइकिलों के साथ भव्य जुलूस के रूप में पाली लाया जाएगा।

गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से नवरात्रि के अवसर पर पाली स्थित माता पथवारी देवी मंदिर में माता ज्वालाजी की दिव्य ज्योति लाई जाती रही है। जत्थे में अजय गुप्ता, टाइगर बाजपेई, विपिन अग्निहोत्री, अजय बाजपेई सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं।

## पिहानी व मझिया पब्लिक स्कूल में मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

**हरदोई।** रविवार को पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अन्तर्गत मझिया व पिहानी पब्लिक स्कूल हरदोई मे मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ मुख्य वक्ता सदस्य राष्ट्रीय परिषद व क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र अनु मोर्चा पीके वर्मा व उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सत्र के विषय भारतीय जनता पार्टी के इतिहास विकास पर विस्तृत चर्चा करते हुए, मुख्य वक्ता पीके वर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण वर्ग मे प्रमुख रुप से मण्डल अध्यक्ष अमित त्रिवेदी, सत्र अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता,



अभियान संयोजक रामबक्स राठौर, वर्ग प्रभारी नागेन्द्र सिंह राठौड़, सह संयोजन राहुल मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, सत्र अध्यक्ष पीयूष शुक्ला, महामन्त्री दिनेश पाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, अनुराग द्विवेदी, प्रभाकर मिश्रा, स्वस्तिक प्रताप सिंह व रामबाबू शुक्ला सहित मण्डल तथा शक्ति केंद्र पदाधिकारी एवं सक्रिय भाजपा सदस्य उपस्थित रहे।

## 156 सदर विधानसभा में गूंजा बिगुल- युवा समाजसेवी कर्ण सिंह राणा ने भरी हुंकार

**हरदोई।** 156 सदर विधानसभा की सियासत में अब नया जोश और नई ऊर्जा देखने को मिलेगी। क्षेत्र के लोकप्रिय युवा समाजसेवी कर्ण सिंह राणा ने आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती से उतरने का ऐलान कर दिया है। उनके इस निर्णय से समर्थकों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। लगभग एक दशक से अधिक समय से कर्ण सिंह राणा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और जरूरतमंदों की सहायता जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। हर सुख-दु:ख में जनता के साथ खड़े रहने वाले कर्ण सिंह राणा अब व्यवस्था परिवर्तन और व्यापक सामाजिक सुधार के संकल्प के साथ चुनावी रण में उतर रहे हैं। कर्ण सिंह राणा ने स्पष्ट कहा कि उनकी राजनीति पद या प्रतिष्ठा के लिए नहीं, बल्कि जनता के हक और सम्मान के लिए होगी। वे क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही क्षेत्र की आवाज बनकर भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अव्यवस्थाओं और जनसमस्याओं के खिलाफ मजबूती से संघर्ष करेंगे। उल्लेखनीय है कि उनकी दादी श्रीमती सुमन सिंह लगभग पाँच दशकों से भारतीय जनता पार्टी की समर्पित कार्यकर्ता रही हैं। उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफल निर्वहन किया है। संगठन में उनकी सशक्त और स्वच्छ छवि ने कर्ण सिंह राणा को बचपन से ही सेवा और समर्पण की प्रेरणा दी है। अपनी दादी के 50 वर्षों के राजनीतिक अनुभव और संस्कारों को आगे बढ़ाते हुए कर्ण सिंह राणा ने कहा कि वे 156 सदर विधानसभा को विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी का मॉडल बनाएंगे। क्षेत्र की जनता अब एक ऐसे युवा नेतृत्व की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है, जो न केवल सुनता है, बल्कि समाधान भी करता है। कर्ण सिंह राणा का चुनावी मैदान में उतरना 156 सदर विधानसभा की राजनीति में एक नई दिशा और नई चर्चा का संकेत माना जा रहा है।

## दुष्कर्म का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**हरदोई।** हरपालपुर पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। प्राप्त विवरण में 13 मार्च को पीड़िता द्वारा थाना हरपालपुर पर तहरीर दी गयी कि अमन सिंह पुत्र स्व. राजबहादुर सिंह निवासी ग्राम नगरिया साधौ थाना हरपालपुर द्वारा वादिनी के साथ गलत कार्य किया गया। इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना हरपालपुर पर नामजद आरोपी के विरुद्ध पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू की गई। थाना हरपालपुर के उप निरीक्षक महेश कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## कानूनगो एवं लेखपाल के भ्रष्ट रवैया के कारण एसडीएम का आदेश बौना

▸ किसान सुविधा शुल्क न दे पाने के कारण भटक रहा मेड़बन्दी कराने के लिए

▸ किसान को न्याय दिलाने के लिए उप जिला अधिकारी ने दिए थे सख्त आदेश

**मल्लावां, हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

एक ओर तो देश व प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिये सजग रहने व उनके उत्थान के लिये प्रयासरत होने का दावा करती है। वही उसका प्रशासनिक अमला सरकार की योजनाओ में पलीता लगाने का काम करते नजर आते है। ताजा मामला हरदोई जिले के बिलग्राम तहसील के अर्न्तगर्त मल्लावां क्षेत्र से आया है जिसमें पीडित ने हलका कानूनगो वह लेखपाल पर सुविधा शुल्क किसान ना दे पाने के कारण 1 साल से आदेश लिए भटक रहा किसान अधिकारियों के चौखट पर एसडीएम से बड़ा कानूनगो कारण सिर्फ सुविधा शुल्क है नहीं तो अब तक कब की मेड़बंदी हो चुकी होती आपको बताते चलें कि एसडीएम के आदेश के बावजूद मेडबन्दी न करने की शिकायत मुख्यमंत्री से की है। आपको बतातें चलें कि ग्राम श्यामपुर, कस्वा व परगना मल्लावां, तहसील बिलग्राम निवासी दिवाकर मिश्रा ने मुख्यमंत्री उप्र सरकार को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उन्होने अपने खेत गाटा संख्या 75 रकवा 0.21700 के बावत थाकबन्दी का वाद न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई के यहां योजित किया था जिसमें दिनांक 28.05.2025 को मेड़बन्दी कर अपनी आख्या दो सप्ताह में तहसील में प्रस्तुत करने का आदेश हुआ था। लेकिन जब उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तब पीडित ने पुनः उपजिलाधिकारी महोदय बिलग्राम के समक्ष दिनांक 22.11.2025 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर श्रीमान उपजिलाधिकारी बिलग्राम द्वारा शीघ्र ही नापकर समस्या का निस्तारण करने हेतु आदेशित किया गया। तत्पश्चात पीडित कई बार हलका कानूनगो से अपने उक्त गाटे की नापकर मेड़बन्दी करने हेतु मिला, लेकिन सम्बन्धित राजस्व कर्मी कानूनगो आदि कोई न कोई बहाना बनाकर आजतक मौके पर नाप कर मेड़बन्दी करने नहीं गये, जिससे पीडिर्त का काफी समय बरवाद हुआ और घोर अन्याय हो रहा है। पीडित ने मांग की है कि उक्त प्रकरण को उच्च अधिकारी संज्ञान में लेते हुए शीघ्र ही मेरे उक्त वर्णित मेड़बन्दी करने की करवाई करें वह दोषी कानूनगो वह लेखपाल से इतने दिन तक लंबित मेडबंदी की जांच होनी चाहिए वह किसान को न्याय दिलाने की कार्रवाई शासन व प्रशासन करें।

## अंबेडकर पार्क में कोरी समाज ने कांशीराम 92 जयंती मनाई

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में 15 मार्च को कोरी समाज महासस्थान के पदाधिकारियों ने अम्बेडकर पार्क में काशीराम की 92वी जयंती मनाई उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा सिरेश कोरी प्रदेश अध्यक्ष रहे अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामबहादुर नयन ने की ओर संचालन रामबाबू जिला उपाध्यक्ष ने किया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा सुरेश कोरी ने कहा कि मान्यवर कांशीराम हम सब के दिल मे अभी जीवित है यह बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के मिशन को साकार रूप देने वाले दलित पिछडो और शोषितों के उत्थान हेतु अपना संपूर्ण जीवन अर्पित करने वाले सामाजिक न्याय दिलाने का काम किया और दलितों के अधिकार दिलाने का काम किया जिनको हम अपने दिलो में हमेसा याद रख्खे गे और बाबा साहब व मान्यवर काशीराम के सपनो को पूरा करेंगे जिसके लिये हम सभी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक को एकत्रित होने होगा तभी हम बाबा साहब के सपनो को पूरा कर पायेंगे इस लिये सभी लोग एकत्रित हो और एक मदद करो न कि अपने समाज को नीचे गिराने का काम करे जो जैसे जिस तरह मदद करे वैसे अपनी समाज की मदद करे इस कार्यक्रम में राजेश पथिक राजकुमार चन्द्रभान अनुरागी चन्द्रभान वर्मा राजेश कुमार मास्टर साहब भगवान दास आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा ने बहुजन नायक के जन्मदिन को पीडीए दिवस के रूप में मनाया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष इदरीश खान की अध्यक्षता में कांशीराम की 92वें जन्मदिवस को पीडीए दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि सपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि कांशीराम का जीवन सामाजिक न्याय, समानता, स्वाभिमान और बहुजन समाज के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने शोषित, वंचित और उपेक्षित वर्गो को नई चेतना, नई दिशा और आत्मसम्मान दिलाने का कार्य किया। उनका जीवन आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी समाज को नई ऊर्जा, नई दिशा और नया आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। अन्य वक्ताओं द्वारा उनके जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये गये। इस कार्यक्रम को पूर्व ब्लॉक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार, पूर्व मंत्री कुंवर बादशाह सिंह, राम प्रकाश प्रजापति पूर्व प्रत्याशी, मुन्नीलाल निषाद प्रदेश सचिव, माया वाल्मीकि पूर्व चेयरमैन, सुरेन्द्र सिंह राजपूत जिला महासचिव, राज बहादुर पाल पूर्व जिला अध्यक्ष, नारायण दास अकेला, अरुण यादव, ओम प्रकाश सोनकर वारसी, मानप्यारे निषाद, अवधेश यादव, संजय यादव, राजेन्द्र यादव, युगांक मिश्रा, राघवेन्द्र यादव लकी सहित सैकड़ों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा

▸ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण कर रखी पैनी नजर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



ज़िला प्रशासन द्वारा की गई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। इसके पूर्व जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जनपद में आयोजित उप निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित समस्त पुलिस , प्रशासनिक अमले के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षाकेंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा जांच, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया। साथ ही ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की सतर्कता, तैनाती एवं उनके द्वारा निभाए जा रहे दायित्वों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि, नकल अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित समस्या उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर निगरानी बनाए रखते हुए पूरी सजगता के साथ कार्य करें। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं नियंत्रित बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### 15 मार्च को उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में 1155 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

महोबा। शासन के निर्देशानुसार आयोजित उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन 15 मार्च को भी दो पालियों में सम्पन्न हुई । बताया जाता है कि पहली पाली की परीक्षा 10 बजे से 12 बजे तक कुल 1920 अभ्यर्थी निर्धारित थे , जिसमें 1360 उपस्थित हुए एवं 560 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी पाली 3 बजे से 5 बजे तक की परीक्षाब दौरान 1920 अभ्यर्थी निर्धारित थे जिसमें 1325 उपस्थित हुए और 595 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा के दौरान पुलिस व प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के बाद शांतीपूर्ण सम्पन्न हो गई।

# बाराबंकी में गरजे चंद्रशेखर आजाद, भाजपा व विपक्षी दलों को ललकारा

- 2027 में भाजपा सरकार उखाड़ फेंकने का किया आह्वान
- अयातुल्ला खामेनेई की तरह शहादत मंजूर पर समझौता नहीं



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** हैदरगढ़ रोड पर बड़ेल के मैदान में रविवार को मान्यवर कांशीराम की जयंती और आजाद समाज पार्टी के स्थापना दिवस पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन , आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो चंद्रशेखर आजाद 'रावण' ने भाजपा सरकार उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम साहब के मिशन और बहुजन समाज के महापुरुषों को याद करते हुए सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी दलों को ललकारा। भारी भीड़ से लबालब मैदान में चंद्रशेखर ने बाराबंकी के ऐतिहासिक संदर्भों का जिक्र करते हुए अपने इरादे साफ कर दिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह ईरान के लीडर अयातुल्ला खामेनेई का रिश्ता इस मिट्टी बाराबंकी से रहा और उन्होंने डरने या समझौता करने के बजाय शहादत के रास्ते को चुना उसी तरह वे भी जुल्म के खिलाफ झुकने वाले नहीं हैं। चंद्रशेखर ने एकजुट होने का संदेश देते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों के लोग डरे नहीं हमारे साथ आए हम 2027 में भाजपा की सरकार को उत्तर प्रदेश से उखाड़ फेंकेंगे। मीडिया से मुखातिब होते हुए चंद्रशेखर आजाद ने समाजवादी पार्टी के गढ़ कहे जाने वाले बाराबंकी की सदर विधानसभा सीट पर अपनी दावेदारी ठोक दी। उन्होंने दो टूक कहा कि जब तक हम मैदान में नहीं थे तब तक लोग कहीं भी वोट दे रहे थे लेकिन अब आजाद समाज पार्टी मजबूती से काम कर रही है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र नगीना का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह वहां की पांचों विधानसभाओं में भाजपा को धूल चटाई गई वही इतिहास अब पूरे उत्तर प्रदेश में दोहराया जाएगा। उन्होंने भाईचारे के दम पर सरकार बदलने का भरोसा जताया। डॉ. अंबेडकर और कांशीराम साहब को सभी पार्टियों द्वारा अपना बताने के सवाल पर चंद्रशेखर ने तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति या दल के नहीं होते लेकिन बड़ा सवाल यह है कि साल 2006 से 2026 तक आखिर इन पार्टियों को महापुरुषों की याद क्यों नहीं आई। उन्होंने दावा किया कि जब से 'आजाद समाज पार्टी' ने मोर्चा संभाला है तभी से अन्य दलों में कांशीराम साहब को अपना बताने की होड़ लगी है।

**करणी सेना की धमकियों से चंद्रशेखर आजाद की सभा में हुई भारी भीड़**

चंद्रशेखर आजाद के बाराबंकी आगमन को लेकर करनी सेना के पदाधिकारी अभिनव सिंह की धमकियों से जिले में टकराव की स्थिति को देखते हुए जहां भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के तीन हजार कार्यकर्ताओं को लाठियो से लैस सभा स्थल में उतारा गया। वहीं भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ प्रशासन मुस्तैदी के साथ सभा को सकुशल सम्पन्न कराने में लगा।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई कांशीराम जी की जयंती, पीडीए मजबूत करने का लिया संकल्प

**बाराबंकी।** सामाजिक न्याय का सपना सत्ता में भागीदारी के बगैर पूरा नहीं होगा कांशीराम जी की विरासत यही कहती समाजवादी पार्टी बहुजन समाज की भागीदारी सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा सीना तानकर खड़ी रहती है और जब तक बहुजन समाज के लोगों को उनके हक अधिकार दिल नहीं देती तब तक सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। उक्त बात गरीबों दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए अथक संघर्ष करने वाले बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम की 92वीं जयंती पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को जोड़कर एकता और भाईचारा को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

### जालसाजी करने वाले गिरोह की एक करोड़ 17 लाख तीस हजार की संपत्ति कुर्क

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** पुलिस/प्रशासन द्वारा धोखाधड़ी व जालसाजी करने वाले गिरोह के सरगना की अचल सम्पत्ति कीमत लगभग 01 करोड़ 17 लाख 30 हजार ( 1,17,30,000/- रु0) को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में संगठित होकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों को जिलाधिकारी के आदेश के अनुक्रम में जब्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना फतेहपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 543/2025 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त/गिरोह सरगना मोहम्मद असलम पुत्र स्व0 लल्लन हुसैन निवासी ग्राम सिहाली थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी तथा गिरोह के अन्य सक्रिय सदस्य अभियुक्त मोहम्मद आलम पुत्र मोहम्मद असलम निवासी ग्राम सिहाली थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी के साथ मिलकर आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु जनता के लोगों के साथ छल कपट, कूटरचना, धोखाधड़ी व जालसाजी कर सम्पत्ति हड़पने जैसे जघन्य अपराध कारित किए जाने से लिप्त है। इस गिरोह द्वारा कारित किए गए आपराधिक कृत्यों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अभियुक्त/गिरोह सरगना मोहम्मद असलम द्वारा थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिहाली में स्वयं के नाम पर भिन्न-भिन्न गाटा संख्याओं में क्रय की गई।

# विवेक का सही उपयोग शिक्षा से ही संभव : पीपी सिंह



**बाराबंकी।** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के चेयरमैन पीपी सिंह ने कहा कि विवेक प्रकृति प्रदत्त गुण है और इसका सही उपयोग शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है। हमारा उद्?देश्य व्यवसाय नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण व संस्कार युक्त शिक्षा देना है ताकि संस्था में पढ़कर निकले बच्चे गुणों से परिपूर्ण हो सकें। चेयरमैन ने यह बात जयपुरिया स्कूल के बाराबंकी में दस वर्ष पूरे होने के मौके पर संस्था में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। मैनेजिंग डायरेक्टर सुभाष सिंह ने कहा कि हमारी शिक्षा बच्चों में सार्वभौमिक विकास का लक्ष्य रखती है। व्यवसाय नहीं करना है बल्कि बच्चों का सुदृढ़ भविष्य गढ़ना है। प्रयास है कि बच्चों के लिए संस्कार कार्यशाला भी आयोजित की जाए ताकि बच्चों में संस्कारयुक्त होने का चलन बढ़े। इस अवसर पर विद्यालय के पिछले दस वर्षों के कार्यकाल से संबंधित पीपीटी भी दिखाई गई। वाइस प्रेसिडेंट अभिनव सिंह व असिस्टेंट डायरेक्टर के के सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 में स्थापित यह विद्यालय शैक्षिक उत्कृष्टता, रचनात्मकता, नैतिक मूल्य और समग्र विकास का अनूठा संगम है। गुजरे समय में विद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। तीरंदाजी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनकर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी के रूप में शामिल रहा। जेईई मेंस 2026 में अयांश उत्कर्ष मौर्य ने 99.61 प्रतिशत अंक के साथ जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करके स्कूल का मान बढ़ाया। इसी सत्र से प्री प्राइमरी के लिए पूर्ण वातानुकूलित ब्लाक प्रस्तावित है। इस ब्लाक में बच्चों के लिए अत्याधुनिक खेलकूद की सामग्री, आधुनिक डिजिटल स्मार्ट बोर्ड एवं रुचिकर शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी।

स्कूल ने भविष्य में क्रिकेट व बैडमिंटन अकादमी, स्विमिंग पुल आदि के निर्माण की योजना भी बनाई है।

# स्कूली वाहनों में ठूंस-ठूंस कर ढोए जा रहे नौनिहाल

- 1 से 15 अप्रैल तक चलेगा सघन अभियान




**खीरों, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** विकास क्षेत्र में स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ लापरवाही का मामला सामने आ रहा है। कई विद्यालयों में नौनिहालों को प्राइवेट वाहनों से स्कूल लाया-ले जाया जा रहा है, जबकि कुछ स्कूलों द्वारा लगाए गए कमर्शियल वाहनों में क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है। हालत यह है कि बच्चों को वाहन में भूसे की तरह ठूंसकर ढोया जा रहा है। एक विद्यालय के वाहन की फोटो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों को बेहद खतरनाक तरीके से भरकर ले जाया जाता देखा जा सकता है। हाल के दिनों में कासगंज और आगरा में स्कूली वाहनों की खराब स्थिति के कारण हुए हादसों को शासन ने गंभीरता से लिया है। एक घटना में बस का फर्श कमजोर होने के कारण झटके से टूट गया था, जिससे वहां बैठी छात्रा नीचे गिर गई और बस के पहिए के नीचे आ जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। इन घटनाओं के बाद शासन ने 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूली वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग द्वारा ऐसे वाहनों की सूची तैयार कराई जा रही है जिनका फिटनेस या परमिट समाप्त हो चुका है अथवा जिनकी आयु 15 वर्ष पूरी हो चुकी है। सभी विद्यालयों के प्रबंधतंत्र को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने वाहनों की भौतिक जांच कराकर यह सुनिश्चित करें कि वाहन की बॉडी, फर्श और अन्य तकनीकी स्थिति पूरी तरह सुरक्षित हो तथा वाहन स्कूल बस मानकों के अनुरूप हो। आरटीओ (प्रवर्तन) रायबरेली उमेश चंद्र कटियार ने बताया कि शासन के निर्देश पर 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जनपद में स्कूली वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बिना फिटनेस, बिना परमिट, 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुके या मानकों के विपरीत चल रहे वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे वाहनों को प्रवर्तन दल द्वारा थाने में निरुद्ध भी किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए सभी वाहन निर्धारित मानकों के अनुसार ही संचालित करें। इधर क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन को तत्काल ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

लोगों ने उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी से मिलकर स्कूल वाहनों की सघन जांच कराने और क्षमता से अधिक बच्चों को ढोने वाले वाहनों व संबंधित विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने की बात कही है।

## खबरें एक नजर में

### श्रीराम कथा व मानस सम्मेलन का हुआ शुभारंभ



**सलोन रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड सलोन के सूची कस्बे में आध्यात्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला है। विगत 17 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा चतुर्थ दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस संत सम्मेलन इस वर्ष भी श्रद्धा,भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ प्रारंभ हो गया।क्षेत्रीय श्रोताओं की उपस्थिति में आयोजित इस पावन आयोजन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रथम दिवस की कथा में चित्रकूट धाम से पधारी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका देवी श्वेतांबरा रामयणी ने रामचरितमानस के बालकाण्ड की चौपाई, गांधि तनय मन चिंता व्यापी,हरि बिनु मरहि न निसिचर पापी का भावपूर्ण विवेचन प्रस्तुत करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म और सत्य की महिमा से अवगत कराया।इस दौरान श्रोताओं ने कथा रस में सराबोर होकर भगवान श्रीराम के आदर्शों का स्मरण किया।कथा स्थल पर भक्ति,श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण बना रहा।जिसने पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया।इस अवसर पर कमेटी के व्यवस्थापक पंडित बाल गोपाल त्रिपाठी, बृजेश कुमार सिंह, लालमणि, अमरनाथ त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### रायबरेली में चोरों के गजब कारनामे पार कर दी एचटीलाइन, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली से एक बेहद चौकने वाला मामला सामने आया है. यहां पर क्षेत्र वासियों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराने के लिए बिछाई जा रही विद्युत लाइन को ही चोर चोरी कर ले गए.दरअसल रायबरेली जिले मे चोरों ने बिजली बाधित कर लगभग दो किलोमीटर की दूरी तक का तार चोरी कर लिया है.इस अनोखी चोरी से विद्युत विभाग मे हड़कंप मच गया है.फिलहाल एसडीओ ने मामले मे तहरीर दे दी है.मामला शिवगढ़ थाना इलाके का है. यहाँ शासन के निर्देश पर गर्मी के मौसम मे निर्बाध बिजली सप्लाई को लेकर 19 किलोमीटर की नई लाइन खीची गई है.बछरावां से शिवगढ़ तक खींची गई इस लाइन पर ट्रायल के तहत करंट डाला गया था.आज इसमें सप्लाई ट्रिप करने पर जांच की गई तो अहलादगढ़ पेट्रोल पंप के पास लगभग 2 किलोमीटर लाइन ही नदारद मिली है.फिलहाल एसडीओ ने इस मामले मे पुलिस को तहरीर दे दी है। पेट्रोलिंग के दौरान हुई जानकारी : उपखंड अधिकारी शिवगढ़ संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि लाइन में रात में ट्रिपिंग हुई थी. उसी की जांच करने के लिए पेट्रोलिंग टीम गूढ़ा फीडर के अंतर्गत अहलादगढ़ गांव के समीप पेट्रोल पंप से होते हुए अंबेडकर नगर गांव की ओर बढ़ी तो देखा कि वहां तो विद्युत लाइन ही गायब है. स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत में पता चला कि कल शाम तक तो यह लाइन थी रात में कहां चली गई कुछ भी पता नहीं चल रहा है. इस पर पेट्रोलिंग टीम के साथ मौजूद अवर अभियंता हरेंद्र सिंह ने हमें जानकारी अवगत कराई जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई। साथ ही 112 पुलिस टीम व स्थानीय शिवगढ़ थाने को भी सूचित कर दिया गया है।

### सपा सांसद ने किया सरकार पर तीखा हमला



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले के जगदीशपुर क्षेत्र के निसूरा प्रधान गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा है। सांसद अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में काम कर रही है और देश में महंगाई व बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। उनका कहना है कि आम जनता महंगाई से त्रस्त है, लेकिन सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीर नहीं दिखाई दे रही।

## सड़क हादसे में ब्लॉक अध्यक्ष की मौत, बेटा घायल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले के विकास खण्ड भादर में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद नसीर खां उम्र 60 वर्ष की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा अमेठी-रायबरेली मार्ग पर ग्राम टिकरी के पास हुआ। घटना की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि मोहम्मद नसीर खां अपने बेटे शहबाज खां को रायबरेली में आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा दिलाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम टिकरी के समीप उनकी गाड़ी की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में मोहम्मद नसीर खां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके बेटे शहबाज खां बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस नेता पवन कुमार दूबे ने मृतक के परिजनों की सांसद किशोरीलाल शर्मा से फोन पर बात करवाई, सांसद ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

## पत्नी से बात करने के शक में किया साढ़ू पर हमला, गिरफ्तार




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत शनिवार को देर शाम क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित व क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित मोटरसाइकिल पर सवार दो अभियुक्तों रोहित विश्वकर्मा पुत्र देवीदीन विश्वकर्मा व अनिल विश्वकर्मा पुत्र देवीदीन विश्वकर्मा निवासीगण कामापुर मजरे सोहगौली थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त रोहित विश्वकर्मा ने बताया कि उसका साढ़ू विजय बहादुर विश्वकर्मा उसकी पत्नी से बात करता है इसी बात को समझाने के लिये वह विजय बहादुर को उसके घर से बुलाकर नहर पटरी पर ले गया था जहां दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। विवाद के दौरान रोहित ने जेब में रखी चाकू से विजय बहादुर पर वार कर वहां से उसी मोटरसाइकिल से भाग गया था। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटनास्थल के पास से घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद हुई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रसोई गैस की किल्लत को लेकर यूथ कांग्रेस ने जताई नाराजगी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** एलपीजी गैस की भारी किल्लत को लेकर इंडियन यूथ कांग्रेस ने कड़ी नाराजगी जताई है। कई सेंटरों पर गैस उपलब्ध नहीं होने के कारण आम जनता, खासकर किसानों और छोटे व्यापारियों को 4-5 दिन तक लंबी लाइन में लगने के बावजूद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। साथ ही कुछ जगहों पर गैस सिलेंडर की काला बाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम् सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा गैस की पर्याप्त उपलब्धता के दावे पूरी तरह गलत साबित हो रहे हैं। अमेठी के कई सेंटरों पर घरेलू और कमर्शियल दोनों प्रकार की गैस की कमी है, जिससे किसान, दुकानदार और व्यापारी काफी परेशान हैं और उनकी रोजी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि अमेठी के सभी गैस सेंटरों पर जल्द से जल्द पर्याप्त मात्रा में घरेलू और कमर्शियल एलपीजी गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और ब्लैक मार्केटिंग पर सख्त कार्रवाई हो। जिला अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसानों, नौजवानों और आम जनता की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया और सभी सेंटरों पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई, तो अमेठी यूथ कांग्रेस किसानों और नौजवानों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी। किसानों और नौजवानों की परेशानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पुलिस अधीक्षक ने यूपीएसआई परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा जनपद में प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा परीक्षा के द्वितीय दिवस परीक्षा केन्द्र राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज गौरीगंज, रणन्जय इण्टर कॉलेज गौरीगंज, श्री गोपाल इण्टर कॉलेज पण्डरी गौरीगंज व पुलिस कार्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी लेकर एवं एचएचएमडी (हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से स्कैन करने के बाद ही केन्द्र के अन्दर प्रवेश देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। केन्द्र के बाहर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण को अनावश्यक भीड़ जमा न होने, सड़क के किनारे खड़े वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराने एवं यायाताय सुचारु रूप से संचालित कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में निगरानी हेतु तैनात अधिकारी कर्मचारी गण को सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा केन्द्रों को बारीकी से निगरानी करते हुए निर्देशित किया गया।

## सचिव संतराम पटेल पर फर्जी भुगतान लगाने के आरोप दो व्यक्तियों के खातों में बार-बार भुगतान से उठे सवाल

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के विकासखंड रेउसा में तैनात ग्राम पंचायत सचिव संतराम पटेल एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। आरोप है कि सचिव द्वारा अपनी कई ग्राम पंचायतों में दो व्यक्तियों – अशोक कुमार और अरुण कुमार – के खातों में बार-बार भुगतान लगाए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र में सवाल उठने लगे हैं कि आखिर इन दोनों व्यक्तियों का सचिव संतराम पटेल से क्या संबंध है, जो लगभग हर ग्राम पंचायत में इन्हीं के नाम भुगतान दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त आयोग और पंचम वित्त की धनराशि से कई कार्यों के नाम पर भुगतान दर्शाया गया है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि जिन कार्यों के लिए भुगतान दिखाया गया है, उनमें से कई कार्य धरातल पर दिखाई ही नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव संतराम पटेल और कुछ ग्राम प्रधानों की मिलीभगत से अशोक कुमार और अरुण कुमार के खातों में बार-बार भुगतान डालकर सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका पैदा हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास के लिए भेजी जाने वाली धनराशि का सही उपयोग होना चाहिए, लेकिन कुछ जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी इसे निजी लाभ के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यदि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई बड़े तथ्य सामने आ सकते हैं।

वहीं क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि अगर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि आखिर किन कार्यों के नाम पर यह भुगतान किए गए और उन कार्यों का वास्तविक अस्तित्व क्या है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि खंड विकास अधिकारी रेउसा इस मामले में कितनी निष्पक्षता से जांच कराते हैं और सच्चाई को सामने लाते हैं या नहीं। जनपद के जिलाधिकारी की छवि एक ईमानदार और सख्त प्रशासक के रूप में जानी जाती है। उनके नेतृत्व में जिले में लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई भी देखने को मिल रही है।

## डीएम ने आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद सीतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं



**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कार्यालय आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद सीतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर वार्डों की संख्या एवं जनसंख्या की जानकारी अधिशासी अधिकारी से प्राप्त करते हुये निर्माण पत्रावलियों का अवलोकन किया। वर्कआर्डर के अनुरूप कार्य न होने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तम्बौर अहमदाबाद पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार के निर्देश दिये तथा जे0ई0 लघु सिंचाई व पटल सहायक की 27 लाख की पत्रावलियों, आर0सी0सी0 एवं गौशाला निर्माण की पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये त्रुटियां पाये जाने प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने वाहनों की संख्या एवं उनकी लॉकबुक की जानकारी ली। कार्यालय में लॉकबुक न होने, ईंधन के रजिस्टर में अधिशासी अधिकारी के हस्ताक्षर न होने एवं कमियां पाये जाने पर एवं पत्रावलियों का रख-रखाव सही ढंग से न होने पर अधिशासी अधिकारी को कड़ी फटकार लगायी। जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र की जानकारी लेते हुये ससमय प्रमाण-पत्र न जारी किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जल्द से जल्द प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रमाण-पत्र अधिक समय तक लम्बित न रखी जाये। साथ ही दाखिल खारिज की पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। पानी की टंकी की निरन्तर साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश के साथ साफ-सफाई का रजिस्टर रखने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तम्बौर अहमदाबाद के कार्यालय में अत्यधिक त्रुटियां पाये जाने पर सुधार के कड़े निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

### सदर विधानसभा के दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में चल रहे सीतापुर विधानसभा के अंतर्गत नगर 1, नगर 2 व रामकोट मंडल के द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता उपस्थित रहे उन्होंने सफल कार्यक्रम के लिए जिला अध्यक्ष व सीतापुर विधानसभा के सभी मंडल पदाधिकारियों को साधुवाद दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की मात्रा एक ऐसी पार्टी है जो अपने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी व राष्ट्र धर्म की सेवा के लिए प्रशिक्षित करती है।

# कबड्डी-वॉलीबाल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी में हुआ आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय, सौरिख के तत्वावधान में सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका कबड्डी एवं वॉलीबाल प्रतियोगिताओं में जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं खेल अकादमियों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता का शुभारंभ सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप प्रधान व प्रधानाचार्य श्रीमती नीरा प्रसाद के. ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। दिनभर चली इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि मनोज दुबे अध्यक्ष नगर पालिका ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को स्वस्थ्य और सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा ऐसे आयोजनों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर सीईओ विश्वास प्रधान, एडमिनिस्ट्रेटर सुधा प्रधान सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, खेल अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका मनोज कुमार कुशवाहा (हॉकी प्रशिक्षक, कन्नौज), हर्षित यादव, अमित राजपूत, शिवम ठाकुर, रीना जसरोटिया, सृजित, प्रेमानंद, निमित कुमार, राम यादव एवं शिवेंद्र पांडेय ने निभाई और संचालन मनोज कुमार कुशवाहा, हॉकी प्रशिक्षक कन्नौज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, निर्णायकों, विद्यालय प्रबंधन, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम हैं इस प्रकार**

वॉलीबाल बालक वर्ग में छिबरामऊ स्पोर्ट्स एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2–1 सेट के अंतर से सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में कन्नौज पब्लिक स्कूल ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 2–0 सेट के अंतर से सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। कबड्डी बालक वर्ग में छिबरामऊ स्पोर्ट्स एकेडमी ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 54–17 के बड़े अंतर से सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी को पराजित किया। बालिका वर्ग में डी.के. स्पोर्ट्स एकेडमी ने रोमांचक मुकाबले में छिबरामऊ स्पोर्ट्स एकेडमी को 18–14 के अंतर से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो मजदूर घायल

**स्थानीय लोगों की मदद से मेडिकल कॉलेज रेफर**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जीटी रोड एनएच हाईवे पर फर्रुखाबाद चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी सुखवीर (40) पुत्र पातीराम व निगोह खास गांव निवासी विश्राम (32) पुत्र सतीश दोनों राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। रविवार की सुबह वह गुरुद्वारा वाली गली में नाला बना रहे थे। दोपहर लगभग 1:45 बजे वह नाश्ता करने के लिए नगर के फर्रुखाबाद चौराहे पर बाइक से गए थे। जैसे ही वह चौराहे पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैया अस्पताल भिजवाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर देख दोनों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला।

## सभी के लिए पूजनीय है गौ माता : आचार्य सिंधु कुमार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** गांव नगला दुर्गा स्थित बाबा वीरेश्वर महाराज मठिया वाले मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य सिंधु कुमार दुबे ने कहा कि गाय सभी के लिए पूजनीय है। इसका दूध अमृत के समान है अतः गो सेवा अवश्य करें क्योंकि गाय में 33 कोटि देवता वास करते हैं। उन्होंने नाम का जीवन में विशेष महत्व बताते हुए कहा नामकरण अवश्य कराएं। मनमाने तरीके से रखे गए नाम जीवन में कष्टकारी होते हैं। भगवान के लिए कोई छोटा बड़ा नहीं है। सभी एक समान हैं। कथा आयोजक के साथ सुनने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। बिना भाई के प्रीत नहीं होती है। अहंकारी व आततायियों का अंत करने के लिए प्रभु धरती पर अवतरित होते हैं। कथा के दौरान कंस वध होते ही हर ओर भगवान कृष्ण की जय–जयकार होने लगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे, विनोद यादव दूधिया, शिक्षक विक्रम सिंह तोमर, पूर्व प्रधान रामेंद्र सिंह यादव, भानू दुबे ने व्यास गद्दी का पूजन कर आचार्य का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इससे पहले परीक्षित रामप्रकाश दुबे व शशी दुबे ने व्यास गद्दी का पूजन किया।

# एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए प्रश्न पर ब्राह्मण समाज आक्रोशित

**भगवान परशुराम उत्थान सेवा समिति के नेतृत्व में दिया ज्ञापन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (एस आई) भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न को लेकर ब्राह्मण समाज में गहरा रोष व्याप्त है। भगवान परशुराम उत्थान सेवा समिति के नेतृत्व में समाज के प्रबुद्धजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। 14 मार्च को आयोजित परीक्षा के हिंदी खंड में प्रश्न था अवसर के अनुसार बदल जाने वाले के लिए एक शब्द में उत्तर दें। आरोप है कि विकल्पों में पंडित शब्द को अवसरवादी के नकारात्मक अर्थ से जोड़ा गया, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुईं। समिति का कहना है कि पंडित विद्वता और सम्मान का प्रतीक है। इसे जानबूझकर अपमानित करने का प्रयास असंवेदनशील और अनुचित है। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. रजनीश दुबे (प्रदेश उपाध्यक्ष, अ.भा. ब्राह्मण महासभा), अभिषेक पाठक, अमित तिवारी, तरुण त्रिपाठी, राजा शुक्ला, धीरज तिवारी (एडवोकेट), अर्पित दुबे, पुनीत दुबे, विमल मिश्रा, विवेक दीक्षित, महेश चंद्र, सूरज चतुर्वेदी, प्रशांत कुमार त्रिपाठी और अभिषेक शुक्ला सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

## रमजान के पाक महीने में खुल जाते हैं जन्नत के द्वार : अयाज अहमद



**रमजान और ईद के मौके पर जरूरतमंदों की जरूर करें मदद**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रमजान मुबारक के पावन अवसर पर एडवोकेट अयाज अहमद ने कहा कि इस पाक महीने में अल्लाह की रहमत से जन्नत के द्वार खुल जाते हैं। उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि रमजान के रोजों, तरावीह, कुरान तिलावत और नेकी के कामों से दिल को पाक रखें, ताकि अल्लाह की माफी और जन्नत नसीब हो। एडवोकेट अयाज अहमद ने आगे कहा, रमजान सिर्फ भूख–प्यास का महीना नहीं, बल्कि खुद को बेहतर बनाने, गरीबों की मदद करने, झूठ–गुस्से से दूर रहने और इंसानियत की मिसाल कायम करने का मौका है। इस महीने में दुआएं कबूल होती हैं, गुनाह माफ होते हैं और नेकियां कई गुना बढ़ जाती हैं। उन्होंने सभी मुसलमान भाइयों–बहनों को रमजान मुबारक की बधाई देते हुए कहा कि यह महीना सबके लिए खुशहाली, अमन और भाईचारे का प्रतीक बने। ईद–उल–फित्र के अवसर पर भी उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद का चंद देखते ही दिलों में खुशी का उजाला फैले, रिश्ते मजबूत हों और समाज में प्यार–मोहब्बत बढ़े। एडवोकेट अयाज ने लोगों से अपील की कि रमजान और ईद के मौके पर जरूरतमंदों की मदद जरूर करें, ताकि सब मिलकर इस पवित्र महीने का पूरा फायदा उठा सकें।

## प्रभु की सच्ची आराधना से होता है कल्याण जगदगुरू रामानंदाचार्य

**गुरसहायगंज कन्नौज।** उत्तर प्रदेश का कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र के आवास पर
चित्रकूट कामदगिरी पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य महाराज का जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान रामानंदाचार्य ने कहा कि प्रभु की सच्ची आराधना करने से ही मनुष्य का कल्याण होता है। कांग्रेसी नेता विजय मिश्रा के यहां पधारे पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य ने कहा कि माया रुपी इस संसार में मनुष्य भूल गया कि उसका मूल कर्तव्य क्या है उन्होंने कहा कि ईश्वर ने मनुष्य की संरचना ईश्वर का गुणगान करने के लिए की थी लेकिन माया रूपी दुनिया में ईश्वर से मनुष्य लगातार दूरियां बनाता जा रहा है। यही कारण है कि आज दुनिया संकट में है । उन्होंने कहा कि परब्रह्म परमेश्वर श्री विष्णु हरि ने अवतार के रूप में पृथ्वी पर राम रूपी अवतार लिया था और उन्होंने खुद मर्यादा में रहकर ईश्वर की आराधना करते हुए पुरुषों में उत्तम कार्य किया था।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आज से

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भाजपा नगर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 और 17 मार्च को गोविंद गेस्ट हाउस में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा छिबरामऊ नगर मंडल के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों व शक्ति केंद्र संयोजकों का प्रशिक्षण शिविर 16 मार्च सोमवार को समय 1बजे से गोविन्द गेस्ट हाउस में प्रारम्भ होगा। यह प्रशिक्षण 24 घंटे का होगा जो 17 मार्च को 2बजे समाप्त होगा।

### कन्नौज इत्रोत्सव में महकी संस्कृति की खुशबू कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां



**कन्नौज।** इत्र नगरी कन्नौज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से पहली बार आयोजित कन्नौज इत्रोत्सव-2026 का आयोजन 14 से 16 मार्च तक बोर्डिंग ग्राउंड में किया जा रहा है। इत्रोत्सव के दूसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में आल्हा गायन, सोलो डांस, कथक, अवधी लोकनृत्य, लोकगीत और संगीत की प्रस्तुतियों ने कन्नौज की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई। कलाकारों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार और मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित कई अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों ने इत्र और हस्तशिल्प से जुड़े विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। इत्रोत्सव में सूचना विभाग की प्रदर्शनी, पारंपरिक इत्र स्टॉल और स्थानीय व्यंजनों के फूड स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं कलम संस्था के सहयोग से वृद्धजनों, युवाओं और बच्चों ने संयुक्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को विशेष बना दिया। आयोजकों के अनुसार यह उत्सव कन्नौज की पारंपरिक इत्र उद्योग और पर्यटन को नई पहचान देने की दिशा में अहम पहल है।

### उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा के दौरान रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जिले के आठ परीक्षा केंद्रों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सबसे पहले पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों की निगरानी की। इसके बाद मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जमुना प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, पीएसएम पीजी कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज और केके इंटर कॉलेज में पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू रहें और बिजली बाधित होने पर जनरेटर से व्यवस्था सुचारू रखी जाए।

# विधायक ने दोषियों पर की कड़ी कार्रवाई की मांग

**पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र में पंडित शब्द के आपत्तिजनक प्रयोग का मामला**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने मुख्य मंत्री को पत्र लिखकर पुलिस भर्ती परीक्षा (उपनिरीक्षक) के प्रश्न पत्र में पंडित शब्द के आपत्तिजनक रूप में प्रयोग किए जाने पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि 14 मार्च को आयोजित पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के हिन्दी प्रश्न पत्र में एक प्रश्न के विकल्प के रूप में पंडित शब्द का प्रयोग अवसरवादी के समानार्थी के रूप में किया गया है। यह अत्यंत खेदजनक है, कि एक प्रतिष्ठित सरकारी परीक्षा के प्रश्न पत्र में इस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग किया गया है। भारतीय संस्कृति और परम्परा में ÷पंडित÷ शब्द का अर्थ विद्वान, ज्ञानी और पूज्यनीय से है. (जो मौका देखकर पाला बदले) जैसे नकारात्मक अर्थ वाले शब्द के साथ जोड़ना न केवल तथ्यात्मक रूप से गलत है बल्कि यह एक विशेष समुदाय की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला शब्द भी है। इस प्रकार की घटनायें न केवल परीक्षा की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगाती हैं, बल्कि समाज में अनावश्यक विद्वैष और कटुता का वातावरण भी उतपन्न करती हैं।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि, इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए इस प्रश्न के निर्माण प्रकिया की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। इस प्रश्न पत्र को बनाने वाले और इसे अनुमोदित करने वाले व्यक्तियों/एजेंसी की जिम्मेदारी भी तय की जाए और उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो इसके लिये पुलिस भर्ती बोर्ड को कड़े दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

# 23 मार्च से इंदरगढ़ पुलिस के खिलाफ देंगे धरना

**भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने किया बड़ा ऐलान**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने इंदरगढ़ पुलिस थाने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यूनियन ने 7 मार्च को अपने कार्यकर्ताओं के साथ थाने में हुई बदसलूकी और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा है कि घटना का मुकदमा अभी तक दर्ज नहीं किया गया और पुलिस दोषियों के साथ मिली हुई है।

नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन गेस्ट हाउस में कानपुर मंडल कार्यालय में आयोजित बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपूत, राष्ट्रीय सचिव आरपी ठाकुर सहित जनपद के लगभग 20 पदाधिकारी मौजूद रहे, जबकि राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ऑनलाइन शामिल हुए। यूनियन ने कहा कि भाकियू (भानू) हमेशा प्रशासन के साथ सहयोग करती रही है और उसकी प्रतिष्ठा बनाए रखी है, लेकिन जब कार्यकर्ताओं की कोई मांग या सहयोग की बात आती है तो प्रशासन साथ नहीं देता। कई घटनाओं को देखते हुए प्रतिनिधि मंडल ने 23 मार्च (सोमवार) से हसेरन पुलिस चौकी पर इंदरगढ़ थाने के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने का ऐलान किया है। यह धरना तब तक चलेगा, जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता। आसपास के जनपदों के पदाधिकारी भी इसमें शामिल हो सकते हैं। यदि बात नहीं मानी गई तो राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह का भी आगमन संभव है। यूनियन का आरोप है कि स्थानीय पुलिस उत्तर प्रदेश सरकार और कन्नौज एसपी की छवि खराब कर रही है।

# आपूर्ति विभाग की टीम ने कई नगरों में किया निरीक्षण

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग की संभावना के दृष्टिगत आपूर्ति विभाग की 2 टीम ने 14 मार्च को गुगरापुर/तिलपाई चौराहा/ जन सेवा केंद्र राजपुर एवं चांदापुर/ मानीमऊ/ अंधा मोड़ कन्नौज तथा दिनांक 15 मार्च को तिर्वा बाजार के 5 रेस्टोरेंट/तिर्वा-कन्नौज रोड/ में अश्वनी गैस तिर्वा के अतिरिक्त समधन एवं गुरसहायगंज स्थित गैस एजेंसी/ सराय प्रयाग के 2 तथा मलिकपुर के 3 होटल का औचक निरीक्षण किया गया। होटलों, ढाबों और अन्य व्यावसायिक केंद्रों पर पेट्रोलियम पदार्थों के उपयोग की जांच की गई। जांच में किसी भी स्थल पर कोई दुरूपयोग नहीं पाया गया। छोटे वेंडर्स को भी इस संबंध में निर्देशित किया गया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग अपने व्यावसायिक गतिविधियों में न करें। अवगत कराया गया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक कार्यों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित है तथा इसका उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा और सिलेंडर जब्त किए जाएंगे। इसके साथ ही सभी प्रतिष्ठानों को अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई है। समस्त जनपद वासियों को स्पष्ट किया जाता है कि घरेलू ईंधन का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# आनंद जनजागरण यात्रा आज, हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास होंगे मुख्य अतिथि

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सदर तहसील के मानीमऊ ऋषिनगर गांव स्थित आनंदेश्वर धाम आश्रम में सोमवार 16 मार्च को आनंद जनजागरण यात्रा और ध्वज पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आगामी 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रस्तावित धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रमों के जनजागरूकता के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम सनातन धर्म सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में पं. कौशल जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में अयोध्या की प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों से संत-महात्मा और गणमान्य लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत मानीमऊ ऋषिनगर स्थित स्थल पर ध्वज पूजन के साथ होगी। ध्वज पूजन के बाद आनंदेश्वर धाम आश्रम से आनंद जनजागरण यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यह यात्रा ठठिया, तिर्वा, इंदरगढ़, नादेमऊ, सौरिख और छिबरामऊ सहित कई कस्बों व क्षेत्रों से होकर गुजरेगी और अंत में पुनः आनंदेश्वर धाम आश्रम पहुंचकर इसका समापन होगा।

आयोजकों ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य आगामी धार्मिक आयोजनों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा सनातन संस्कृति के प्रति जनमानस में श्रद्धा और आस्था को मजबूत करना है। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत और जलपान की व्यवस्था भी की जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इसे देखते हुए प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर ली गई है और आयोजन को शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1778 मरीजों को मिला उपचार

**कन्नौज।** जनपद के 32 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी) सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कीरतपुर का जायजा लिया। मेले में मरीजों की निःशुल्क जांच और उपचार, बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस बी व सी की जांच, टीबी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग और नेत्र परीक्षण की सुविधा दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कुल 1778 मरीजों (826 पुरुष, 709 महिलाएं व 243 बच्चे) को लाभ मिला।

# प्रोफेसर ए एन मुखोपाध्याय ओरेशन पुरस्कार के लिए चयनित

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर जकी अनवर सिद्दीकी को पौधों की बीमारियों के जैव गहन प्रबंधन बायो इंटेंसिव मैनेजमेंट के क्षेत्र में उनके अग्रणी शोध कार्य के लिए इंडियन फाइटो पैथोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा प्रतिष्ठित एम मुखोपाध्याय ओरेशन पुरस्कार 2026 के लिए चुना गया है। इस पुरस्कार की घोषणा पश्चिम बंगाल के कल्याणी स्थित बिधन चंद्र कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित इंडियन फाइटो पैथोलॉजिकल समिति की 78वीं वार्षिक आमसभा में की गई। पुरस्कार औपचारिक रूप से समिति की आगामी वन्यस्वी वार्षिक बैठक और राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान प्रदान किया जाएगा जहां प्रोफेसर सिद्दीकी अपना ऑपरेशन व्याख्यान भी देंगे। नेशनल एकेडमी ऑफ़ एग्रीकल्चरल साइंसेज के फेलो प्रोफेसर जकी अनवर सिद्दीकी पद परजीवी निमित्तौड़ और बैक्टीरिया के परस्पर संबंधों पर अपने शोध के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने जाते हैं! उनके कार्य से फसलों की सुरक्षा के लिए पर्यावरण अनुकूल जैविक नियंत्रण रणनीतियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 450 परीक्षार्थी

**वैदिक मंत्रोच्चारण और सरस्वती वंदना के साथ परीक्षा का हुआ शुभारंभ**

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा में रविवार को कक्षा षष्ठ की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों और अभिभावकों की उपस्थिति रही, जिससे संस्कारयुक्त शिक्षा के प्रति लोगों का उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। परीक्षा प्रारंभ होने से पहले विद्यालय के प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सरस्वती वंदना, वैदिक मंत्रोच्चारण और शंखध्वनि के साथ प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया शुरू हुई। इस अवसर पर आचार्य चंद्रकांत ने परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया, जबकि विद्यालय के आचार्यों ने पुष्प वर्षा कर सभी का अभिनंदन किया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा षष्ठ में प्रवेश के लिए आवेदन पत्रों का वितरण वसंत पंचमी (23 जनवरी 2026) से शुरू किया गया था। परीक्षा प्रभारी आचार्य अनंतराम ने बताया कि कुल 500 प्रवेश फॉर्म वितरित किए गए थे, जिनमें से 450 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा कक्ष निरीक्षकों की सतर्क निगरानी में पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं भविष्य में राष्ट्र के प्रति समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनकर देश का नाम रोशन करेंगे। प्रवेश परीक्षा का संचालन वरिष्ठ आचार्य वीरेश चंद्रगुप्त, सुधींद्र सिंह और विजय के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश परीक्षा का परिणाम 1 अप्रैल 2026 को घोषित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 101 जोड़े

**सौरिख, कन्नौज।** सौरिख क्षेत्र के खड़िनी स्थित किरन मैरिज लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 101 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिनमें चार जोड़े मुस्लिम समुदाय के भी शामिल रहे। कार्यक्रम में तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत और मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत है और लोगों द्वारा इसे अपनाया जाना इसकी सफलता का प्रमाण है। मुख्य विकास अधिकारी ने भी सभी वर-वधुओं को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि योजना के तहत प्रति जोड़ा एक लाख रुपये खर्च किए जाते हैं।


**नाम स्पष्टीकरण सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मेरा नाम Suhel Albi (जैसा कि आधार कार्ड और पैन कार्ड में अंकित है) है। मेरी कुछ शैक्षणिक प्रमाण पत्रों / मार्कशीट में मेरा नाम Mohammad Suhel Alvi अंकित है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मेरा सही और मान्य नाम Suhel Albi ही माना जाएगा।

**दिनांक:14-03-2026**
**पता: मोहल्ला नेहरू नगर समधन जनपद कन्नौज उत्तर प्रदेश**
**हस्ताक्षर: सुहेल अलबी**

# शोषित वंचित समाज के मसीहा थे बाबा साहब: डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

**▸ पीडीए दिवस के रूप में मनी कांशीराम की 92वीं जयंती**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभा भवन में समाजवादी पार्टी द्वारा बहुजन आंदोलन के महानायक कांशीराम की 92वीं जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भंते अनुरुद्ध एवं सपा नेताओं ने कांशीराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। समाजवादी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सपा प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि कांशीराम के मन में एक पीड़ा थी कि शोषित वंचित समाज अपने हक और हुकूक की लड़ाई को लड़े और उसे प्राप्त करे, अगर वो समाज की चिंता न करते तो उनकी एक अच्छी-खासी जिंदगी थी, क्लास वन अफसर थे, अच्छी तरह जीवन जी सकते थे, जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को सफल बनाएं, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि कांशीराम के अधूरे मिशन को आज राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूरा करने का काम कर रहे हैं, हमें गर्व है राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीडीए फार्मूला के तहत सभी जातियों को टिकट से लेकर पार्टी संगठन तक में हिस्सेदारी देने का काम किया है। लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि कांशीराम कैडर की राजनीति के जनक थे। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और कांशीराम का सपना था महिला घूंघट मुक्त हो, राजनैतिक हिस्सेदारी को समझे और अपनी आवाज को देश के सामने रखे। रामसेवक सिंह यादव ने कहा ने कहा कि बाबा साहब का बताया रास्ता ही हमें जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी दिला सकता है। और उसी रास्ते पर आज समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जी चल रहे हैं। पूर्व विधायक अजीत कठेरिया ने कहा कि आज भी पीडीए समाज अगर नहीं जागा तो वो दिन दूर नहीं जब पुनः गुलामी की जंजीरों में जकड़े जाओगे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, पूर्व चेयरमैन हरीश यादव, जिला प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामविलास माथुर, मुन्ना यादव एड., मंदीप यादव, रामशरण कठेरिया, डॉ.रामकृष्ण राजपूत, भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, इलियास मंसूरी, जिलाध्यक्ष युवजन सभा शिवम यादव, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा साजिद अली, जिला उपाध्यक्ष डॉ. नवरंग सिंह यादव, अमन सूर्यवंशी, अनुराग यादव, इजहार खान, राजेंद्र सिंह पाल आदि वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए।

इस दौरान अविनाश सिंह (विक्की), जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला सचिव विजेंद्र सिंह यादव प्रधान, अशोक अम्बेडकर, जितेंद्र यादव सिरौली, शीटू यादव, अरविंद कश्यप, जुल्फिकार अब्बास जैदी, मुख्तार आलम आदि पदाधिकारी साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश अम्बेडकर ने किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रदेश सचिव डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव


कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव, विजय यादव, जिलाध्यक्ष आदि

# क्षेत्रीय विधायक के पति व उनके समर्थकों पर मारपीट करने का आरोप

**▸ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

कताई मिल परिसर में हुए एक विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले में एक ट्रैक्टर चालक ने क्षेत्रीय विधायक के पति व उनके समर्थकों पर मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना को लेकर पुलिस के पास शिकायत पहुंची है और मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी किशन लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पुत्र अखिलेश उर्फ लालू सूत मिल परिसर से ट्रैक्टर के माध्यम से मलबा ढोने का कार्य करता है। उनका कहना है कि शनिवार की शाम करीब चार बजे कुछ लोग मौके पर पहुंचे, जिनमें विधायक के पति डॉ. अजीत गंगवार भी बताए जा रहे हैं। आरोप है कि मौके पर कहासुनी के बाद उनके पुत्र के साथ मारपीट की गई और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना के दौरान मौजूद कुछ युवकों ने भी ट्रैक्टर चालक के साथ हाथापाई की, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद उसने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं डॉ. अजीत गंगवार का कहना है कि उन्हें क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिली थी, जिसके बाद वे स्थिति की जानकारी लेने वहां पहुंचे थे। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बताया है। कंपिल थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि मामले में शिकायत प्राप्त हुई है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


युवकों में होता विवाद

# दुकान से चोरों ने नकदी व सामान किया पार

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

पेड़ के सहारे छत से दुकान में घुसे चोरों ने सामान व नगदी चोरी कर ले गए। दुकान खोलने पर दुकानदार को घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव खेतलपुर सौरिया निवासी विनीत चौहान उर्फ श्यामू की बीज भंडार की दुकान कंपिल अलीगंज मार्ग पर कटिया रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित है। प्रतिदिन की तरह शनिवार देर शाम युवक दुकान में ताला लगाकर घर चला गया। किसी पहर चोर दुकान के पीछे खड़े पेड़ के सहारे चोर छत पर चढ़कर सीढ़ियों में लगा गेट का ताला तोड़कर घुस गए। चोरों ने दुकान में रखा लगभग 80 हजार का समान व बारह हज़ार की नगदी चोरी कर ले गए। चोर पिलर में लगी सरिया के सहारे छत से निकल गए। रविवार सुबह दुकान खेलने पर घटना की जानकारी हुई।

मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।


जांच पड़ताल करती पुलिस व मौजूद दुकानदार व अन्य

# एस.आई. भर्ती परीक्षा के अंतिम दिन डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा


म्यूनिसिपल इंटर कालेज परीक्षा केंद्र का जायजा लेते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी उनके साथ उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज फतेहगढ़ व के.आर0 रस्तोगी इंटर कॉलेज फर्रूखाबाद का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाए तथा बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सतर्कता बनाए रखें तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इस अवसर पर संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा परीक्षा केन्द्रों के प्रभारी भी उपस्थित रहे।

# लम्बित मांगों व बकाये को लेकर कताई मिल के श्रमिकों का फूटा गुस्सा

**▸ मिल के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ बुलंद की आवाज**

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल से जुड़े श्रमिकों का वर्षों से चला आ रहा असंतोष रविवार को खुलकर सामने आ गया। अपनी लंबित मांगों और बकाया भुगतान को लेकर श्रमिकों ने मिल के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। 'उप्र सहकारी कताई मिल संयुक्त संघर्ष मोर्चा' के बैनर तले आयोजित इस बैठक में सैकड़ों श्रमिक शामिल हुए और 15 सूत्रीय मांग-पत्र प्रशासन को सौंपा गया। बैठक का नेतृत्व मोर्चा के महामंत्री मानसिंह ने किया। उन्होंने बताया कि मांगपत्र लेने के लिए तहसीलदार के आने की सूचना थी, लेकिन उनके न पहुंचने पर श्रमिक प्रतिनिधियों ने यह पत्र कंपिल थानाध्यक्ष नितिन कुमार को सौंप दिया। श्रमिकों ने उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक गंभीरता से पहुंचाया जाएगा। मोर्चा के अध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा द्वारा हस्ताक्षरित मांगपत्र में श्रमिकों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं। श्रमिकों का कहना है कि मिलों में बिना अनुमति के 'ले-ऑफ' लागू कर दिया गया, जिससे उन्हें लंबे समय तक बैठकी झेलनी पड़ी। ऐसे में उस अवधि का पूरा वेतन, बोनस और बकाया भुगतान 9.5 प्रतिशत ब्याज के साथ दिया जाना चाहिए। साथ ही कुछ मिलों में 30 प्रतिशत वेतन कटौती के साथ कार्य कराया गया, जिसका बकाया अब तक नहीं दिया गया है। श्रमिकों ने वर्ष 2019 में लागू की गई वीआरएस और ग्रेच्युटी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि यह प्रक्रिया नियमों के अनुरूप पूरी नहीं की गई और कई कर्मचारियों को उनका पूरा हक नहीं मिल सका। ऐसे में सभी लंबित देयकों का भुगतान ब्याज सहित किया जाना चाहिए। कम्पिल स्थित मिल के कर्मचारियों के संदर्भ में यह भी बताया गया कि भविष्य निधि (पीएफ) की राशि फंड कमिश्नर के आदेश के बावजूद करीब ढाई वर्षों से जमा नहीं कराई गई है। इसके अलावा मृतक श्रमिकों की विधवाओं को भी अन्य कर्मचारियों की तरह पेंशन का लाभ देने की मांग की गई।

मांगपत्र में श्रमिकों ने यह प्रस्ताव भी रखा कि यदि बंद पड़ी मिलों की जमीन पर नया उद्योग लगाया जाता है तो श्रमिक परिवार के एक सदस्य को योग्यता के आधार पर रोजगार दिया जाए। वहीं यदि उस जमीन पर आवासीय कॉलोनी बनाई जाती है तो श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जाए।

मोर्चा ने यह भी कहा कि किसानों को देरी से भुगतान होने पर 12 प्रतिशत ब्याज दिए जाने की व्यवस्था है, इसलिए श्रमिकों के बकाया भुगतान पर भी इसी प्रकार का उचित ब्याज दिया जाना चाहिए। साथ ही कार्य के दौरान दुर्घटना में दृष्टि गंवा चुके श्रमिकों के लिए यूएएन नंबर जारी कराकर सरकारी सहायता दिलाने की मांग भी उठाई गई। श्रमिक संगठनों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया।


मिल गेट पर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी

# जनपद स्तरीय जूनियर बालक-बालिकाओं की बाक्सिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय जूनियर बालक/ बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुशांत गुप्ता, लक्ष्मण अवार्डी ताइक्वांडो द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन 46 किलो भार वर्ग में दीपक प्रथम, राजन द्वितीय तथा अभिमान तृतीय रहे। 48 किलो भार वर्ग में श्याम सुंदर प्रथम, भानू प्रताप द्वितीय तथा आदित्य चौहान तृतीय रहे। 50 किलो भार वर्ग में रजत प्रथम, ध्रुव कश्यप द्वितीय तथा अभिनव राय तृतीय रहे। 52 किलो भार वर्ग में सचिन प्रथम, प्रशांत द्वितीय तथा कृष्णा तृतीय रहे। 54 किलो भार वर्ग में अनुराग चौरसिया प्रथम, सम्यक सिंह द्वितीय रहे। 57 किलो भार वर्ग में विशेष प्रथम, निमेश वर्मा द्वितीय तथा समीर तृतीय रहे। 60 किलो भार वर्ग में अर्जुन बाथम प्रथम, अगस्तया द्वितीय तथा आदित्य तृतीय रहे। 63 किलो भार वर्ग में आयुष प्रथम, अभिनव द्वितीय तथा वैभव तृतीय रहे। 66 किलो भार वर्ग में सत्यम प्रथम, रुद्र सिंह द्वितीय रहे। 80 किलो भार वर्ग में शरद प्रथम, अर्जुन सिंह द्वितीय तथा रचित माथुर तृतीय रहे। बालिका वर्ग 46 किलो भार वर्ग में सर्वग्या प्रथम, दीपा द्वितीय, 48 किलो भार वर्ग में अन्नु प्रथम, संजना द्वितीय तथा 54 किलो भार वर्ग में अन्नया प्रथम तथा निधि द्वितीय रहीं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका पूनम शर्मा, संजीव कटियार, अरूण यादव, सचिन सिंह, कुलदीप शर्मा, करन कुशवाहा, निशा परिहार, काजल साहू, सुशान्त गुप्ता, सत्यम मिश्रा ने निभाई। इस अवसर पर योगेश शुक्ला, सचिव जिला एथलेटिक्स संघ फर्रुखाबाद स्टेडियम के साथ समस्त कर्मचारियों का सहयोग मिला। प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता खिलाड़ियों का पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 16.03.2026 को दोपहर 03:00 बजे से मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किया जायेगा।


बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते सुशांत गुप्ता आदि

# डंपर ने तीन बाइक सवारों को रौंदा, मौके पर मौत

**▸ सुबह जानकारी होने पर थाने पहुंचे मृतकों के परिजन**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

तीन बाइक सवार युवकों को डंपर ने रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षत विक्षत शवों को एकत्र कर कब्जे में लिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि करीब 12.30 बजे जनपद एटा के नया गांव के गांव कुड़ा नावर निवासी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र कमलेश उम्र 18 वर्ष, निशु पुत्र कैलाश उम्र 15 वर्ष, अर्पित पुत्र मान सिंह उम्र 20 वर्ष एक ही बाइक पर सवार होकर फर्रुखाबाद की तरफ से नवाबगंज की ओर आ रहे थे। जैसे ही वे नवाबगंज चौराहे पर पहुंचे मोहम्मदाबाद मार्ग की ओर से आ रहे तेज डंपर ने राजस्थान नंबर आरजे27जीसी9151 गिट्टी लदे डंपर ने रौंद दिया। जिससे युवक करीब 100 मीटर घसीटते हुए चले गये। आगे जाकर डंपर एक पाकड़ के पेड़ को उखाड़कर दुकान में जा घुसा। दुकान के बाहर टीनशेड में खड़ी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर थाना अध्यक्ष राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शवों की स्थिति इतनी भयानक थी कि उनको इकट्ठा करना पुलिसकर्मियों को मुश्किल पड़ गया। बाइक नंबर के अनुसार पुलिस ने सोशलमीडिया का सहारा लिया। तब जाकर के रविवार को सुबह परिजन थाने पहुंचे। उन्होंने शवों की शिनाख्त की। मृतक आपस में चचेरे भाई थे। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि चौराहे पर ब्रेकर न होने के कारण आए दिन रोज हादसे होते रहते हैं। लोगों ने मांग की कि चौराहे पर हाई मास्क लाइट लगाई जाए। 100 मीटर की दूरी पर ब्रेकर बनाये जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जायें, ताकि की घटना की सही सटीक जानकारी मिल सके। पुलिस ने डंपर व क्षतिग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। बताते हैं कि तीनों मृतक शाम लगभग 8 बजे खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे। अर्पित के पिता मान सिंह व निशू के पिता कैलाश दिल्ली रह कर काम कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि थाना नवाबगंज के गांव कलौली महबूल्लापुर में अर्पित की ननिहाल है। आशंका जताई जा रही है कि अर्पित अपने साथियों के साथ अपनी ननिहाल गए थे। कलौली निवासी मामा सेवाराम ने जानकारी दी कि ये तीनों लोग ननिहाल नहीं पहुंचे थे। फिर सोचने की बात है कि ये लोग फर्रूखाबाद मार्ग से कहां से हो कर आ रहे थे। यह अभी रहस्य बना हुआ है। अर्पित व निशू के चाचा सुनील ने बताया कि 5 मई को अर्पित की शादी फर्रूखाबाद के जहानगंज थाना क्षेत्र की एक लड़की से होने वाली थी। उसकी तैयारियां चल रही थीं।


मृतकों के फाइल फोटो


थाने में मौजूद मृतक के परिजन


दुर्घटना के बाद पेड़ में घुसा डंपर

# डॉ. बी.पी. अग्रवाल शिक्षा निकेतन में द किडिवर्स कार्निवाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डॉ0 बी.पी. अग्रवाल शिक्षा निकेतन कल्याण कुंज याकूतगंज में द किडिवर्स कार्निवाल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शैलेंद्र मोहन कटियार कस्टम सुपरीटेंडेंट एवं प्रबन्धक डॉ0 बी.पी. अग्रवाल द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन के साथ हुआ।

इस मौके पर बच्चों ने मुख्य अतिथि के स्वागतार्थ हुमैमा एवं श्रेया के द्वारा अत्यंत भावपूर्ण स्वागत गीत द्वारा प्रस्तुत किया गया। त्पश्चात विद्यालय के छोटे-छोटे शिशुओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों चमत्कृत कर देने वाले नृत्य, भाव विभोर कर देने वाले गायन की शानदार प्रस्तुति के साथ अपनी-अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आगंतुकों ने कूपन काउंटर से कूपन खरीद कर बच्चों द्वारा लगाए गए स्वल्पाहार काउंटर्स पर चटपटी टिक्की, भेलपुरी, चाऊमीन, फ्रेंच फ्राइज, मोमोज, पाव भाजी, पिज़्ज़ा, कुल्हड़ वाली वर्फ, सॉफ्ट ड्रिंक, पेटीज, पॉपकॉर्न आदि का आनंद लिया।

बच्चों ने अनेक फन गेम्स जैसे निशानेबाजी, रिंग टास, बैलेंस द बॉल, मैजेस्टिक बॉक्स, बिंदिया चमकेगी, कसीनो आदि में अपने-अपने हस्तकौशल को आजमाते हुए आनंद लिया। बच्चों ने एरीना क्षेत्र में घुड़सवारी सवारी का भी आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा का आयोजन हुआ जिसमें अनेक लोगों ने पुरस्कार जीतकर अपने को गौरवान्वित महसूस किया। मुख्य अतिथि शैलेंद्र मोहन कटियार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को मेहनत करने तथा अभिभावकों को अपने बच्चों के प्रति उनके उत्तरदायित्व का बोध कराते हुए संदेश दिया की बच्चों का समग्र एवं बहुमुखी विकास शिक्षक और अभिभावक के सम्मिलित प्रयास से ही संभव है। अभिभावकों को अपने कर्तव्य और उत्तरदायित्व का निर्वहन अवश्य करना चाहिए।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते विद्यालय के प्रबंधक

कार्यक्रम के समापन से पहले पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जूनियर नृत्य पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार कक्षा 3 की छात्रा ईशानी, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 3 की छात्रा आरुषी, तृतीय पुरस्कार कक्षा 2 की बेबी इफ्रा प्रशंसा पुरस्कार कक्षा 1 की रुद्रिका ने प्राप्त किया। सीनियर नृत्य पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार कक्षा 5 की आन्वी शुक्ला, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 10 की अनन्या सिंह, तृतीय पुरस्कार कक्षा 9 की दृष्टि ने प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जूनियर गायन पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार कक्षा 4 की हुमैमा खान, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 2 की दिव्यांशी, तृतीय पुरस्कार कक्षा चार की श्रेया ने प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सीनियर गायन पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार कक्षा 10 की दीप्ति, द्वितीय पुरस्कार कक्षा 7 की नैंसी ने प्राप्त किया। प्रबंधक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के निर्देशक डॉ0 विशाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के समस्त शिक्षकों, आफिस कार्यकर्ताओं एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण योगदान दिया।



कलश यात्रा निकालतीं सिंधी समाज की महिलायें

## झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सिंधी समाज की महिलाओं ने शहर के मुख्य मार्गो से कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर पर आरती पूजन के साथ 5 :30 पर प्रारंभ हुई। जो मठिया देवी, चौक, किराना बाजार होते हुए पक्का पुल सिंधी धर्मशाला पर यात्रा की समाप्ति हुई। यात्रा में मुख्य रूप से रजनी लॉन्गानी, लाज बजाज, हर्ष बुधवानी, गरिमा लॉन्गानी, योगिता तलवानी, अनिता बजाज, लता गंगवानी, अलीना कृपलानी, बिना गबरानी, कोमल ओचानी, ज्योति जसवानी, अंजना कुंदानी, सोना गबरानी, हर्षिता जेठवानी, सावित्री शिवानी, सहित सिंधी समाज की एक सैकड़ा महिलाएं मौजूद रहीं।

## पाल सेना के होली मिलन में उमड़ी भीड़, एकजुटता पर दिया बल



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अहिल्याबाई होल्कर पाल सेना के तत्वावधान में आयोजित होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध जादूगर गोगा जादूगर ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। समारोह का आयोजन पूर्व मंत्री सतीश पाल, महंत ईश्वरदास महाराज, सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद वर्मा, विधायक सुशील शाक्य, जिला महामंत्री डीएस राठौर और पाल सेना प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज पाल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सतीश पाल ने कहा कि पाल समाज किसी से कुछ मांगता नहीं है, बल्कि अपने दम पर आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि जनपद में जल्द ही अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी। वहीं सांसद मुकेश राजपूत ने समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। महंत ईश्वरदास महाराज ने कहा कि पाल समाज सबसे सरल और सीधे स्वभाव का समाज है तथा पाल सेना लगातार समाज के हित में कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष आशाराम पाल, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री शिवम दुबे, जिला मंत्री अभिषेक वाथम, सेंट्रल जेल व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश गुप्ता, महामंत्री डॉ. संजीव त्रिपाठी, अवनीश कुमार, मीनाक्षी पाल, दुलारे लाल पाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में द्वितीय प्रवेश परीक्षा संपन्न



परीक्षा में भाग लेते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में आज कक्षा नर्सरी से नवम तक की द्वितीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 68 छात्रों का पंजीकरण हुआ था। यह परीक्षा प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ हुई। इस परीक्षा में 55 छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परीक्षा का परिणाम मंगलवार 18 मार्च 2026 को घोषित किया जाएगा।

## मौसम में बदलाव से ठंडक बढ़ी किसानों को फसल की चिंता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। तेज हवाएं चलीं और आसमान में बादल छा गए। सुबह करीब 5 बजे हल्की बूंदाबांदी भी हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। हालांकि 10 बजे एक बार फिर से हल्की बूंदाबांदी हुई। यह बूंदाबांदी केवल फर्रुखाबाद शहर तक सीमित नहीं रही, बल्कि राजेपुर, अमृतपुर और कायमगंज जैसे आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की फुहारें पड़ीं। इन मौसमी गतिविधियों के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, इस मौसम परिवर्तन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय खेतों में गेहूं, सरसों और तंबाकू जैसी फसलें खड़ी हैं। किसानों को आशंका है कि यदि बारिश तेज हुई तो उनकी फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। किसान रामवीर ने बताया कि गेहूं की फसल लगभग पकने वाली है, और अन्य फसलों का भी यही हाल है। ऐसे में बारिश होने से फसल की गुणवत्ता और उपज दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रविवार को न्यूनतम तापमान 19.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस रहा।



हल्की बूंदाबांदी से नम हुई सड़क

## खबरें एक नजर में

### रोटरी क्लब के मण्डलायुक्त का हुआ स्वागत



**मसौली बाराबंकी।** रोटरी मंडल 3120 के मंडलाध्यक्ष डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल का जनपद में प्रथम बाराबंकी आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व अध्यक्ष व मीडिया कोऑर्डिनेटर गिरीश अरोड़ा ने बताया कि अध्यक्ष डॉक्टर राजेश मोहन के आवास पर हुए इस स्वागत समारोह में क्लब के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें और सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। अध्यक्ष डॉ राजेश मोहन व सचिव डॉक्टर विमल बैसवार ने इस सत्र में रोटरी क्लब बाराबंकी द्वारा किए गए कार्यों का लेखा-जोखा डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल को प्रस्तुत किया। मंडल अध्यक्ष ने रोटरी क्लब बाराबंकी द्वारा किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने क्लब के सदस्यों को रोटरी इंटरनेशनल द्वारा संचालित परियोजनाओं की जानकारी दी व आवाह्न किया कि वह अपने साथ और भी बाराबंकी के गणमान्य नागरिकों को रोटरी क्लब में शामिल करें जिससे रोटरी क्लब बाराबंकी द्वारा किए जा रहे कार्यों को और गति मिले। इस अवसर पर पूर्व मंडलाध्यक्ष के के श्रीवास्तव, सह मंडलाध्यक्ष पीयूष सिंह, डीजीआरएच डॉ सुधीर वर्मा, संस्थापक सदस्य डॉ रवि आहूजा अरविंद गुटगुटिया, निवर्तमान अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, संजय निगम, सरदार हरपाल सिंह, जयकुमार जैन, मनोज जैन, डॉक्टर आभा वर्मा, रजनी वर्मा, कुसुम जैन, ममता चंद्रा, सुनील वर्मा, गिरीश अरोड़ा, सरदार रविंद्र सिंह, जागेश अग्रवाल, साधना वर्मा, बबिता बैसवार, जयश्री गुटगुटिया आदि मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1443 मरीजों को मिला उपचार

**बलरामपुर।** जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 1443 मरीजों को उपचार मिला। लाभार्थियों में 678 पुरुष, 589 महिलाएं और 176 बच्चे शामिल रहे। मेलों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र व दंत रोगों की जांच, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, टीकाकरण तथा नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया गया। साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर और हरिहरगंज में आयोजित मेलों का निरीक्षण किया।

### नहीं ढके खोदे गए गड्ढे, मंडरा रहा हादसे का खतरा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** विकासखंड मुजेहना क्षेत्र के राजगढ़–मोतीगंज मार्ग पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की लापरवाही से राहगीरों के लिए खतरा पैदा हो गया है। सड़क किनारे विभाग द्वारा खुदवाए गए गड्ढों को अब तक नहीं ढका गया है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों में हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार राजगढ़–मोतीगंज मार्ग की सड़क तो ठीक स्थिति में है, लेकिन सड़क के किनारे गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं। करीब 5 महीने बीतने के बावजूद इन गड्ढों को भरने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कई जगह मिट्टी हटने से गड्ढे और गहरे हो गए हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग काफी खतरनाक बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय या तेज रफ्तार में आने वाले वाहन चालकों को गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। लोगों का आरोप है कि विभाग द्वारा खुदाई कराए जाने के बाद गड्ढों को ऐसे ही छोड़ दिया गया है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक इन्हें भरवाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## क्षत्रिय महासभा का जिलाध्यक्ष बनने पर महेश पाल सिंह 'उपकारी' का हुआ अभिनंदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर महेश पाल सिंह सोमवंशी 'उपकारी' का सम्मान समारोह आयोजित कर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न किसान नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। यह कार्यक्रम भारतीय किसान यूनियन भानु के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास अग्निहोत्री ने की। बैठक के संयोजक अमरीश शुक्ला,जिलाध्यक्ष जगपाल राठौर ने सभी को सम्मानित किया। बैठक के दौरान नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष महेश पाल सिंह 'उपकारी' को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।



महेश पाल सिंह सोमवंशी 'उपकारी' का अभिनंदन करते किसान नेता

वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाजहित के कार्यों को गति मिलेगी। यह आयोजन नरेंद्र बाबू राठौड़ के फार्म हाउस पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, किसान नेता और समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में संरक्षक अनुराग अग्रवाल, अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह, श्रीपाल सिंह, हरभान सिंह तथा युवा कवि एवं मंच संचालक वैभव सोमवंशी सुभग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए कराई गई परीक्षा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही भारत साक्षरता योजना के तहत खंड शिक्षण अधिकारी के निर्देशन में विकास खंड क्षेत्र के विद्यालयों में साक्षरता अभियान के तहत परीक्षा कराई गई।

नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कस्बा नवाबगंज तथा आसपास क्षेत्र के विद्यालयों में आज शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही साक्षरता योजना के तहत विद्यालय प्रांगण में अशक्षर को साक्षर बनाने के लिए केंद्र व्यवस्थापक संजीव रंजन के नेतृत्व में अध्यापक प्रशांत कटियार तथा वसीम अख्तर ने असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए परीक्षा कराई। उन्होंने बताया कि आज समस्त विकास खंड क्षेत्र के विद्यालयों में असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए परीक्षा कराई गई। इस दौरान कई असाक्षर महिलाओं ने परीक्षा दी। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय कस्बा नवाबगंज के प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, वसीम अख्तर आदि लोग मौजूद रहे।



परीक्षा कराते शिक्षक प्रशांत कटियार

## लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर बनें आत्मनिर्भर: विकास राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के रतनपुर पमारान में आयोजित एक सभा के दौरान भाजपा नेता विकास राजपूत ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर वर्ग के लोगों के लिए कई प्रकार की लोन एवं जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाने के लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है।

सभा में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में अधूरे पड़े मुद्दों को भी उठाया और जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विकास राजपूत ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों के लिए सैकड़ों योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे आमजन को काफी राहत मिल रही है। इन योजनाओं की जानकारी सरकार के विभिन्न विभागों के पोर्टल पर भी उपलब्ध है। सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा नेता विकास राजपूत एवं मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक सुशील शाक्य ने सम्राट अशोक और वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



लोगों को संबोधित करते विकास राजपूत

इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और उन्होंने नेताओं के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को इन योजनाओं के बारे में जानकारी दें और समाज में जागरूकता फैलाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

## शिक्षक परिवार एक सांसारिक परिवार होता है : ब्रजेश दीक्षित



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक समाज का वह दर्पण है जो कभी भी अपनी जिम्मेदारियों से दूर नही हो सकता है शिक्षक ही समाज की आधारशिला है। एक शिक्षक अपने जीवन के अंत तक मार्गदर्शक की भूमिका अदा करता है और समाज को राह दिखाता रहता है, तभी शिक्षक को समाज में उच्च दर्जा दिया जाता है। उक्त विचार रविवार को ग्राम बघौरा में शिक्षक भगवती प्रसाद वर्मा के प्रतिष्ठान पर आयोजित सेवानिवृत शिक्षक अलंकरण समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी होली समारोह को सम्बोधित करते हुए बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश दीक्षित ने कही उन्होंने कहा कि शिक्षक परिवार एक सांसारिक परिवार होता है जो हमेशा को नई दिशा देता है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एव पूर्व भाजपा प्रत्याशी अंबरीश रावत ने कहा कि हमारा सहयोग हमेशा सेवानिवर्त्त शिक्षको के साथ है जरूरत पड़ने पर हम कन्धे से कन्धा मिलाकर शिक्षको का साथ देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संगठन के जिलाध्यक्ष रूप नरायन वैसवार ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ किसी प्रकार का शोषण व भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने शिक्षक वर्ग को मेहनती और दूसरों के पालक वर्ग में भी शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है और इसकी जिम्मेदारी सभी को समझनी होगी।

## कांशीराम ने दलितों को लामबंद कर सत्ता के शिखर पर पहुंचाया: पुनिया

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सांसद आवास ओबरी में मान्यवर कांशीराम जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने कहा कि उन्हे भारतीय राजनीति में दलित पिछडो और अल्पसंख्यको को लामबद्ध कर सत्ता के गलियारो तक पहुंचाने वाले एक महान राजनीतिकार और दूरदर्शी नेता के रूप में याद किया जाता है। उन्होने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारो को जमीन पर उतारने और उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया था आज के दिन देश भर में उनके अनुयायी उन्हे 'साहब' और मसीहा के रूप में याद करते है। उनके द्वारा दिखाये गये समाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प आज भी लोग ले रहे है।



पीएल पुनिया ने कहा कि कांशीराम जी का यह मानना था कि जब तक समाज जागरूक नही होगा तब तक राजनीति में बदलाव नही आयेगा मै उन्हे अच्छी तरीके से जानता हूँ कि उनकी राजनीति बहुत ही स्पष्ट थी उन्होने समझाया कि वोट का अधिकार एक ऐसा हथियार है जिससे 'हुक्मरान' (शासक) बदला जा सकता है और यही उपलब्धि उत्तर प्रदेश में दलित राजनीति को स्थापित किया जिसके परिणाम स्वरूप मायावती जी मुख्यमंत्री बनी।

जयंती के अवसर पर मुख्यरूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन विजयपाल गौतम, आर.डी. राव, के.सी. श्रीवास्तव, अजय रावत, अजीत वर्मा, राम हरख रावत, प्रशान्त सिंह, कौशल किशोर वर्मा, कमल भल्ला, इरफान कुरैशी, माता प्रसाद मिश्रा, मो. अकरम, गोपी कनौजिया, आमिर अय्यूब किद्वाई, अभय गौतम, आनन्द गौतम, रामचन्दर वर्मा, अकील इदरीशी, आदि मौजूद थे।

## मिशन शक्ति: पारिवारिक सौहार्द की दिशा में दो मामले निस्तारित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में पारिवारिक विवादों को आपसी समझ और संवाद के माध्यम से सुलझाने की दिशा में बलरामपुर पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में आयोजित बैठक में दो पारिवारिक विवादों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया गया। परामर्शदाताओं की सक्रिय मध्यस्थता और समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने अपने मतभेद भुलाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में साथ रहने पर सहमति जताई। यह बैठक पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। बैठक के दौरान परिवार परामर्श केंद्र में लंबित पारिवारिक मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें पति-पत्नी के बीच उत्पन्न विवादों को आपसी बातचीत और समझदारी के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। परामर्शदाताओं ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए उन्हें पारिवारिक जीवन में आपसी विश्वास, सम्मान और सहयोग के महत्व के बारे में बताया। समझाइश के बाद दोनों परिवारों ने अपने मतभेदों को समाप्त करने की सहमति व्यक्त की और भविष्य में प्रेम और सौहार्द के साथ जीवन यापन करने का संकल्प लिया।


## बैठक सूचना

**ग्राम पंचायत मिस्तनी, तहसील-कायमगंज,जनपद-फर्रूखाबाद**

**पत्रांक-03 भू.प्र.स. बैठक** **दिनांक- 16.03.2026**


ग्राम पंचायत मिस्तनी के निवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम-बढ़ार व मिस्तनी की बंजर नवीन परती आदि कृषि योग्य भूमि को कृषि कार्य के आवंटन हेतु भू.प्र.स. की अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी की अध्यक्षता में दिनांक 30.03.2026 समय 10:00 बजे को पंचायत भवन मिस्तनी में कृषि भूमि के आवंटन हेतु बैठक का आयोजन होगा। जिसमें सभी ग्रामवासी व सदस्य पात्र लाभार्थी समय पर पहुंचे व कृषि आवंटन बैठक को सफल बनाये।

मंत्री-अनिल कुमार
भू.प्र.स.

अध्यक्ष-राजकुमारी
भू.प्र.स.

## 25 साल बाद शेरपुर के जंगल में लौटे गिद्ध, ग्रामीणों में उत्साह

# पर्यावरण के लिए सुखद संकेत : महेशपुर वन रेंज क्षेत्र में फिर दिखे प्रकृति के 'सफाईकर्मी'



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से क्षेत्र के लिए एक बेहद सुखद और सकारात्मक खबर सामने आई है। महेशपुर वन रेंज और हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर के जंगल में करीब 25 वर्षों बाद गिद्धों का झुंड दिखाई पड़ा है। जंगल क्षेत्र में लगभग 50 गिद्ध एक साथ देखे जाने की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों और पर्यावरण प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से इस इलाके से गायब रहे गिद्धों की वापसी को पर्यावरण संतुलन के लिए एक अच्छा संकेत माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ग्राम शेरपुर के आसपास स्थित वन विभाग के जंगल में शनिवार को ग्रामीणों और किसानों ने पेड़ों पर बड़ी संख्या में गिद्धों को बैठे और उड़ते हुए देखा। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में फैल गई। कई लोग इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए जंगल क्षेत्र की ओर पहुंच गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्षों बाद इतनी बड़ी संख्या में गिद्धों को एक साथ देखना आश्चर्य और खुशी का विषय है।

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार दीक्षित ने बताया कि एक समय था जब शेरपुर गांव के पास वन विभाग के जंगल में सैकड़ों गिद्धों का बसेरा हुआ करता था। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जब भी किसी पशु की मृत्यु होती थी तो थोड़ी ही देर में गिद्ध वहां पहुंच जाते थे और उसे खाकर क्षेत्र को साफ कर देते थे। लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे इनकी संख्या कम होती चली गई और करीब दो से ढाई दशक पहले यह पक्षी यहां से लगभग पूरी तरह गायब हो गए थे। उन्होंने बताया कि अब लंबे समय बाद गिद्धों का झुंड दिखाई देना न केवल क्षेत्र के लोगों के लिए उत्साहजनक है बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी बेहद शुभ संकेत माना जा रहा है। यदि गिद्ध इस जंगल क्षेत्र में दोबारा अपना स्थायी बसेरा बना लेते हैं तो इससे पर्यावरण संतुलन को काफी मजबूती मिलेगी।

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार गिद्ध प्रकृति के सबसे महत्वपूर्ण सफाईकर्मियों में से एक माने जाते हैं। यह मृत पशुओं को खाकर वातावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गिद्धों की संख्या कम होने से कई क्षेत्रों में मृत पशुओं के सड़ने से संक्रमण और प्रदूषण की समस्या भी बढ़ी थी।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग इस क्षेत्र में गिद्धों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करे तो आने वाले समय में यह जंगल फिर से गिद्धों का प्रमुख आवास बन सकता है। वहीं पर्यावरण प्रेमियों ने भी वन विभाग से अपील की है कि इस क्षेत्र की निगरानी बढ़ाकर इन दुर्लभ पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस महत्वपूर्ण पक्षी को देख सकें और पर्यावरण संतुलन बना रहे।

## शौचालय टैंक की खुदाई में मिला चांदी के सिक्कों से भरा मटका

### बंटवारे को लेकर विवाद, पुलिस ने शुरू की जांच



**बिजुआ (लखीमपुर खीरी)।** विकास खंड बिजुआ क्षेत्र के शिवपुरी गांव में शौचालय टैंक की खुदाई के दौरान चांदी के सिक्कों से भरा एक मटका मिलने से गांव में कौतूहल का माहौल बन गया। हालांकि सिक्कों के बंटवारे को लेकर मकान मालिक और मजदूर के बीच विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिवपुरी गांव निवासी कांति देवी पत्नी स्व. होतीलाल अपने घर के बाहर शौचालय निर्माण के लिए टैंक की खुदाई करा रही थीं। खुदाई का काम गांव के ही मुनीश कुमार पुत्र रूपन गौतम कर रहे थे। रविवार को खुदाई के दौरान जमीन के अंदर दबा हुआ एक पुराना मटका मिला। बताया जा रहा है कि जब मटका खोला गया तो उसमें चांदी के कई पुराने सिक्के निकले। सिक्के मिलने की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। इसी बीच सिक्कों के बंटवारे को लेकर मकान मालिक पक्ष और मजदूर के बीच विवाद हो गया। मजदूर मुनीश कुमार का आरोप है कि मटका मिलने के बाद मकान मालिक पक्ष ने सारे सिक्के अपने कब्जे में ले लिए और उसे हिस्सा देने से मना कर दिया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अलीगंज चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से जानकारी ली।

## खबरें एक नजर में

### सपा ने लोहिया ट्रस्ट भवन पर मनाई मान्यवर कांशीराम की जयंती

**कांशीराम दलित पिछडों को किया जागरूक : देवी प्रसाद चौधरी**



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी ने मान्यवर कांशीराम की 92 वीं जयंती व पी0डी0ए0 दिवस जिला कार्यलय लोहिया ट्रस्ट पर जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर नेताओ व कार्यकर्ताओ ने मान्यवर कांशीराम को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दींऔर उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जनपद के कोनेदूकोने से हजारो कार्यकर्ताओं का हुजुम पार्टी कार्यालय मे उमड पडा था। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि संविधान महान समाज सुधारक कांशीराम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। दलितों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष सामाजिक न्याय की इस लड़ाई में हर कदम पर हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा। यह दिन बहुजन समाज को राजनीतिक चेतना देने, उन्हे 'हुक्मरान' बनने के लिए प्रेरित करने और उनके संघर्षो को याद करने के लिए मनाया जाता है। 15 मार्च 1934 को पंजाब के रूपनगर में जन्मे कांशीराम ने पिछड़ा वर्ग के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया। उन्होंने 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी महासंघ (बामसेफ) की स्थापना की। 1981 में दलित शोषित समाज संघर्ष समिति की स्थापना की। 1984 में बसपा का गठन किया। कांशीराम 1991 में यूपी के इटावा से और 1996 में पंजाब के होशियारपुर से लोकसभा सदस्य चुने गए। 1998 से 2004 तक उन्होंने राज्यसभा सदस्य के रूप में भी काम किया। 9 अक्टूबर 2006 को 71 वर्ष की आयु में दिल्ली में उनका निधन हो गया। उनके पदचिह्नो पर चलकर उनके बताये हुए रास्ते पर चलकर दलित और पिछड़े समाज को जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने देश में सामाजिक समानता और वंचित वर्गो के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने पिछड़े, दलित और शोषित वर्गो को राजनीतिक रूप से जागरूक करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके विचार आज भी सामाजिक न्याय की राजनीति के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। श्री चौधरी ने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा से सामाजिक न्याय और समानता की पक्षधर रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि समाजवादी आंदोलन के प्रमुख नेता और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कांशीराम को इटावा से सांसद बनने का अवसर प्रदान किया था, जिसे उस समय सामाजिक न्याय की राजनीति में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया था। जयंती और पी0डी0ए0 कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, आदर्श यादव, पूर्व विधायक जगदम्बा सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, कीर्ति कोल, अशोक यादवॉ आशीष यादव, मुन्नी यादव, रोहित शुक्ला 'लल्लू', गिरधारी पटेल, राजेश भारती, राजेन्दर सिंह पटेल, रामराज पटेल, सतीश मिश्रा, रामजी मौर्य, संजय यादव, सुबाष पटेल, राणा प्रताप सिंह पटेल, दिनेश यादव, जुम्मन खान, डा0 सुनील पटेल, झल्लू यादव, सत्यप्रकाश यादव, रवि सोनकर, आशीष कुमारॉ सियाराम जैसल, इन्दू कुमारी, परवीन बानो, सोकिम अहमद, संतोष गोयलॉ विजय सिंहॉ सूर्यकान्त पटेलॉ शिवपूजन यादवॉ राममिलन यादवॉ मुकुन्द यादवॉ अशोक मिश्राॉ मेवालाल प्रजापतिॉ डा0 देवेन्द्र प्रसादॉ सौरभ सिंहॉ संजय सिंहॉ कान्धा यादवॉ राजेन्द्र यादवॉ निजाम भाईॉ रिजवान अहमदॉ गगन मौर्याॉ विजय मौर्याॉ विनोद सिंहॉ अनीस खानॉ रमाशंकर कोलॉ बलराम यादवॉ श्रेया सोनकरॉ आकांक्षा यादव आदि मौजूद रहें।

### युवक का शव जगदीशपुर बंधी में उतराया

**हलिया (मिर्जापुर )।** लालगंज थाना क्षेत्र में जगदीशपुर गांव निवासी युवक की बंधी में संदिग्ध स्थिति में डूबने से युवक की मौत हो गई। जगदीशपुर गांव के 30 वर्षीय विश्राम शनिवार अपराह्न से लापता थे। सुबह ग्रामीण शौच के लिए पहुंचे तो शव उतराया मिला। शनिवार को अपराह्न से वह संदिग्ध स्थिति में लापता था, स्वजन रात भर खोजबीन करते रहे, रविवार को सुबह युवक का शव बांध के पानी में उतराया मिला। चर्चा है कि युवक को मिर्गी का दौरा पड़ता था इसके पहले भी दौरा पड़ चुका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बंधी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत के बाद तीन मासूम बच्चों और पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### श्रीमद्भगवत कथा श्रवण से मनुष्य की अज्ञानता का होता है नाश : पंडित सूर्य प्रकाश



**हलिया (मिर्जापुर )।** क्षेत्र के रतेह गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को कथा व्यास पंडित सूर्य प्रकाश मिश्र ने भगवान के विभिन्न अवतारों व श्रीकृष्ण जन्म की कथा का भक्तों को अमृतपान कराया। कथावाचक ने कहा जब पृथ्वी पर आसुरी शक्तियों का अत्याचार व अधर्म बढ़ने लगता है तब भगवान पृथ्वी पर अवतरित होकर आसुरी शक्तियों का विनाश कर धर्म की रक्षा करते हैं। भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य की अज्ञानता का नाश हो जाता है शोक और मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। कथा व्यास ने कहा कि द्वापर युग में भगवान ने धर्म की रक्षा के लिए वासुदेव और देवकी के पुत्र के रूप में जन्म लिया। भगवान कृष्ण ने अत्याचारी कंस व अन्य राक्षसों का वध कर पृथ्वी को आसुरी शक्तियों से मुक्त किया। कहा कि भागवत कथा के श्रवण से दुखों से मुक्ति मिलती है और मनुष्य सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भवसागर से पार हो जाता है।कथा के अंत में श्रीमद्भागवत महापुराण की आरती उतारी गई और भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।इस दौरान पंडित हरिशंकर मिश्र, शंभू नाथ मिश्र कथायजमान त्रिवेणी प्रसाद दुबे,अनार कली,ठाकुर प्रसाद दुबे,राम मूर्ति पांडेय,छविनाथ चौरसिया, सुरेश दुबे, धर्मराज चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ व बालिकाओं को किया जागरूक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार गांव में रविवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व महिला हेड कांस्टेबल अनीता जायसवाल द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया।

## भूसा गोदाम में घुसा तेंदुआ, किसान पर किया हमला

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के रननगर गांव में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेंदुआ गांव में घुसकर किसान के फार्म हाउस स्थित भूसा गोदाम में जा छिपा। तेंदुए ने अंदर पहुंचे किसान पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और तेंदुए को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार उत्तर वन रेंज के रननगर गांव निवासी किसान राजन शर्मा के फार्म हाउस परिसर में बने भूसा गोदाम में ग्रामीणों ने एक तेंदुए को घुसते हुए देखा। गांव में तेंदुए के दिखाई देने की खबर फैलते ही आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

बताया जा रहा है कि इसी दौरान राजन शर्मा तेंदुए को देखने और मोबाइल से वीडियो बनाने के लिए गोदाम के अंदर चले गए। गोदाम के भीतर पहले से छिपे तेंदुए ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया। हमले में राजन शर्मा का एक हाथ घायल हो गया। किसी तरह उन्होंने खुद को बचाते हुए गोदाम से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिलाया।

घटना की सूचना मिलते ही तिकुनिया पुलिस और रेंजर भूपेंद्र सिंह डिप्टी रेंजर हरिलाल एसटीएफ जवान सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एहतियातन ग्रामीणों को गोदाम के आसपास जाने से रोक दिया और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित कर दिया। वहीं वन विभाग की टीम तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पकड़ने की रणनीति बनाने में जुटी है।

# शादी के 5 दिन बाद ही बुझ गया घर का चिराग, शराब के नशे में विवाद के बाद विवाहिता की संदिग्ध मौत

- इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में हुई मौत
- मायके पक्ष ने पति व ससुरालियों पर जहर देकर हत्या का लगाया आरोप
- 13 साल पहले हुई थी शादी, तीन छोटे बच्चों के सिर से उठा मां का साया

**लखीमपुर-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के चंदपुरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले राधा के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और फिर उसे जहर देकर मार डाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**भाई की शादी की खुशियां मातम में बदलीं**

मृतका राधा (30) के पिता खुशीराम ने बताया कि उनकी बेटी 9 मार्च को अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए मायके आई थी। घर में उत्सव का माहौल था, लेकिन यह खुशियां ज्यादा दिन नहीं टिक सकीं। 14 मार्च को उसका पति रामू उसे लेने ससुराल पहुंचा। आरोप है कि रामू शराब के नशे में धुत था और वहां उसने विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ता देख राधा का भाई राकेश उसे खुद उसकी ससुराल चंदपुरा छोड़ने गया था।

**ससुराल पहुंचते ही शुरू हुआ 'खूनी खेल'**

परिजनों का आरोप है कि जैसे ही राधा ससुराल पहुंची, वहां उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। इसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला मुख्यालय के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने के मात्र आधे घंटे के भीतर ही राधा ने दम तोड़ दिया।

**पीछे छूट गए तीन मासूम बच्चे**

राधा की शादी करीब 13 वर्ष पहले रामू के साथ हुई थी। इस घटना के बाद से राधा के तीन छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां की मौत के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है और गांव में सन्नाटा पसरा है।

**अब तक की कार्रवाई: पुलिस का पक्ष**

हमें सूचना मिली थी कि एक महिला ने जहर खा लिया है, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। फिलहाल थाना खीरी द्वारा पंचायतनामा की कार्यवाही की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और मायके पक्ष से मिलने वाली तहरीर के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

...... **रोहित दुबे, थानाध्यक्ष (भीरा)**

## मोहम्मदी में भाजपा का चार दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर शुरू

- विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने किया भाजपा प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन



**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी (खीरी)।** उत्तर प्रदेश में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारियां धीरे-धीरे तेज होती दिखाई दे रही हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के उद्देश्य से राज्यव्यापी 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा-अभियान 2026' की शुरुआत की है। लखीमपुर खीरी जिले की 144-मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र में गिरिराज मैरिज लॉन में चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है, जो 14 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई तथा नगर पालिका अध्यक्ष कन्हैया संदीप मल्होत्रा समेत पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रशिक्षण शिविर में संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विभिन्न सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

**कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक और वैचारिक प्रशिक्षण**

प्रशिक्षण शिविर के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक ढांचे, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचारों और पार्टी की नीतियों पर भी चर्चा की गई।

दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री व विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पार्टी की विचारधारा और जनसेवा की भावना का प्रतिनिधि होता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

**डिजिटल माध्यम और जनसंपर्क पर जोर**

शिविर में कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं–जैसे राशन, आवास और स्वास्थ्य योजनाओं–के बारे में जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## औरंगाबाद रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल, शाहजहांपुर रेफर

**बरवर-खीरी।** बरवर-औरंगाबाद रोड पर स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास रविवार दोपहर करीब दो बजे सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए इस हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार बाइक से जा रहे शंभू पुत्र चंदनलाल निवासी ग्राम मूड़ाहूसा बड़ागांव थाना महोली जनपद सीतापुर तथा ओमकार पुत्र मूलचंद निवासी ग्राम पंचपुर थाना महोली जनपद सीतापुर बरवर-औरंगाबाद रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान इंडियन पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी।

सूचना मिलते ही बरवर चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया।

वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ. मयंक मिश्रा ने बताया कि दोनों घायलों की हालत गंभीर थी और पैरों में गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## महराजगंज में इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम से 76 सिलेंडर चोरी

- चौकीदार के घर जाते ही चोरों ने किया हाथ साफ




**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जिले के चौक थाना क्षेत्र में स्थित मिश्रौलिया इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम में बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। गैस की किल्लत के बीच अज्ञात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर 76 गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। चोरी की इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार गोरखपुर जिले के गोला क्षेत्र की निवासी अस्मिता चंद की महराजगंज के मिश्रौलिया में इंडेन गैस एजेंसी का गोदाम है। गोदाम की देखरेख इंचार्ज नागेंद्र करते हैं। रोज की तरह शुक्रवार की रात वह गोदाम बंद कर अपने घर सिवली परसा चले गए थे। शनिवार सुबह करीब आठ बजे जब वह गोदाम पहुंचे तो दरवाजे की स्थिति संदिग्ध नजर आई। दरवाजा खुला देखकर उन्हें चोरी की आशंका हुई। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो गोदाम से बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर गायब थे। बताया जा रहा है कि कुल 76 सिलेंडर चोरी हुए हैं, जिनमें 12 भरे हुए और 64 खाली सिलेंडर शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही निचलौल क्षेत्राधिकारी बसंत सिंह और चौक थानाध्यक्ष ओपी गुप्ता मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। गोदाम की मालकिन अस्मिता चंद ने पुलिस को सूचना देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। वहीं गोदाम इंचार्ज नागेंद्र ने बताया कि घटना के समय गोदाम पर तैनात चौकीदार किसी जरूरी काम से अपने घर चला गया था। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर गोदाम की कुंडी उखाड़ दी और बड़ी संख्या में सिलेंडर चोरी कर फरार हो गए। चौक थानाध्यक्ष ओपी गुप्ता ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है। अभी तक इस संबंध में कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

## झाड़-फूंक के विवाद में मारपीट, घंटों चली पंचायत के बाद हुआ समझौता

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** परतावल कस्बे में रविवार को झाड़-फूंक को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने पर मामला मारपीट तक पहुंच गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को चौकी ले जाकर पूछताछ की। बाद में स्थानीय लोगों की मौजूदगी में घंटों चली पंचायत के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि वह अपने परिवार की समस्याओं के समाधान के लिए वर्ष 1998 से कुशीनगर जिले के कप्तानगंज क्षेत्र के एक सोखा के पास जाता रहा। पीड़ित का कहना है कि झाड़-फूंक और इलाज के नाम पर उससे वर्षों में करीब लाखों रुपये तक लिए गए। कुछ समय पहले सोखा की मौत हो गई, जिसके बाद उसके भतीजे ने भी उसी प्रकार से झाड़-फूंक के नाम पर परेशान करना शुरू कर दिया। रविवार को इसी मामले को लेकर दोनों पक्षों में पिपराइच रोड पर कहासुनी और मारपीट हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से मारपीट होने लगी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को चौकी ले आई, जहां उनसे पूछताछ की गई। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों की मौजूदगी में पंचायत बैठाई गई, जिसमें दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात रखी।

# सीसीटीवी निगरानी में होगी यूपी बोर्ड कॉपियों की जांच

- गुणवत्ता बनाए रखने को प्रतिदिन कॉपियों की संख्या तय




**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होने के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार बोर्ड ने मूल्यांकन कार्य को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं लागू की हैं। नए निर्देशों के तहत हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करने वाले परीक्षक एक दिन में अधिकतम 50 कॉपियां ही जांच सकेंगे, जबकि इंटरमीडिएट स्तर पर यह सीमा 45 उत्तर पुस्तिकाओं तक निर्धारित की गई है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि परीक्षक जल्दबाजी में मूल्यांकन न करें और प्रत्येक उत्तर पुस्तिका का गंभीरता व सावधानीपूर्वक परीक्षण किया जा सके। गौरतलब है कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चली थी। परीक्षा के दौरान नकल पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कड़े इंतजाम किए गए थे, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। पूरे परीक्षा काल में किसी भी परीक्षार्थी को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया। अब उसी पारदर्शिता को बरकरार रखने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में भी विशेष सावधानियां बरती जा रही हैं।

**सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा मूल्यांकन**

जिले में मूल्यांकन कार्य के लिए तीन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक इंटर कॉलेज महराजगंज, महराजगंज इंटर कॉलेज महराजगंज तथा सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कॉलेज महराजगंज शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी, जिससे पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा सके और पारदर्शिता बनी रहे। इसके साथ ही बोर्ड ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मूल्यांकन कार्य में लगे परीक्षक केवल औपचारिकता पूरी करने के उद्देश्य से कॉपियों की जांच न करें और पारिश्रमिक बढ़ाने के लिए जल्दबाजी में अधिक कॉपियां जांचने की कोशिश न करें। इसी को ध्यान में रखते हुए उप प्रधान परीक्षक के लिए भी प्रतिदिन अधिकतम 10 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की सीमा निर्धारित की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि बोर्ड की मंशा है कि मूल्यांकन कार्य पूरी जिम्मेदारी और गुणवत्ता के साथ संपन्न हो। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं और परीक्षकों को भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से छात्रों के परिणाम अधिक विश्वसनीय और निष्पक्ष होंगे, जिससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास दोनों मजबूत होंगे।